

- विदेशी मेट्रो परियोजनाओं के लिए डीएमआरसी ने बनाई नई कंपनी - 12



- सेंसेक्स 1,097 अंक लुढ़का पांच दिन में 4 प्रतिशत गिरावट - 12



- नेपाल चुनाव : भारी बहुमत की ओर बढ़ी बालेंद्र की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी - 13



- मानसिक रूप से मजबूत संजू सैमसन अब हो चुका परिपक्व : रवि शास्त्री - 14


आज का मौसम
32.0⁰ अधिकतम तापमान
18.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.31
सूर्यास्त 06.16

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष चतुर्थी 07:17 उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2083

शनिवार, 7 मार्च 2026, वर्ष 7, अंक 101, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# भारतीय कृषि को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की जरूरत : मोदी

## प्रधानमंत्री बोले- किसान भारत की विविध जलवायु परिस्थितियों का लाभ उठाएं

- वेब गोष्ठी के जरिए प्रधानमंत्री ने देश के किसानों को किया संबोधित
- कहा- कृषि उत्पादों की गुणवत्ता और ब्रांडिंग पर काम करने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को किसानों से भारत की विविध जलवायु परिस्थितियों का लाभ उठाने और उच्च मूल्य वाली फसलों की पैदावार बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसा करने पर देश के कृषि उत्पाद वैश्विक बाजारों में प्रभावी ढंग से प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। कृषि और ग्रामीण परिवर्तन पर बजट के बाद आयोजित एक वेब गोष्ठी को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारतीय कृषि उत्पादों की गुणवत्ता, ब्रांडिंग और मानकों के सभी पहलुओं पर काम करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कृषि विशेषज्ञों, उद्योग और किसानों को एक साथ आना होगा। प्रधानमंत्री ने बजट के बाद अपनी तीसरी वेब गोष्ठी में कहा, आज दुनिया के बाजार खुल रहे हैं और वैश्विक मांग बदल रही है। कृषि को निर्यातोन्मुख बनाने पर अधिक चर्चा करना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि हमारे पास विविध जलवायु है और हमें इसका पूरा लाभ उठाना चाहिए। हम कृषि-जलवायु क्षेत्रों के मामले में समृद्ध हैं। मोदी ने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में काजू, कोको और चंदन सहित उच्च मूल्य वाली कृषि पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि खाद्य तेल और दलहन पर राष्ट्रीय मिशन और प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन सभी कृषि क्षेत्र को मजबूत कर रहे हैं।

उन्होंने जोर देकर कहा, यदि हम उच्च मूल्य वाले कृषि क्षेत्र को बड़े पैमाने पर बढ़ाते हैं, तभी हम अपनी खेती को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी क्षेत्र में बदल सकते हैं। मोदी ने कहा, अगर हम उच्च मूल्य वाली खेती को मिलकर आगे बढ़ाते हैं, तो यह कृषि को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी क्षेत्र में बदल देगा। मत्स्य पालन क्षेत्र पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक है, जहां हमारे विभिन्न जलाशयों और तालाबों में लगभग 4.5 लाख टन मछली का उत्पादन हो रहा है।

उन्होंने कहा कि इसमें 20 लाख टन अतिरिक्त उत्पादन की क्षमता है। प्रधानमंत्री ने समुद्र से जुड़ी नीली अर्थव्यवस्था की क्षमता को उजागर करने के लिए हैचरी, चारे और लॉजिस्टिक में नए कारोबारी मॉडल की जरूरत पर भी जोर दिया।

### मोदी बोले- हमें रसायन मुक्त और प्राकृतिक खेती पर जोर देने की जरूरत

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक हो रही है और समग्र स्वास्थ्य सेवा तथा जैविक भोजन पर उनका विशेष ध्यान है। उन्होंने कहा, हमें रसायन मुक्त और प्राकृतिक खेती पर अधिक जोर देना चाहिए। प्राकृतिक खेती दुनिया भर के बाजारों तक पहुंचने का रास्ता बनाती है। मोदी ने कहा कि कृषि भारत की दीर्घकालिक विकास यात्रा का एक रणनीतिक स्तंभ है, और सरकार ने कृषि क्षेत्र को लगातार मजबूत किया है। उन्होंने कहा, लगभग 10 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से चार लाख करोड़ रुपये से अधिक मिले हैं। उन्होंने पूर्वोत्तर में अगरवुड और हिमालयी राज्यों में शीतोष्ण फलों को बढ़ावा देने के बजट प्रस्ताव पर भी प्रकाश डाला।

# ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण करने तक कोई समझौता नहीं होगा : ट्रंप

वॉशिंगटन/तेहरान, एजेंसी



- पश्चिम एशिया में जंग तेज...ईरान ने इजराइल पर मिसाइलों की 22वीं खेप दागी
- इजराइल और अमेरिका ने ईरान के शिराज शहर पर किए हमले

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पश्चिम एशिया में संघर्ष को समाप्त करने के लिए ईरान के साथ बातचीत की संभावना को खारिज कर दिया हैं। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि ईरान के बिना शर्त आत्मसमर्पण करने तक उसके साथ कोई समझौता नहीं होगा।

ट्रंप ने कहा, उसके बाद, और एक महान एवं स्वीकार्य नेता के चयन के बाद, हम तथा हमारे कई अद्भुत और बहादुर सहयोगी एवं साझेदार ईरान को विनाश के कगार से वापस लाने के लिए अथक प्रयास करेंगे और इसे आर्थिक रूप से पहले से कहीं अधिक बड़ा, बेहतर एवं मजबूत बनाएंगे।

वहीं, अमेरिका-इजराइल के साझा सैन्य अभियान के सातवें दिन तेहरान सहित ईरान के कई अन्य शहरों पर भीषण हवाई हमले जारी रहे। ईरान ने भी इजराइल पर मिसाइलों की 22वीं खेप दागी। ईरान ने कुवैत में भी अमेरिकी मिलिट्री बेस पर हमला बोला और सुसाइड ड्रोन से निशाना बनाया। इस बीच, अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने चेतावनी दी है कि बमबारी और तेज की जाएगी। ईरान ने भी इजराइल पर बड़ा जवाबी हमला किया है। ईरान ने तेल अवीव के ठिकानों को निशाना बनाते हुए बड़ी संख्या में यूएवी (ड्रोन) और खैबर मिसाइलें दागी हैं। अमेरिका ने ईरान के शिराज शहर पर मिसाइल हमले किए जिसमें 20 लोगों की मौत हो गई।

### भारतीय नौसेना की ओर से ईरानी युद्धपोत के बारे में खुफिया जानकारी देने संबंधी दावे निराधार

**नई दिल्ली।** सरकार के शीर्ष सूत्रों ने उन दावों को निराधार और हास्यास्पद बताया कि भारतीय नौसेना ने दो दिन पहले अमेरिकी सैन्य पनडुब्बी द्वारा डुबोए गए ईरानी युद्धपोत के बारे में अमेरिका को खुफिया जानकारी प्रदान की थी। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में अमेरिका को कोई भी जानकारी देने का सवाल ही नहीं उठता और ये दावे पूरी तरह निराधार हैं। अमेरिका ने बुधवार को श्रीलंका के तट पर ईरानी युद्धपोत को डुबो दिया, जिससे ईरान की ओर से तीखी प्रतिक्रिया हुई। ईरान का फ्रिगेट आईरिस देना भारत द्वारा आयोजित बहुपक्षीय नौसैनिक अभ्यास मिलन में भाग लेने के बाद स्वदेश लौट रहा था। इस हमले में कम से कम 87 ईरानी नाविकों की मौत हो गई। यह घटना फारस की खाड़ी के बाहर अमेरिका-ईरान संघर्ष के एक बड़े विस्तार के रूप में देखी जा रही है।

### ईरान ने निहत्थे जहाज पर अमेरिकी हमले की निंदा की

नई दिल्ली। अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा श्रीलंका के तट के पास एक ईरानी युद्धपोत को डुबोए जाने के दो दिन बाद ईरान ने शुक्रवार को चेतावनी दी कि निहत्थे जहाज पर हमले की सजा जरूर दी जाएगी। ईरान का फ्रिगेट आईआरआईएस देना भारत द्वारा आयोजित बहुपक्षीय नौसैनिक अभ्यास मिलन में भाग लेने के बाद स्वदेश लौट रहा था। भारत यात्रा पर आए ईरान के उप विदेश मंत्री सईद खतीबजादेह ने कहा कि आईआरआईएस देना युद्ध की स्थिति में नहीं था और मिलन नौसैनिक अभ्यास से लौट रहा था। उन्होंने कहा कि अमेरिका की यह कार्रवाई अंतर्राष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन है। वह जहाज हमारे भारतीय मित्रों के निमंत्रण पर एक अंतर्राष्ट्रीय अभ्यास में शामिल हुआ था।

## ब्रीफ न्यूज

### धोखाधड़ी पर रियल एस्टेट कंपनी की 200 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी ने घर खरीदारों से कथित धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन जांच के तहत दिल्ली स्थित रियल एस्टेट कंपनी टीडीआई इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की 200 करोड़ रुपये से अधिक की नई अचल संपत्तियां कुर्क की है। अस्थायी रूप से कुर्क की गई संपत्तियों में हरियाणा के सोनीपत जिले के कामासपुर में स्थित 8 .3 एकड़ जमीन और व्यावसायिक इकाइयां शामिल हैं। उसने कहा कि ये संपत्तियां टीडीआई इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (पूर्व में इटाइम प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड) और उसकी सहयोगी कंपनियों के स्वामित्व में हैं। उसने कहा कि कुर्क की गई संपत्तियों का मूल्य 206 .4 करोड़ रुपये आंका गया है।

### गाजियाबाद सबसे प्रदूषित, नोएडा-दिल्ली दूसरे-तीसरे नंबर पर

**नई दिल्ली।** वर्ष 2025-26 की सर्दियों के दौरान गाजियाबाद भारत का सबसे प्रदूषित शहर रहा, जिसके बाद नोएडा और दिल्ली का स्थान था। यह बात 'सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर' (सीआरईए) द्वारा किए गए वायु गुणवत्ता विश्लेषण में कही गई है। पर्याप्त निगरानी डेटा वाले 238 भारतीय शहरों में से 204 शहरों में सर्दियों में पीएम2 .5 की औसत सांद्रता भारत के राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों (एनएएक्यूएस) से ऊपर दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष के 173 शहरों से अधिक है।

# अमेरिका ने भारत को रूसी तेल खरीद के लिए 30 दिन की छूट दी

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी



- वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा- सोच-समझकर उठाया गया अल्पकालिक कदम

ईरान के साथ बढ़ते संघर्ष के बीच अमेरिका ने भारतीय रिफाइनरी कंपनियों को रूसी तेल खरीदने के लिए अस्थायी रूप से 30 दिनों की छूट दी है। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के ऊर्जा एजेंडे के कारण तेल व गैस का उत्पादन अब तक के सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गया है।

वैश्विक बाजार में तेल की आपूर्ति जारी रखने के लिए वित्त मंत्रालय भारतीय रिफाइनरियों को रूसी तेल खरीदने की अनुमति देने के लिए अस्थायी रूप से छूट दे रहा है। उन्होंने कहा कि यह सोच-समझकर उठाया गया अल्पकालिक कदम है और इससे रूसी सरकार को कोई बड़ा वित्तीय लाभ नहीं मिलेगा, क्योंकि यह केवल तेल के उन लेनदेन को अधिकृत करता है जो पहले से समुद्र में फंसे हुए तेल से जुड़े हैं। बेसेंट ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत-अमेरिका का एक महत्वपूर्ण साझेदार है और हमें पूरी उम्मीद है कि नई दिल्ली अमेरिकी तेल की खरीद बढ़ाएगा।

यह अस्थायी कदम ईरान द्वारा वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को अवरुद्ध करने की कोशिश से पैदा हुए दबाव को कम करेगा। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने के कारण भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। अमेरिकी प्रशासन का कहना था कि नई दिल्ली द्वारा तेल की खरीद यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को बढ़ावा देने में मदद कर रही है। पिछले महीने अमेरिका और भारत ने घोषणा की थी कि दोनों देशों के बीच व्यापार पर एक अंतरिम समझौते के लिए एक रूपरेखा तय हो गई है। इसके बाद ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश जारी कर भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क को हटा दिया और यह भी कहा कि नई दिल्ली ने मॉस्को से ऊर्जा आयात बंद करने एवं अमेरिकी ऊर्जा उत्पादों की खरीद बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई है।

### अमेरिकी छूट के बाद भारतीय कंपनियों ने दो करोड़ बैरल रूसी तेल खरीदा



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट से तेल आपूर्ति बाधित होने के बीच भारतीय रिफाइनरी कंपनियों ने अमेरिका से मिली 30 दिन की अस्थायी छूट का फायदा उठाते हुए समुद्र में फंसे रूसी कच्चे तेल की खरीद बढ़ा दी। सूत्रों ने कहा कि भारतीय रिफाइनरों ने लगभग दो करोड़ बैरल रूसी तेल खरीद लिया है, जो अधिकतर गैर-प्रतिबंधित इकाइयों से लिया गया है। रिफाइनिंग कंपनियां इस बारे में कानूनी राय भी ले रही हैं कि क्या अमेरिकी छूट के तहत प्रतिबंधित संस्थाओं से भी खरीद की अनुमति है या नहीं। (विस्तृत कारोबार पेज पर)

# यूपीएससी में 958 उम्मीदवार सफल, अनुज अग्निहोत्री टॉपर

नई दिल्ली, एजेंसी



अनुज अग्निहोत्री

- सिविल सर्विस 2025 का परिणाम जारी
- दूसरे नंबर पर राजेश्वरी का कब्जा
- शीर्ष 25 में 11 महिलाएं और 14 पुरुष शामिल

यूपीएससी द्वारा शुक्रवार को घोषित सिविल सेवा परीक्षा 2025 के परिणाम में एम्स से स्नातक अनुज अग्निहोत्री ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। राजेश्वरी सुवे एम और अकांश ढुल ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया है। अग्निहोत्री ने चिकित्सा विज्ञान को वैकल्पिक विषय के रूप में चुनकर परीक्षा में सफलता हासिल की।

उन्होंने राजस्थान के जोधपुर स्थित एम्स से एमबीबीएस की उपाधि प्राप्त की है। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के रहने वाले अनुज ने कहा कि वह इस उपलब्धि से बेहद खुश हैं। यह एक अविश्वसनीय एहसास है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिवार को देते हुए कहा कि वे ही उनकी प्रेरणा के सबसे बड़े स्रोत रहे हैं। मैं यह उपलब्धि अपने परिवार को समर्पित करता हूं। चेन्नई के अन्ना विवि से इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बीई की डिग्री प्राप्त करने वाली राजेश्वरी ने समाजशास्त्र को अपने वैकल्पिक विषय के रूप में चुनकर दूसरा स्थान हासिल किया। डीयू से बीकॉम की उपाधि प्राप्त करने वाले अकांश ने वाणिज्य और लेखाशास्त्र को अपने वैकल्पिक विषय के रूप में चुनकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। राघव झुनझुनवाला और ईशान भटनागर ने क्रमशः चौथा और पांचवां स्थान प्राप्त किया है। सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2025 पिछले वर्ष 25 मई को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा के लिए कुल 9,37,876 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिनमें से 5,76,793 उम्मीदवार वास्तव में परीक्षा में शामिल हुए थे। मुख्य परीक्षा में कुल 14,161 उम्मीदवार सफल हुए। इनमें से 2,736 उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए चुने गए।

### बरेली की सुरभि यादव ने हासिल की 14वीं रैंक



**बरेली।** सिविल सेवा परीक्षा में बरेली की सुरभि यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 14वीं रैंक हासिल की। उनकी इस उपलब्धि से न सिर्फ उनके परिवार बल्कि पूरे बरेली जिले में खुशी की लहर है। सुरभि ने अपनी 10वीं की पढ़ाई एसआर इंटरनेशनल स्कूल से और 12वीं की शिक्षा आर्मी पब्लिक स्कूल बरेली से पूरी की। इसके बाद वह उच्च शिक्षा के लिए दिल्ली चली गईं, जहां उन्होंने लेडी श्रीराम कॉलेज से इतिहास (ऑनर्स) में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। जामिया मिलिया से परास्नातक किया। सुरभि अपनी सफलता का श्रेय पिता राकेश सिंह को देती हैं। पिता पुलिस सेवा से जुड़े हैं।

### मुंबई और हैदराबाद में अनिल अंबानी के प्रतिष्ठानों पर छापे



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उद्योगपति अनिल अंबानी के समूह की कंपनी 'रिलायंस पावर लिमिटेड' के खिलाफ धन शोधन की जांच के तहत मुंबई और हैदराबाद में कई स्थानों पर शुक्रवार को छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस कंपनी और उसके अधिकारियों से जुड़े लगभग 10-12 ठिकानों पर दोनों शहरों में छापेमारी की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी की करीब 15 टीम छापेमारी की कार्रवाई कर रही हैं। ईडी, कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन के मामले के तहत अनिल अंबानी से जुड़ी कई कंपनियों की जांच कर रही है।

# असम में सुखोई-30 क्रैश, दो पायलट की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

- कार्बी आंगलोंग जिले में विमान हुआ दुर्घटनाग्रस्त



असम के कार्बी आंगलोंग जिले में सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से भारतीय वायुसेना के दो पायलट की मौत हो गई।

भारतीय वायु सेना ने रूस द्वारा निर्मित विमान के लापता होने के एक दिन बाद शुक्रवार को स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुरवेश दुरागकर की मौत की पुष्टि की। इस लड़ाकू विमान ने गुरुवार को प्रशिक्षण उड़ान के लिए जोरहाट एयरबेस से उड़ान भरी थी और कुछ ही समय बाद यह रडार से गायब हो गया था। भारतीय वायु सेना मुख्यालय ने दुर्घटना की जांच के लिए एक जांच समिति गठित करने का आदेश दिया। भारतीय वायु सेना ने कहा कि दोनों पायलटों की मृत्यु पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। अधिकारियों ने बताया था कि गुरुवार शाम सात बजकर 42 मिनट पर विमान से संपर्क टूट गया था।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट दुरागकर की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया।

# ट्रक में घुसी कार, दो दोस्तों की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



- लखनऊ से हरिद्वार गंगा स्नान को जा रहे थे चारों दोस्त, मीरानपुर कटरा में हुआ हादसा

**अमृत विचार:** मीरानपुर कटरा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार खड़े ट्रक से टकरा गई, जिससे कार में सवार चार लोग घायल हो गए। कटरा पुलिस मौके पर पहुंची और चारों को कार का दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला। पुलिस ने चारों को कटरा सीएचसी पर भेजा। डॉक्टर ने चारों घायलों को बरेली रेफर कर दिया। जहां दो युवकों की अस्पताल में मौत हो गई। दोनों मृतक लखनऊ के रहने वाले थे।

लखनऊ के थाना हसनगंज के मोहल्ला डालीगंज निवासी चार दोस्त 28 वर्षीय अमित वर्मा, 27 वर्षीय मान सिंह, 28 वर्षीय राहुल और 27 वर्षीय विशाल ने हरिद्वार जाने का का प्लान बनाया। गुरुवार की रात तीन बजे चारों दोस्त कार से लखनऊ से हरिद्वार जा रहे थे। कटरा क्षेत्र में लखनऊ-दिल्ली मार्ग पर चौधरी ढाबे के सामने अज्ञात बस से टकराकर कार अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक में पीछे से जाकर घुस गई, जिससे कार में सवार चारों दोस्त घायल हो गए। सूचना पर कटरा थाना प्रभारी अवधेश कुमार सिंह फोर्स के साथ मौके पर रात ही में पहुंच गए। पुलिस ने चारों घायलों को बरेली के एक अस्पताल में भेज दिया। गंभीर रूप से घायल अमित वर्मा और मानसिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि घायल राहुल और विशाल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। सूचना पर दोनों मृतक के परिवार वाले बरेली पहुंच गए थे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सड़क हादसे में घायल दो लोगों की बरेली के एक अस्पताल में मौत हो गयी। कार सवार लखनऊ से हरिद्वार जा रहे थे। चालक ट्रक लेकर भाग गया। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कार्यक्रम

लखनऊ में 50 क्यूआरटी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया रवाना

# विकास की पहली शर्त मजबूत कानून सुरक्षा : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लखनऊ में क्यूआरटी बाइक्स के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम में झंडी दिखा पुलिसकर्मियों को रवाना करते मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश पुलिस को मिली 50 क्यूआरटी (क्विक रिस्पॉन्स टीम) दोपहिया वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वाहन होंडा इंडिया फाउंडेशन की ओर से पुलिस विभाग को जन-सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से उपलब्ध कराए गए हैं।

शुक्रवार को लोकभवन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि शासन, प्रशासन और उद्योग जगत मिलकर प्रदेश के विकास और सुरक्षा को नई मजबूती प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास की पहली शर्त सुरक्षा है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने वर्ष 2017 के बाद कानून व्यवस्था में बड़ा परिवर्तन कर राज्य को सुरक्षित प्रदेश के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बताई गई मॉडल पुलिसिंग की अवधारणा- इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी और मोबिलिटी को ध्यान में रखते हुए राज्य में पुलिस व्यवस्था को मजबूत किया गया है।

वर्ष 2017 से पहले पुलिसकर्मियों को पर्याप्त संसाधन और आवासीय सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं थीं, लेकिन अब प्रदेश के 55 जिलों में आधुनिक बैरक और बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

### वाहन बढ़ने से रिस्पांस टाइम हुआ कम

मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि वर्ष 2017 में प्रदेश में पुलिस रिस्पांस व्हीकल (पीआरवी) की संख्या करीब 9,500 थी, जो अब बढ़कर 15,500 से अधिक हो चुकी है। इसी तरह वर्ष 2017 में पुलिस विभाग के पास केवल 3,000 दोपहिया वाहन थे, जबकि आज इनकी संख्या 9,200 से ज्यादा हो गई है। इससे पुलिस का रिस्पांस टाइम कम हुआ है और आपात स्थितियों में त्वरित सहायता पहुंचाना संभव हुआ है।

### पुलिस प्रशिक्षण क्षमता अब 30 हजार

योगी ने बताया कि वर्ष 2017 में पुलिस प्रशिक्षण की क्षमता केवल तीन हजार थी, जिसे बढ़ाकर अब करीब 30 हजार तक किया गया है। वर्तमान में 60,244 पुलिस कांस्टेबलों को प्रदेश के प्रशिक्षण केंद्रों में ही प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में फॉरेंसिक जांच व्यवस्था को भी मजबूत किया गया है। पहले राज्य में केवल दो फॉरेंसिक लैब थीं, जबकि अब उनकी संख्या बढ़कर 12 हो गई है।

न्यूज ब्रीफ

### क्षत्रिय महासभा का होली मिलन समारोह कल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की ओर से 08 मार्च 2026 को दोपहर 12 बजे हथौड़ा बुजुर्ग स्थित महाराणा प्रताप भवन में होली मिलन समारोह आयोजित होगा। यह जानकारी महासभा के कोषाध्यक्ष सेठपाल सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डा सुरेंद्र सिंह राठौर होंगे। उन्होंने सजातीय बंधुओं से समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

### जिला सहकारी बैंक का 87 वां अधिवेशन आज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिला सहकारी बैंक का 87 वां अधिवेशन 07 मार्च को प्रातः 10 बजे से अंटा स्थित अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह में शुरू होगा। मुख्य अतिथि वाणिज्य एवं उद्योग, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद होंगे। जिला सहकारी बैंक चेयरमेन डीपीएस राठौर ने बताया कि स्वयं सहायता समूह के स्टॉल लगेंगे। सुबह 9.30 बजे से रजिस्ट्रेशन होगा।

### दो पक्षों में लाठी चलीं, छह लोग घायल

**निगोही, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम मिलकिया में दो पक्षों में जमकर लाठी चलीं, जिसमें दोनों पक्षों के 6 लोग घायल हो गए। घायलों में बाबूराय, लक्ष्मी, जमुना, राजू, अमरपाल, सीताराम, कला बती आदि शामिल हैं। बताया जा रहा है कि पुरानी रंजिश के चलते पड़ोसी गांव बलरामपुर के लोगों ने हमला किया। पुलिस ने घायलों को निगोही सीएचसी भेज है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सभासद के पिता के निधन पर शोक जताया

**पुवायां, अमृत विचार :** मोहल्ला परशुराम नगर निवासी एवं सभासद अरुण त्रिपाठी के पिता कौशल किशोर त्रिपाठी का शुक्रवार शाम निधन हो गया। उनके निधन की खबर से परिवार और परिचितों में शोक छा गया, परिजन ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार शनिवार दोपहर नगर के रामलीला मैदान के निकट श्मशान घाट पर किया जाएगा। उनके निधन पर नगर के चेयरमैन संजय गुप्ता व जनप्रतिनिधियों और सामाजिक लोगों ने शोक जताया है।

### वरिष्ठ पेंशनर्स सेवा संस्थान का समारोह आज

**शाहजहांपुर।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान के तत्वावधान में 07 मार्च, 2026 को सायं 04 बजे पेंशनर्स कक्ष कोषागार में होली मिलन समारोह मनाया जाएगा। यह जानकारी संस्थान के जिला महामंत्री सत्य प्रकाश तिवारी ने दी।

# होली त्यौहर के बाद लौटना हुआ मुश्किल, ट्रेन में लंबी वेटिंग

## जनरल कोच में पैर रखने की जगह नहीं, यात्री दरवाजा नहीं खोलते, लोकल यात्री परेशान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



होली के बाद वापस जाने वाले यात्रियों की बढ़ी भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** होली पर घर आने के बाद अब वापस लौटने वालों के लिए ट्रेनों में सीटों के लिए मारामारी शुरु हो गयी है। दिल्ली और पंजाब जाने वाली ट्रेनों में 10 मार्च तक वेटिंग तक फुल गयी है। कुछ ट्रेनों में वेटिंग काफी लंबी है। जनरल कोच में पैर रखने की जगह नहीं है। लोग मजबूरन स्लीपर कोच में सफर कर रहे हैं।

4 मार्च की होली से पहले पंजाब, हरियाणा, दिल्ली आदि में काम करने वाले लोग अपने घरों के आ गए थे। अब होली का त्योहार खत्म हो गया है। लोगों को काम पर दिल्ली, पंजाब जाने के लिए तैयारी शुरु कर दी है। कुछ लोग अब ट्रेन से वापस होना शुरु कर दिया है। लोग रिजर्वेशन काउंटर पर आते है कि दिल्ली और पंजाब जाने के लिए किसी ट्रेन में वेटिंग मिल जाए, लेकिन पता चलता है कि 10 मार्च तक वेटिंग तक फुल हो गयी है। दिल्ली जाने वाली लखनऊ-दिल्ली मेल, पद्मावत एक्सप्रेस, काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस, अयोध्या-दिल्ली एक्सप्रेस, सद्भावना एक्सप्रेस आदि ट्रेनों में वेटिंग तक नहीं मिल रही है। इसी प्रकार अप लाइन की पंजाब मेल, चंडीगढ़ एक्सप्रेस, बेममपुरा एक्सप्रेस, दून एक्सप्रेस में भी वेटिंग नहीं मिल रही है। पंजाब, दून और दिल्ली जाने वाली ट्रेनें पीछे से ही जनरल कोच फुल होकर आ रहे हैं और पैर रखने की जगह नहीं है।

कोच के दरवाजे अंदर से बंद कर लेते हैं और यात्री दरवाजा नहीं खोलते है। इस चक्कर में कई यात्रियों की ट्रेनें तक छूट जाती है। लोग तत्काल टिकट के लिए लाइन लगाते हैं और चार टिकट होने के बाद तत्काल टिकट बंद हो जाते हैं। कुल मिलाकर वापसी के लिए लोगों को चिंता सताने लगी है कि कैसे काम पर वापस जाएंगे।

### डिपो ने चार दिन में एक करोड़ 80 लाख कमाए

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** स्थानीय रोडवेज डिपो ने होली के पर्व को लेकर दिल्ली और अजमेर रुट पर बसों की संख्या बढ़ा दी थी। होली पर दिल्ली आदि से आने वालों की संख्या अधिक थी। इधर से दिल्ली आदि जाने वालों की संख्या अधिक नहीं थी। अब दिल्ली वापस जाने वालों की बसों भीड़ बढ़ गयी है। डिपो के वरिष्ठ डिपो प्रभारी सुशील त्रिवेदी ने बताया कि एक मार्च को 27 हजार 273 यात्रियों ने सफर किया और अर्निंग 38 लाख 75 हजार रुपये, 02 मार्च को 33 हजार यात्रियों ने सफर किया, अर्निंग 45 लाख 53 हजार रुपये, 03 मार्च को 24 हजार 696 यात्रियों ने सफर किया, अर्निंग 35 लाख तीन हजार रुपये, 04 मार्च को 11 हजार 587 यात्रियों ने सफर किया, अर्निंग 16 लाख 13 हजार रुपये तथा 05 मार्च को 18 हजार 953 यात्रियों ने सफर किया और 13 लाख 99 हजार रुपये हुई। उन्होंने बताया कि पांच दिन डिपो की अर्निंग एक करोड़ 80 लाख 64 हजार रुपये की अर्निंग हुई है।

## होली पर 10 करोड़ की शराब गटक गए शौकीन

● तीन दिन में खूब हुई बिक्री शराब दुकानों पर रही भीड़

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जिले में काफी लोग शराब के शौकीन है। यह हम नहीं बल्कि आबकारी विभाग के आंकड़े बता रहे हैं। शौकीन लोग होली की बंदी से तीन दिन में दस करोड़ रुपये की अधिक शराब गटक गए है। जो पिछले साल की मुकाबले अधिक शराब की बिक्री है। होली आने से पहले ही शौकीनों ने जमकर रंग वाले दिन बुधवार की बंदी से पहले 01, 02 तथा 03 मार्च की शाम दस बजे तक विदेशी मदिरा और देशी मदिरा की दुकानों से खरीदारी करी।

तीन मार्च को शराब की दुकानों पर रात दस बजे काफी भीड़ लगी रही और शराब की खरीददारी खूब करी। रंग वाले दिन लोग शराब पीकर खूब हुड़दंग मचाया। लोगों ने बंदी के दिन से पहले शराब अपने घर में खरीदकर रख ली थी। निरीक्षक आबकारी सौरभ यादव ने बताया कि जिले में 180 देशी शराब की दुकान और 85 कंपोजिट मदिरा की दुकानें है। एक मार्च से तीन मार्च तक कुल दस करोड़ की अधिक शराब की बिक्री हुई है।

## नूरी मस्जिद में 16वीं तरावीह में कुरआन मुकम्मल



शाहजहांपुर। नूरी मस्जिद तारीन में जश्न ए खत्म-ए-कुरआन में हाफ़िज़ मोहम्मद यूनुस खां को सम्मानित करते हाजी इम्तियाज अली खां व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● रमजान रहमतों और बरकतों का महीना : अब्दुल वकील

महानगर के मोहल्ला तारीन स्थित नूरी मस्जिद में 16 वीं तरावीह में बीती रात कुरआन मुकम्मल होने पर जश्न का आयोजन किया गया। जिसका आगाज मस्जिद के इमाम मौलाना शरीफ खां ने कुरआन की तिलावत से किया। मौलाना अब्दुल वकील खां ने रमजान के महीने की फजीलत बयान करते हुए बताया कि रमजान रहमतों और बरकतों का महीना है। अल्लाह इस महीने में हमारी इबादतों और नेकियों का कई गुना सवाब बढ़ा देता है। हमें ज्यादा से ज्यादा वक्त इबादत में गुजारना चाहिए। उन्होंने कहा कि रमजान में सदका व जकात भी ज्यादा से ज्यादा देना चाहिए।

इस दौरान हाफ़िज़ इस्लाम बरकाती ने नातिया कलाम सुनाया। इस मौके पर कुरआन सुनाने वाले हाफिज मुहम्मद यूनुस खां व मस्जिद के इमाम मौलाना शरीफ खां को मस्जिद कमेटी तथा अन्य लोगों ने नजराना व तोहफों से नवाजा। मौलाना अब्दुल वकील खां ने मुल्क की खुशहाली की दुआ की गई।

इस मौके पर वक़्फ़ सईदिया कमेटी के सदर हाजी इम्तियाज़ अली खां, सैयद मुजीब मियां, पूर्व पालिका अध्यक्ष तनवीर खां, मासूम अली अंसारी, डा मसूद अख़्तर खां, इजहारुल हक उर्फ खान मियां, सुहैल बेग, तसनीम अली खां, मोहम्मद यामीन, मलक हबीबुर रहमान नत्थू खां, जावेद आलम खां आदि मौजूद थे। अंत में हाजी इम्तियाज़ अली खां एडवोकेट ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

## प्रिया सिंह ने आईएएस बनकर जिले का मान बढ़ाया

संवाददाता, तिलहर



प्रिया सिंह।

**अमृत विचार :** पूर्व बीडीओ कृपाल सिंह की धेवती व प्रमोद सिंह की भांजी ने होम मिनिस्ट्री दिल्ली में एकाउंट ऑफिसर पद पर सेवाएं देते हुए यूपीएससी परीक्षा में 45 वीं रैंक हासिल कर परिवार के साथ जिले का मान बढ़ाया।

नगर के मौजमपुर निवासी स्व कृपाल सिंह की बेटी कमलेश चौहान व दामाद रविन्द्र सिंह चौहान की बेटी प्रिया सिंह ने 2022 में होम मिनिस्ट्री दिल्ली में एकाउंट ऑफिसर पद पर ज्वाइनिंग की थी। लेकिन आईएएस ऑफिसर बनने की हसरत बरकरार रही। प्रिया ने यूपीएससी 2025 मेंस परीक्षा में 45 वीं रैंक हासिल कर माता पिता के साथ ही अपने ननिहाल पक्ष को भी हर्षित होने का अवसर प्रदान किया है।

प्रिया सिंह के पिता इलेक्ट्रिकल इंजीनियर पद से रिटायर हो चुके हैं। प्रिया के बड़े भाई शांतनु सिंह चौहान रेडियोलॉजिस्ट हैं। प्रिया की इस उपलब्धि से काशीपुर में माता-पिता व भाई के साथ ही तिलहर में पेट्रोल पंप स्वामी मामा प्रमोद कुमार सिंह सहित परिजनों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## हत्या आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** कोर्ट ने हत्या आदि के मुकदमे एक आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 35 हजार रुपये के अर्थदंड दंडित किया है।

बंडा थाना क्षेत्र के गांव रनमस्तपुर बुजुर्ग निवासी आरोपी राजेश कुमार खेत की मेड़ जोतने पर विवाद के चलते महिला के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा कर घायल कर दिया था। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गयी थी। महिला के पति ने आरोपी राजेश कुमार के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। बंडा पुलिस ने कोर्ट में साक्ष्य प्रस्तुत किए। कोर्ट ने आरोपी राजेश कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए 35 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

# रमजान के तीसरे जुमे को मस्जिदों में उमड़े नमाजी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



महानगर के मोहल्ला बाडूजई की मस्जिद में रमजान के तीसरे जुमे का नमाज अदा करते मुस्लिम नमाजी। ● अमृत विचार

● जामा मस्जिद समेत सभी प्रमुख मस्जिदों में अदा की गई नमाज

**अमृत विचार :** मुकद्दस रमजान के तीसरे जुमे को जिले में जामा मस्जिद समेत अन्य मस्जिदों में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई। मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी। रोजेदारों में सुबह से ही जुमे की नमाज को लेकर भारी उत्साह रहा।

शुक्रवार दोपहर को जुमे की नमाज अदा करने के लिए रोजेदार वक्त से पहले ही मस्जिदों में पहुंच गए। मस्जिद इमामों ने सफे दुरुस्त कराने के बाद जुमे का खुतबा पढ़ा। इसके बाद दो रकअत फर्ज नमाज अदा कराई। नमाज के बाद आपसी भाईचारे और देश में अमन-चैन कायम रहने के लिए दुआएं की गईं, जिस पर सभी नमाजियों ने ''आमीन'' कहा। जामा मस्जिद सहित मोहल्ला मोहम्मद जई, बाबू जई, खलील शर्की, खलील गर्बी, लोधीपुर, अहमदपुर, ख्वाजा फिरोज, बहादुरगंज, अली जई, महमंद हदफ, बाड़ूजई पेशावारी, बारादरी, तारीन जलाल नगर, दिलाजाक, हाथीथान आदि की मस्जिदों में भी जुमे की नमाज अदा की गई। जामा मस्जिद में शहर पेश इमाम मौलाना हुजूर अहमद मंजरी ने, मस्जिद अब्दुल हक में मुफ्ती राहिल रजा मरकजी ने, मस्जिद मलकों वाली एक मीनार में हाफिज इमरान रजा कादरी, ऊंची मस्जिद में मौलाना फारूक रजा, मस्जिद नेमत शाह में मौलाना आदिल रजा नूरी ने रमजान और रोजे की फजीलत और जकात की अहमियत पर रोशनी डाली। नमाज के बाद नमाज के बाद इमामों ने मुल्क की खुशहाली की दुआ की।

वहीं, दूसरी ओर जलालाबाद, निगोही, पुवायां, खुटार, बंडा, तिलहर, कटरा, खुदागंज, कांट, कलान, मिर्जापुर आदि में भी रमजान के तीसरे जुमे को मस्जिदों में नमाज अदा करने को लेकर रोजेदारों की जबरदस्त भीड़ रही। शांति और सुरक्षा की दृष्टि से सभी प्रमुख मस्जिदों के बाहर पुलिस फोर्स तैनात रहा।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे आकर्षण का केंद्र



नगर पालिका मैदान पर होली मिलन समारोह में मंच पर उपस्थित राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया, विधायक सलोना कुशवाहा व अन्य।

संवाददाता, तिलहर

● व्यापारियों के कार्यक्रम में पहुंचे राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार और विधायक सलोना कुशवाहा

**अमृत विचार :** नगर पालिका मैदान पर होली मिलन समारोह का आयोजन व्यापारियों की ओर से प्रदीप गुप्ता और उनकी टीम ने किया। इस दौरान मोर नृत्य सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का मुख्य केंद्र रहे। आयोजन के दौरान कोतवाल जुगल किशोर पाल, अपराध निरीक्षक सुनील यादव को संयुक्त रूप से भगवान राधा कृष्ण का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया, विधायक सलोना कुशवाहा सहित आयोजक प्रदीप कुमार गुप्ता, व्यापार मण्डल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता (रवि) रिंकू गुप्ता, कमिश्नर बनी एकांक्षी गुप्ता, सीओ ज्योति यादव, हरिमोहन गुप्ता, संजय गुप्ता, अर्पित गुप्ता, सुशील बाबू गुप्ता, डॉ प्रमोद मिश्रा, शशांक गुप्ता, राजदीपक शर्मा, प्रमोद मिश्रा, रोहित साहू आदि ने होली के महत्व पर प्रकाश डाला।

## गोपाल की मौत के मामले में तीन पर प्राथमिकी दर्ज

संवाददाता, सिधौली/शाहजहांपुर

● दंपती समेत 3 लोगों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का लगाया आरोप

**अमृत विचार:** बाजपुर गाँव में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई गोपाल उर्फ शेखू की मृत्यु के मामले में भाई की तहरीर पर पुलिस ने दंपती समेत तीन लोगों के आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गांव बाजपुर बुधवार की शाम घर से होली मिलने की बात कहकर निकले गोपाल उर्फ शेखू का शव गुरूवार की सुबह गांव के पूरब दिशा में स्थित खेत में पॉपलर के पेड़ से लटका मिला था। मृतक की माँ सुबोधा ने मौके पर पुत्र की हत्या करने का आरोप लगाया था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में गोपाल की हैंगिंग से मृत्यु की पुष्टि हुई। मृतक के भाई मुकेश उर्फ डालचंद ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि होली की रात गांव के ही नेतराम उसके भाई को अपने साथ बुलाकर ले गया। आरोप है कि वह उसे गरवापुर निवासी रविन्दू के मोटर पर ले गया।आरोप है कि वहां आर मौजूद रविन्दू और नेतराम की पत्नी कुंती ने गोपाल को प्रताड़ित किया। जिससे आहत होकर गोपाल उर्फ शेखू ने फकीरे के खेत में पॉपलर के पेड़ पर रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# खुदागंज में रंग पंचमी को खेला जाएगा रंग

● निकलेगा लाट साहब का जुलूस, एडिशनल एसपी ने किया मार्गों का निरीक्षण

संवाददाता, खुदागंज



खुदागंज में रंग पंचमी पर निकलने वाले लाट साहब के जुलूस मार्गों का निरीक्षण करतीं एडिशनल एसपी व अन्य पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर में रविवार को लाट साहब का जुलूस निकालने वाले मुख्य मार्गों का एडिशनल एसपी सहित उच्च अधिकारियों ने निरीक्षण किया इस दौरान बड़ी मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहा।

नगर में रंग पंचमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस दिन नगर में लाट साहब का जुलूस निकलता है। ढोल नगाड़े के साथ जगह-जगह उसका स्वागत किया जाता है। कार्यक्रम को लेकर एडिशनल एसपी दीक्षा भंवरे, पुलिस क्षेत्राधिकार ज्योति यादव, थाना अध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने पुलिस बल के साथ जुलूस निकालने वाले मार्गों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि ड्रोन कैमरे के माध्यम से जुलूस निकालने से पूर्व ही निरीक्षण किया जाएगा।

### पीस कमेटी की हुई बैठक

खुदागंज थाने पर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के संभ्रांत लोगों ने हिस्सा लिया। रंग पंचमी पर निकलने वाले जुलूस के चलते पीस कमेटी की बैठक बुलाई गई। जहां सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकार ज्योति यादव, थाना अध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह, व्यापार मंडल के अध्यक्ष कृपाशंकर रस्तोगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृपाल सिंह, विश्व मोहन बंसल, सौरभ गुप्ता, अभिजीत मिश्रा, रामनिवास आदि मौजूद रहे।

## कृषि यंत्रों के लिए 16 कृषकों का चयन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि यन्त्रीकरण योजनान्तर्गत कृषि यंत्रों के चयन के लिए ई-लॉटरी जनपद स्तर पर गठित कार्यकारी समिति बैठक आयोजित की गई। जिसमें जनपद के सभी ब्लाकों से 57 कृषकों ने अवेदन किया। लक्ष्यानुसार 16 कृषकों के चयन हेतु ई-लॉटरी प्रक्रिया सम्पादित की गई। ई-लाटरी में चयनित एवं प्रतीक्षारत कृषकों को उनके मोबाइल नम्बर पर एसएमएस के माध्यम से चयन एवं बिल अपलोड की अन्तिम तिथि (10 दिवस) की सूचना पोर्टल के माध्यम से दी है। चयनित लाभार्थी के निर्धारित समयावधि में यन्त्र क्रय कर बिल अपलोड न करने की दशा में प्रतीक्षारत कृषक लाभार्थियों का चयन स्वतः ही किया जायेगा। ई-लाटरी प्रक्रिया में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह सहित उप कृषि निदेशक समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

समस्या

कहीं निगम की ई-बसें जाम के झाम में फंस रही हैं तो कहीं कार से लेकर बाइक, स्कूटी और साइकिल

# महानगर की सड़कें नहीं हो पा रही अवैध कब्जों से मुक्त, लोग हो रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



शुक्रवार को महानगर के सदर बाजार में लगे जाम में फंसे लोग। ● अमृत विचार

● सड़कों पर अवैध कब्जे बरकरार, कहीं ई-बस अटक रही कहीं कार

● सिटी बस सेवा को ब्रेक लगा रहा सड़क किनारे का अतिक्रमण

**अमृत विचार :** महानगर की सड़कों पर अवैध कब्जों ने नागरिकों को मुसीबत में डाल दिया है। कहीं निगम की ई-बसें जाम के झाम में फंस रही हैं तो कहीं कार से लेकर बाइक, स्कूटी और साइकिल फंसी हुई है। महानगर बनने के बाद से निगम की ओर से तमाम प्रयास भी नाकाफी साबित हो रहे हैं। निगम के अधिकारियों की कोशिश है कि सड़कें अवैध कब्जों से मुक्त रहें, लेकिन अवैध कब्जाधारी हैं कि मान ही नहीं रहे हैं। हर सड़क पर कहीं न कहीं अवैध कब्जा है। कहीं कम है तो कहीं ज्यादा है। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की कड़ी मेहनत के बाद बुध बाजार बहादुरगंज से हट गया है, लेकिन तमाम स्थानों पर अब भी सड़कों पर बाजार सज रहे हैं।

महानगर में लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिले, इसके लिए नगर निगम को दो वर्ष पूर्व 25 एसी बसें दी गईं। सड़कों पर जगह-जगह अतिक्रमण इनके संचालन में बाधा बना तो इसे हटवाने की बजाय बसों को तहसील क्षेत्र में संचालित कराना शुरू कर दिया गया। इस सुविधा का लाभ शहर के ही लोगों को मिले, इसके लिए डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने आठ बसों का पहले चरण में फिर से संचालन शुरू कर दिया, लेकिन अतिक्रमण व इस कारण लगने वाला जाम अब भी बाधा है।

कदम-कदम पर लगने वाले ब्रेक ने बसों की गति इतनी धीमी कर दी है कि सात किमी का सफर पूरा करने में पौन घंटे से अधिक समय लगना मामूली बात है। ऐसे में लोग ई-बसों से सफर करने के बजाय रिक्शा या फिर पैदल चल कर रास्ता तय कर रहे हैं। यही कारण है कि 29 सीट वाली ई-बस में औसतन दस यात्री ही एक फेरे में सफर कर रहे हैं। ऐसे में संचालन की जिम्मेदारी संभाल रही सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड की आय पर भी बुरा असर पड़ा है। रोडवेज बस स्टैंड से महिला थाने तक 500 मीटर की दूरी तय करने में ही करीब 15 मिनट ई-बस को लग जाते हैं। पुलिस लाइंस की ओर जाने वाले मार्ग के पास सड़क के दोनों तरफ मनमाने ढंग से पिकअप, आटो सड़क पर खड़े कर सवारियां बैठाए जाने से भी जाम लगता है। डीएम ने दो दिसंबर से शहर में आठ ई बसों का संचालन शुरू करवाया था। इसके लिए बरेली मोड़ से राजघाट चौकी, केरूगंज, जेल रोड पर ई रिक्शों का संचालन बंद कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन यह आदेश पूरी तरह से लागू नहीं हो पाया। ई-रिक्शा आज भी मनमाने ढंग से चल रहे हैं। बरेली मोड़ पर जहां से ई-बसों का संचालन शुरू कराया गया था वहां से नगर निगम प्रशासन ने अतिक्रमण भी हटवाया था। नगर आयुक्त डा. विपिन मिश्रा खुद वहां पहुंचे थे, लेकिन एक दिन की सख्ती के बाद फिर व्यवस्था उसी पुराने ढर्रे पर आ गई।

### अवैध कब्जे और जाम को बर्दाश्त नहीं : एसके सिंह

महानगर में जाम न लगे इसके लिए समय-समय पर अतिक्रमण हटवाया जाता है। अवैध कब्जे और जाम को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। -**एसके सिंह**, सहायक नगरायुक्त।

## होली मिलन समारोह आज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** क्रिएटिव आर्ट ग्रुप की ओर से महापर्व होली के उपलक्ष्य में 07 मार्च 2026 को "सार्वजनिक होली मिलन समारोह" का आयोजन अटल बिहारी ऑडिटोरियम में किया जाएगा। प्रबंध निदेशक/आयोजक नरेन्द्र सक्सेना ने बताया कि शनिवार सायं 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक होली मिलन समारोह में मुख्य संरक्षक वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना बतौर मुख्य अतिथि रहेंगे। कहा कि रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें फूलों की होली, कवि सम्मेलन, म्यूजिकल नाइट, स्पेशल डांस प्रोग्राम, लाफ्टर शो के साथ ही "08 मार्च विश्व महिला दिवस" की पूर्व संध्या पर शहर में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभिन्न महिलाओं को "सशक्त मातृशक्ति सम्मान 2026" प्रदान किया जाएगा एवं शहर के समाजसेवियों को "समाज सेवा सम्मान 2026" प्रदान किया जाएगा।



**इफ्तार**
शनिवार
सुन्नी: 6:18
शिया: 6:33

**सहरी**
रविवार
सुन्नी: 5:04
शिया: 4:58

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा थाना क्षेत्र के गांव हथौड़ा बुजुर्ग निवासी 22 वर्षीय अंकित कुमार तीन दिन पूर्व तिलहर अपनी रिश्तेदारी में गए थे। वह शाम को तिलहर से रोजा बाइक से आ रहे थे। हाईवे पर नगरिया मोड़ पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार अंकित घायल हो गए थे। पुलिस ने घायल को मेडिकल कालेज भेज दिया था। परिवार वाले मेडिकल कालेज पहुंचे थे। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। मृतक अंकित की शादी नहीं हुई थी और तीन भाइयों में बड़े थे। मजदूरी करते थे। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कलान थाना के उपनिरीक्षक अशोक बाबू शर्मा ने बताया कि संगेश निवासी रोहन नगला थाना कलान ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि उसकी बहन को अभियुक्त मनोज ने आत्महत्या करने के लिए उकसाया था। उसकी बहन ने आत्महत्या कर ली थी। पुलिस फरार आरोपी मनोज को गिरफ्तार करके चालान कर दिया।

### खन्नौत नदी में अज्ञात शव मिला

**सिंधौली, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव रायपुर में स्थित खन्नौत नदी में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। गांव वालों की भीड़ लग गयी। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने गांव की वालों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। शव की शिनाख्त नहीं हो पायी। शव दो दिन पुराना बताया जाता है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# गर्रा-खन्नौत की बाढ़ के समाधान को प्रयास शुरू

## हाइड्रोडायनामिक प्रवाह मॉडलिंग सहारा बनेगा, राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान रुड़की के वैज्ञानिकों ने की बैठक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जनपद के शहरी क्षेत्र में गर्रा एवं खन्नौत नदियों से आने वाली बाढ़ की विभीषिका को नियंत्रित करने और भविष्य की योजनाओं के लिए सटीक वैज्ञानिक डेटा तैयार करने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ी पहल की है। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय में राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, रुड़की के विषय विशेषज्ञ वैज्ञानिकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में एनआईएच रुड़की से आए वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एलएन ठकुराल एवं डॉ. पीसी नायक ने विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। वैज्ञानिकों ने बताया कि शहरी क्षेत्र में हाइड्रोडायनामिक प्रवाह मॉडलिंग के माध्यम से नदियों के जल स्तर, प्रवाह की गति और जल भराव वाले क्षेत्रों का सटीक मानचित्रण किया जाएगा। डॉ. ठकुराल ने हरिद्वार में की गई सफल केस स्टडी का उदाहरण देते हुए बताया कि किस प्रकार वैज्ञानिक मॉडलिंग से वहाँ बाढ़ प्रबंधन में व्यापक सुधार हुआ है। इसी तर्ज पर शाहजहापुर की बाढ़ की समस्या का विश्लेषण कर समाधान निकाला जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि वर्ष 2024 की बाढ़ के कारणों पर विशेष फोकस रहे। उन्होंने वैज्ञानिकों और विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बदले हुए पैटर्न का अध्ययन वर्ष 2024 से पहले स्थिति सामान्य थी, लेकिन 2024 के बाद बाढ़ की प्रवृत्ति में आए बदलावों का गहन अध्ययन किया जाए। क्षेत्र अध्ययन का दायरा केवल शहर तक सीमित न रहकर जनपद पीलीभीत के दियूनी डैम से लेकर शाहजहांपुर के अंतिम छोर तक रखा जाए, ताकि पानी के डिस्चार्ज और रास्ते का सटीक आकलन हो सके। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक यह भी जांचें कि क्या नदियों में चैनल इक्विपमेंट लगाने या ड्रेजिंग (नदी की खुदाई/सफाई) की तत्काल आवश्यकता है।


कैंप कार्यालय पर राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, रुड़की के विषय विशेषज्ञ वैज्ञानिकों के साथ बैठक में दिशा निर्देश देते जिलाधिकारी।

- **बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का शुरू हुआ 02 दिवसीय स्थलीय निरीक्षण**

### दो दिवसीय स्थलीय निरीक्षण

एनआईएच रुड़की के वैज्ञानिकों टीम आज और कल जनपद के विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण करेगी। इस दौरान वे नदियों के तटबंधों, शहरी ड्रेनेज आउटलेट्स और संवेदनशील इलाकों का जायजा लेंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नगर आयुक्त, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), बरेली से आए सीनियर हाइड्रोलॉजिस्ट, एआईएच रुड़की के वैज्ञानिक एवं सिंचाई व राजस्व विभाग के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### सिंचाई विभाग को तकनीकी डेटा उपलब्ध कराने के निर्देश

जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग को निर्देशित किया कि हाइड्रोडायनामिक मॉडलिंग के लिए आवश्यक समस्त तकनीकी डेटा वैज्ञानिकों को तत्काल उपलब्ध कराया जाए। काशीराम कॉलोनी और मनफूल कॉलोनी के नालों पर बाढ़ आने से पूर्व गेट लगवाने के निर्देश दिए गए, ताकि नदियों का बढ़ा हुआ पानी बस्तियों में वापस न आ सके। शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण के पुराने मास्टर प्लान का भी अध्ययन करने को कहा गया ताकि शहरी ड्रेनेज और निर्माण कार्यों का तालमेल बिठाया जा सके।

# सुभाष नगर में हुई फायरिंग में दो गिरफ्तार, अन्य की तलाश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


आरोपी पुलिस हिरासत में।

**अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला सुभाष नगर कॉलोनी में घर घुसकर मारपीट करना और जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला सुभाष नगर कालोनी निवासी राजकुमार ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 04 मार्च की रात नौ बजे अपने परिवार के साथ दावत में जा रहे थे। मोहल्ले के ही अमर सिंह, अंकित यादव, अजय यादव एक राय होकर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने अन्य लोगों को बुला लिया। एक राय होकर आरोपी राजकुमार और उसके भाई राजन, विपिन को मारने पीटने लगे, जो घायल हो गए। आरोपियों ने कहा कि इन लोगों को गोली मार दो। कुणाल यादव ने जान से मारने की नीयत से कई फायर किए। उसका भाई राजन सिंह बाल-बाल बच गया। राजकुमार के परिवार के लोग डर के कारण घर के अंदर चले गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने आरोपी अमर सिंह, अंकित सिंह, अजय सिंह, कुनाल सिंह, अनुराग, गंजू यादव और चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। सदर बाजार पुलिस ने आरोपी अमर सिंह और अंकित यादव को गिरफ्तार करके चालान कर दिया। पुलिस अन्य लोगों की तलाश कर रही है। इधर मोहल्ला आवास विकास कालोनी में रंग वाले दिन दोपहर को हुई फायरिंग में पुलिस ने मनीष नामक युवक को पकड़ लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

# युवक का शव मंदिर के पास पेड़ से लटका मिला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** रोजा क्षेत्र में एक युवक का शव गांव के बाहर पेड़ से रस्सी से लटका हुआ मिला है। उसके पैर जमीन पर छू रहे थे और चप्पलें पेड़ के नीचे पड़ी थी। परिवार वालों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतक का मोबाइल कब्जे में ले लिया है।


मृतक गौरव।

रोजा थाना क्षेत्र के गांव पींग निवासी 19 वर्षीय गौरव कुमार पुत्र महेश कुमार ने गुरुवार की शाम आठ बजे खाना खाया और कमरे में सोने के लिए चले गए। परिवार वालों ने रात दो बजे देखा कि वह कमरे में नहीं है और दरवाजा खुला हुआ था। परिवार वालों ने उनकी तलाश की। गौरव का पता नहीं चला। शुक्रवार की सुबह छह बजे गांव वाले खेत पर जा रहे थे। गांव के बाहर मंदिर के निकट एक पेड़ से रस्सी से शव लटका हुआ देखा। गांव वालों ने देखा कि गौरव का शव था। खबर सुनकर सौरभ मौके पर गए और देखा कि उसके भाई का शव है। उन्होंने रोजा थाना पर सूचना दी। थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतारा। पुलिस ने मृतक के कपड़ों की तलाशी ली। पुलिस ने उसकी जेब से मोबाइल बरामद किया, जो मोबाइल स्विच ऑफ था। मृतक के भाई सौरभ ने बताया कि उसके भाई ने अपने दोस्त के साथ गांव के एक व्यक्ति के खेत से होलिका दहन के लिए लकड़ी काटी थी। गौरव का उससे विवाद हो गया था। उसने गौरव को जान से मारने की धमकी दी थी। सौरभ ने अपने भाई की हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतक का मोबाइल कब्जे में ले लिया है। पुलिस सर्विलांस से सीडीआर निकलवाएगी। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


घटनास्थल पर जांच करती हुई पुलिस। ● अमृत विचार

### परिवार में मचा कोहराम

मृतक गौरव तीन भाइयों में सबसे छोटा था। वह गांव में खेती बाड़ी करते थे। उसकी मां का नाम सुनीता है। घर से करीब 500 मीटर दूर उसका शव लटका हुआ मिला था। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

- **परिजन ने हत्या की आशंका जतायी, पैर जमीन में छू रहे थे मोबाइल कब्जे में लिया**

# महिला फरियादी की हालत बिगड़ी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** एसपी कार्यालय में एक महिला फरियादी की अचानक तबीयत खराब हो गयी और जमीन पर लेट गयी। इस दौरान पुलिस वालों की भीड़ लग गयी। पुलिस कर्मी उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले गए। जहां डाक्टरों ने उसे देखा और उसका ब्लड प्रेशर बढ़ गया था।

एसपी कार्यालय में शुक्रवार को दोपहर 12 बजे एक फरियादी महिला अपनी फरियाद लेकर आए। एसपी कार्यालय परिसर में वह एक स्थान पर बैठी थी। उसकी अचानक तबीयत खराब हो गयी और झोला लेकर जमीन पर लेट गयी। इस दौरान पुलिस कर्मचारी एकत्रित हो गए। पुलिस कर्मचारियों ने उससे जानकारी लेने का प्रयास किया तो वह कुछ बता नहीं पा रही थी और घबराई हुई लग रही थी। पुलिस कर्मचारी महिला को लेकर मेडिकल कालेज के ट्रामा सेंटर में लेकर आए। जहां डाक्टर ने उसे देखा और वीपी चेक किया। उसका ब्लड प्रेशर बढ़ गया था। उसको दवा देने के बाद हालत में सुधार हुआ। वह बेड पर लेटने से मना कर रही थी। महिला ने अपना नाम नीलम देवी और थाना अल्हागंज क्षेत्र का बताया। उसके थैले में तमाम कागज थे। वह परिवार के बारे में कुछ बता नहीं पा रही थी। उसने थैला अपने पास रख लिया था और कागजात दिखाने से मना कर रही थी। महिला को देखकर ऐसा लग रहा था कि मानसिक तनाव में है। पुलिस कर्मचारी उसके परिवार के बारे में जानकारी करने का प्रयास कर रहे है ताकि उसकी मदद की जा सके और परिवार वालों को सूचना दी जा सके।


मेडिकल कॉलेज परिसर में महिला से पूछताछ करते पुलिस कर्मचारी। ● अमृत विचार

- **उसके पास एक थैला था, अपने आप को अल्हागंज का बता रही परिवार की नहीं दे रही जानकारी**

# घर के दरवाजे पर फायरिंग पिता पर हथियार से हमला

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** थाना पुवायां क्षेत्र के बड़ागांव में घर के दरवाजे पर फायरिंग करने और विरोध करने पर पिता पर धारदार हथियार से हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद समेत अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव बड़ागांव निवासी शिवम पुत्र सुशील ने थाने में दी तहरीर में बताया कि घटना 5 मार्च 2026 को करीब 11 बजे दिन की है। आरोप है कि गांव का ही रोहित अपने भाई लाल और दो अन्य अज्ञात व्यक्तियों के साथ उनके घर के दरवाजे पर पहुंचा और गालियां देते हुए फायरिंग करने लगा।

- **आरोपी समेत दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

पीड़ित के अनुसार जब उसने और उसके पिता ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने धारदार हथियार से उसके पिता के सिर पर वार कर दिया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आ गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि सूचना देने पर आरोपी उन्हें धमकी देते हुए चले गए और जान से मारने की धमकी दी।

पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने नामजद आरोपी समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं घायल का उपचार कराया गया है।

# महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**तिलहर, अमृत विचार :** महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अस्पताल से मेमो आने के बाद पुलिस के जांच पड़ताल शुरू करने पर परिजनों ने पीएम कराने से इंकार कर दिया। कोतवाली क्षेत्र की मंसूरपुर गोटिया निवासी जयवीर की 25 वर्षीय पत्नी नीरज की शुक्रवार की सुबह अचानक हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में परिजन उसे नगर सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां महिला की मौत हो गई। जयवीर की शादी मीरानपुर कटरा के मोहल्ला सराय की नीरज के साथ हुई थी। उनके चार वर्षीय पुत्र और 1 वर्ष की पुत्री पूनम है। कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल ने बताया कि परिवार के लोगों ने बताया कि नीरज की बीमारी से मौत हुई है और उन्होंने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया है।

# मीरानपुर कटरा में चाइनीज मांझे से व्यक्ति की कटी गर्दन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन चाइनीज मांझा पर प्रतिबंध नहीं लगा पा रहा है। मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र बाइक सवार व्यक्ति की गर्दन में चाइनीज मांझा गर्दन में उलझ जाने से उसकी गर्दन कट गयी। उसने बाइक को रोका और गर्दन में चाइनीज मांझा को निकाला। इधर उसके परिवार वाले पहुंच गए और घायल को लेकर कटरा सीएचसी पर ले गए।

मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के ग्राम बाजपुर कुमिरखा निवासी रामलड़ैते शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे तिलहर से बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। वह लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर सरयू के पास पहुंचे, तभी अचानक चाइनीज मांझे की चपेट में आ गए। तेज धार वाले मांझे से उनका गला कट गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद रामलड़ैते ने किसी तरह बाइक रोकी और मदद के लिए आवाज लगाई। राहगीरों और दुकानदारों ने जब उन्हें घायल अवस्था में देखा तो मौके पर भीड़ जुट गई। लोगों ने उसके गले से लिपटा हुआ मांझा निकाला। घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने घायल का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन गले पर गहरी चोट होने के कारण चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए उन्हें राजकीय मेडिकल कालेज भेज दिया। इधर घायल के परिवार वाले भी अस्पताल में पहुंच गए। रेफर कर दिया। घायल रामलड़ैते ने बताया कि उन्हें रास्ते में मांझा दिखाई नहीं दिया था। उन्होंने बताया कि उन्हें यह भी जानकारी नहीं हो सकी कि मांझा किसी पेड़ में बंधा हुआ था या कोई पतंग उड़ा रहा था। अचानक गले में तेज झटका और दर्द महसूस हुआ, तब उन्हें पता चला कि वह चाइनीज मांझे की चपेट में आ गए हैं। उनका अस्पताल में उपचार जारी है। कटरा क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से मांग की है चाइनीज मांझा पर बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।


चाइनीज मांझे से घायल व्यक्ति।

### सिपाही समेत दो की मौत हो चुकी

शहर में पिछले साल चौक कोतवाली क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात सिपाही बाइक से जा रहा था। गर्रा फाटक पर सिपाही की गर्दन में चाइनीज मांझा लिपट जाने से गर्दन कट गयी थी। अस्पताल में उसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। इसी प्रकार रोजा क्षेत्र में एक युवक अपनी पत्नी के साथ बाइक से जा रहा था। उसकी गर्दन भी चाइनीज से कट जाने पर अस्पताल में मौत हो गयी थी। चाइनीज मांझा से कई लोग घायल हो चुके थे। जब कोई घटना हो जाती है तो पुलिस दो-तीन दिन पतंग की दुकानों पर छापेमारी करते है, फिर शांत होकर बैठ जाते है। पतंग की दुकानों पर मांझा खुलेआम बिक रहा है।

- **तिलहर से बाइक पर जा रहा था गर्दन में मांझा लिपट गया था**

# झुकना नदी किनारे अज्ञात महिला का मिला शव

**खुटार/शाहजहांपुर, अमृत विचार:** गांव बिजौरा बिजौरिया के समीप झुकना नदी किनारे गुरुवार रात को अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर लोगों से पूछताछ की। लेकिन महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है। खुटार थाने के उप निरीक्षक विवेक कुमार ने बताया कि गुरुवार रात करीब आठ बजे गांव बिजौरा बिजौरिया के कुछ लोग झुकना नदी किनारे गए हुए थे। लोगों ने नदी किनारे महिला का शव पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी। महिला का शव करीब 20 दिन पुराना लग रहा है और शव सड़ने के साथ ही दुर्गंध उठने लगी थी। शव की शिनाख्त नहीं हो पायी। पुलिस अज्ञात महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**क्रिकेट** | **टी 20 वर्ल्ड कप के इंग्लैंड तथा भारत के बीच मैच का शहर के युवाओं ने भरपूर आनंद लिया**

# शहीद म्यूजियम में दिखाया गया सेमीफाइनल का लाइव टेलीकास्ट

- **छावनी परिषद की ओर से किया गया था आयोजन**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** टी 20 वर्ल्ड कप के इंग्लैंड तथा भारत के मध्य खेले गए मैच का लाइव टेलीकास्ट छावनी परिषद की ओर से कैंट स्थित शहीद म्यूजियम की बड़ी स्क्रीन पर किया गया। इसमें दर्जनों युवाओं ने मैच का लुत्फ उठाया। छावनी परिषद के नामित सदस्य अवधेश दीक्षित ने कहा कि कैंट स्थित म्यूजियम परिसर को सामुदायिक इकाई के केंद्र में विकसित करने की योजना है, जो भविष्य में शहर की सिविल सोसाइटी को नया आयाम दे। खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। क्रिकेट के लाइव टेलीकास्ट का शहर के युवाओं ने भरपूर स्वागत किया है। उनकी उत्सुकता और भारतीय क्रिकेट टीम द्वारा लगाए गए हर चौके छक्के पर जाहिर की गई प्रसन्नता से न केवल क्षेत्र का सन्नाटा टूटा बल्कि इसने दिखाया कि शहर के युवाओं में खेल के प्रति कितनी रुचि है। उनकी ऊर्जा का प्रयोग राष्ट्र और समाज निर्माण में करने के लिए मंच प्रदान करने ही होंगे।

एसएस कालेज के इतिहास विभागाध्यक्ष डा विकास खुराना ने कहा कि सामूहिक रूप से खेल प्रसारण का आनंद लेना समाज की उसी अंतक्रिया का तरीका है जो समाज को आज के डिजिटल युग में फिर से जोड़ सकता है। आज जहां परिवार छोटे होते जा रहे हैं। मोबाइल की लत एक अपरिहार्य समस्या बनकर उभरी है। इसके बचाव के लिए सामुदायिक महत्व के कार्यों को आगे बढ़ाना होगा। यह इस लक्ष्य पर निर्भर है कि खेल और उसका प्रसारण भी शहर को जोड़ सकता है। फाइनल मैच के लिए म्यूजियम कम्युनिटी व्यापक स्तर पर कार्यक्रम की रूपरेखा बना रही है। इस अवसर पर सहसवान राजकीय डिग्री कालेज के प्रोफेसर डा आलोक दीक्षित, छावनी परिषद के अनमोल, श्रवण दीक्षित, महेंद्र दीक्षित, डा रामशंकर पांडे, डा श्रीकांत मिश्रा रमाकांत, अतुल प्रजापति, जितेंद्र, आशुतोष शर्मा, अंकित आदि युवा शामिल थे।


कैंट स्थित शहीद म्यूजियम में टी 20 वर्ल्ड कप के इंग्लैंड तथा भारत के मध्य खेले गए सेमीफाइनल का लाइव टेलीकास्ट देखते खेल प्रेमी।


म्युजियम में लगाई गई बढ़ी स्क्रीन। ● अमृत विचार

# आरती हत्याकांड: आरोपी पति बोलने की स्थिति में नहीं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **साले ने दर्ज कराई रिपोर्ट, पुलिस अभिरक्षा में हो रहा इलाज**

**अमृत विचार:** चौक कोतवाली क्षेत्र में आरती हत्याकांड में मृतका के भाई ने अपने जीजा के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपी मनमोहन पांडे हालत सीरियस है और बोल नहीं पा रहा है। आरोपी का मेडिकल कालेज में पुलिस अभिरक्षा में इलाज चल रहा है।

बता दे कि रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला रेती निवासी मनमोहन पाण्डेय ने करीब दस साल पहले 31 वर्षीय आरती निवासी जलालाबाद के साथ हुई थी। पति से मनमुटाव के कारण आरती अपने प्रेमी बृजदीप निवासी बृज विहार कालोनी चौक कोतवाली में किराए के मकान में रहने लगी थी। आरती का पति मनमोहन से तलाक का मुकदमा कोर्ट में चल रहा था। प्रेमी के संग रहने पर पति मनमोहन को बर्दाश्त नहीं हुआ। बुधवार की सुबह छह बजे आरोपी मनमोहन बृज बिहार कालोनी में गया। उसने पत्नी के प्रेमी बृजदीप पर तेजाब फेंक दिया। इस दौरान आरती ने अपने पति के सिर में पत्थर आदि मार दिया था। आरोपी ने अपनी पत्नी को पकड़ा और चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। आरोपी मनमोहन पांडे और आरती का प्रेमी बृजदीप मेडिकल कालेज में भर्ती है। इधर मृतका आरती के भाई संजीव कुमार निवासी चर्च कालोनी थाना रोजा ने अपनी बहन की हत्या की रिपोर्ट अपने जीजा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी मनमोहन पांडे बोलने की स्थिति में है और उसकी हालत गंभीर है। उसका इलाज पुलिस अभिरक्षा किया जा रहा है।

# वरुण-अर्जुन विवि में फार्मेसी शिक्षा के जनक महादेव लाल श्रॉफ की जयंती धूमधाम से मनाई

## फार्मेसी महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों ने उनके योगदान पर प्रेजेंटेशन किया प्रस्तुत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- महादेव लाल श्रॉफ की 124 वीं जयंती पर आयोजित हुआ कार्यक्रम
- भारतीय फार्मेसी शिक्षा के पितामह माने जाते हैं श्री श्रॉफ : प्राचार्य

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय के फार्मेसी महाविद्यालय में भारत के फार्मेसी शिक्षा के जनक के रूप में विख्यात महादेव लाल श्रॉफ की 124 वीं जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री महादेव लाल श्रॉफ की स्मृति को समर्पित यह कार्यक्रम छात्रों, शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों के बीच उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप सिंह ने श्री श्रॉफ के जीवन परिचय और उनके अमूल्य योगदान पर विस्तृत प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया, जो सभी के लिए प्रेरणादायी रहा। कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया, जिसमें पोस्टर प्रस्तुतिकरण प्रमुख आकर्षण रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर में छात्रों ने दीप प्रज्वलन कर महादेव लाल श्रॉफ की आत्मा को नमन किया। प्राचार्य डॉ. प्रदीप सिंह ने अपने प्रेजेंटेशन में श्री



वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय के फार्मेसी महाविद्यालय में महादेव लाल श्रॉफ की 124 वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्पांजलि करते छात्र। ● अमृत विचार

श्रॉफ योगदान का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि श्री महादेव लाल श्रॉफ का जन्म 06 मार्च 1902 में हुआ था और वे भारतीय फार्मेसी शिक्षा के पितामह माने जाते हैं। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में फार्मेसी विभाग की स्थापना करने वाले श्रॉफ ने आधुनिक फार्मेसी शिक्षा को भारत में नई दिशा प्रदान की। डॉ. सिंह ने उनके अनुसंधान कार्यों, दवाओं के मानकीकरण और फार्मास्यूटिकल शिक्षा के प्रसार पर प्रकाश डाला। उन्होंने जोर देकर कहा कि श्रॉफ जी के बिना भारत की फार्मेसी शिक्षा का इतिहास अधूरा है। उनका प्रेजेंटेशन दृश्य-दृश्ययुक्त स्लाइड्स से सुसज्जित था, जिसमें पुरानी तस्वीरें और दस्तावेज शामिल थे, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण डी. फार्मा द्वितीय वर्ष के छात्र उत्त्कर्ष का प्रस्तुत पोस्टर था। उत्त्कर्ष ने श्री महादेव लाल श्रॉफ का सुंदर पोर्ट्रेट स्केच तैयार किया। पोस्टर के माध्यम से श्री श्रॉफ की संक्षिप्त जीवनी का वर्णन किया। बी. फार्मा द्वितीय वर्ष के छात्र आजान हसन और दिशा भारद्वाज ने संयुक्त रूप से फ्यूचर फार्मा इकोसिस्टम पर आकर्षक पोस्टर प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने भविष्य की फार्मास्यूटिकल दुनिया की कल्पना की थी, जिसमें एआई, बायोटेक्नोलॉजी और सस्टेनेबल दवा उत्पादन जैसे आधुनिक तत्व शामिल थे। दिशा ने विशेष रूप से महिलाओं की भूमिका पर जोर दिया। इसी क्रम में बी. फार्मा द्वितीय वर्ष के छात्र गौरव ने फार्मा अन्वेषण 2026 पर प्रस्तुत पोस्टर में 2026 के लिए प्रस्तावित फार्मा अनुसंधान पहलों का खाका तैयार किया था। यह पोस्टर न केवल रचनात्मक था, बल्कि व्यावहारिक सुझावों से भरा हुआ था, जो महाविद्यालय के अनुसंधान विभाग के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकता है।

कार्यक्रम में उपप्राचार्य मोहम्मद जुनैद ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि श्री श्रॉफ के आदर्शों पर चलकर वे देश सेवा में योगदान दे सकते हैं। डॉ. मानसी अग्रवाल ने पोस्टरों की कलात्मकता पर प्रकाश डाला और उत्त्कर्ष के स्केच की विशेष रूप से प्रशंसा की। राजेंद्र गुप्ता ने भविष्य के फार्मा इकोसिस्टम पर चर्चा को प्रासंगिक बताया। प्रिया उपाध्याय, आयुषी सक्सेना, आकांक्षा राठौर, निशा राजपूत, नागेंद्र सिंह और सुष्मिता सिंह आदि फैकल्टी सदस्यों ने भी विभिन्न प्रस्तुतियों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने छात्रों को सुझाव दिए कि ऐसी गतिविधियां नियमित रूप से आयोजित की जानी चाहिए।

# हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

संवाददाता, परौर

- घर का इकलौता चिराग बुझा परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़
- मिर्जापुर के गांव पाठकपुर का रहने वाला था मृतक

**अमृत विचार :** क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में घायल युवक की तीन दिन बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।



मृतक उदित पाठक।

मिर्जापुर थाना क्षेत्र के ग्राम पाठकपुर निवासी उदित पाठक (26 वर्ष) बुधवार सुबह करीब 10 बजे किसी निजी कार्य से जा रहा था। इसी दौरान परौर क्षेत्र के जरौली गांव के पास अस्तोली मोड़ पर हुए हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने मानवता दिखाते हुए उसे अपनी गाड़ी से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरियनपुर पहुंचाया और तत्काल उपचार शुरू कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए फर्रुखाबाद रेफर कर दिया। परिजन उसे फर्रुखाबाद लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया, लेकिन उनकी हालत में कोई खास सुधार नहीं हुआ। इसके बाद परिजन बेहतर इलाज की उम्मीद में उसे बरेली के निजी अस्पताल ले गए।

बरेली में डॉक्टरों की टीम ने युवक का इलाज शुरू किया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण आखिरकार शुक्रवार को उपचार के दौरान उदित पाठक ने दम तोड़ दिया।

इसी दौरान परौर क्षेत्र के जरौली गांव के पास अस्तोली मोड़ पर हुए हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। माता-पिता और अविवाहित चार बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोगों ने बताया कि उदित अपने परिवार का इकलौता सहारा था।

## न्यूज ब्रीफ

### बंदरों के हमले से ग्रामीण घायल

**तिलहर, अमृत विचार :** बंदरों के हमले से छत से गिरकर ग्रामीण घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने घायल को मेडिकल कॉलेज रेफर किया है। मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव समधाना निवासी कामता प्रसाद गुरुवार की सुबह छत पर मौजूद थे। इसी दौरान अचानक उन पर बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया। बंदरों के हमले से घबराकर कामता प्रसाद बंदरों से बचने के लिए भागे तो वह छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उनको इलाज के लिए तिलहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती कराया, जहां से गंभीर हालत के चलते उन्हें मेडिकल कॉलेज लखनऊ कर दिया गया।

### कचहरी पेशी पर गए अधेड़ की गुमशुदगी दर्ज

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार :** एक सप्ताह पहले घर से निकले गांव मानपुर उर्फ मनकापुर निवासी 55 वर्षीय ओमकार सिंह कचहरी में पड़ने वाली पेशी पर गए थे। शाम तक ओमकार सिंह के वापस नहीं आने पर परिजनों ने मोबाइल पर काल करके देखा तो पता चला कि मोबाइल बंद मिला। नाते रिश्तेदारों में भी तलाश करने के बाद सगे भाई सत्यवीर सिंह ने भाई की गुमशुदगी दर्ज कराई है। थाना प्रभारी उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि गुमशुदा व्यक्ति को तलाश करने के लिए पुलिस टीम जुटी है।

### आखत डालने से किया मना, दी धमकी

मिर्जापुर, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के गांव बहरिया निवासी सत्यवीर ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि वह जाति का वाल्मीकि है। वह रंग वाले दिन होली पर आखत डालने के लिए गया। गांव के कुछ लोगों ने उसे आखत डालने से मना किया। उससे कहा कि तुम वाल्मीकि जाति के हो और आखत नहीं डालोगे। आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ग्रामीण पर हमले में चार पर रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** होली मिलकर लौट रहे एक ग्रामीण की पिटाई कर दी गई। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। करेली क्षेत्र के ग्राम हर्रई निवासी अरविंद कुमार पुत्र नत्थूलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि चार मार्च की रात 11 बजे उसके पिता नत्थूलाल गांव में ही होली मिलकर वापस आ रहे थे। इस दौरपन गांव के ही राधेश्याम ने उन्हें रोक गाली गलौज की। विरोध पर पिटाई कर दी। उसके साथियों ने भी हमला किया। शोर पर लोगों ने बचाया। पुलिस ने राधेश्याम, बालिस्टर, सुनील और रामवीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# इटोली के पास ई-रिक्शा पलटा, दो लोग घायल

संवाददाता पुवायां,

- रिश्तेदारी से लौटते समय हुआ हादसा, युवक की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर
- हादसे में घायल खीरी के पसगवां थाना क्षेत्र के गांव सल्लिया के रहने वाले

**अमृत विचार :** पुवायां क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर इटोली गांव के पास ई-रिक्शा पलटने से महिला समेत दो लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

जानकारी के अनुसार सोनकली पत्नी वेदपाल निवासी गांव सल्लिया थाना पसिगवां और रवि पुत्र खुशीराम निवासी गांव बिल्लैया थाना सिंधौली रिश्तेदारी से ई-रिक्शा से अपने घर सल्लिया लौट रहे थे। रास्ते में इटोली गांव के पास अचानक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे दोनों लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर पहुंची 108 एंबुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां लाया गया। यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद रवि की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि सोनकली का उपचार पुवायां अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि यह हादसा शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे के आसपास हुआ। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई।

# दवा लेने गया व्यक्ति लापता, बेटे ने दर्ज कराई गुमशुदगी

**पुवायां, अमृत विचार :** थाना पुवायां क्षेत्र में दवा लेने घर से निकले एक व्यक्ति के लापता होने का मामला सामने आया है। काफी तलाश के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला तो बेटे ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना पुवायां क्षेत्र के गांव बांसकिरायूं निवासी विवेक कुमार ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसके पिता नरेंद्र सिंह (करीब 45 वर्ष) 5 मार्च की सुबह करीब 10 बजे अपनी मोटरसाइकिल से बड़ागांव स्थित मेडिकल स्टोर से दवा लेने के लिए घर से निकले थे। आरोप है कि इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटे। काफी देर तक इंतजार करने के बाद परिवार के लोगों ने उन्हें फोन किया, लेकिन मोबाइल फोन भी बंद मिला।

# तीन-तीन टावर, फिर भी मोबाइल नेटवर्क गायब

- परौर क्षेत्र के दर्जनों गांवों में एयरटेल-जियो का नेटवर्क ठप होने से उपभोक्ता बेहाल

संवाददाता, परौर

**अमृत विचार :** क्षेत्र में आधुनिक तकनीक और डिजिटल इंडिया के दावों की हकीकत इन दिनों साफ दिखाई दे रही है। यहां बीते गुरुवार से एयरटेल और जियो का नेटवर्क पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है, जिससे क्षेत्र के दर्जनों गांवों के लोग बुरी तरह परेशान हैं। हालत यह है कि मोबाइल फोन हाथ में तो है, लेकिन नेटवर्क ऐसा गायब है मानो कभी था ही नहीं।

परौर क्षेत्र के कुण्डरी, जरौली, गहवरा, काकोड़ा सहित कई गांवों में पिछले कई घंटों से लोग मोबाइल में सिग्नल तलाशते नजर आ रहे हैं। कोई छत पर चढ़कर फोन घुमा



मोबाइल टावर नेटवर्क गायब।

रहा है तो कोई खेत की मेड़ पर जाकर नेटवर्क पकड़ने की कोशिश कर रहा है। लेकिन नेटवर्क है कि आने का नाम ही नहीं ले रहा। सबसे हैरानी की बात यह है कि क्षेत्र में तीन-तीन मोबाइल टावर लगे हुए हैं, फिर भी उपभोक्ताओं को नेटवर्क नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में ग्रामीण तंज कसते हुए कहते हैं कि लगता है टावर केवल दिखावे के लिए लगाए गए हैं, ताकि कंपनियां कागजों में कवरेज दिखाकर अपना काम पूरा मान लें। डिजिटल भुगतान और ऑनलाइन सेवाओं के इस दौर में नेटवर्क ठप होने से सबसे ज्यादा परेशानी दुकानदारों और छात्रों को हो रही है। दुकानदारों का कहना है कि कई ग्राहक ऑनलाइन भुगतान करना चाहते हैं, लेकिन नेटवर्क न होने की वजह से भुगतान नहीं हो पा रहा। वहीं छात्र भी इंटरनेट न चल पाने के कारण पढ़ाई और जरूरी जानकारी से वंचित हो रहे हैं।

### नेटवर्क नहीं आने से परेशान कारोबारी

ग्रामीणों का यह भी कहना है कि जब कंपनियों को हर महीने रिचार्ज के पैसे लेने होते हैं तो नेटवर्क पूरी ताकत से काम करता है, लेकिन जब उपभोक्ताओं को सेवा देने की बात आती है तो नेटवर्क अचानक गायब हो जाता है। लोगों का कहना है कि अगर यही स्थिति रही तो मोबाइल कंपनियों के बड़े-बड़े दावे केवल विज्ञापनों तक ही सीमित रह जाएंगे। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि नेटवर्क ठप होने की वजह से आपात स्थिति में भी किसी से संपर्क करना मुश्किल हो गया है। कई लोगों ने कंपनियों के कस्टमर केयर में शिकायत करने की कोशिश की, लेकिन जब नेटवर्क ही नहीं है तो शिकायत कैसे दर्ज हो। ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनियां गांवों से हर महीने लाखों रुपये का रिचार्ज तो वसूल लेती हैं, लेकिन सेवा देने के मामले में लापरवाही बरतती हैं। लोगों ने संबंधित मोबाइल कंपनियों से जल्द से जल्द नेटवर्क व्यवस्था ठीक कराने की मांग की है, ताकि क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक घायल, रेफर

संवाददाता, खुटार

- खुटार मैलानी रोड पर गांव छापाबोझी के पास हुआ हादसा
- मैलानी के मोहल्ला सलामत नगर का रहने वाला है घायल

**अमृत विचार :** सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

जनपद लखीमपुर खीरी के कस्बा मैलानी के मोहल्ला सलामत नगर निवासी ओमप्रकाश (42) अपनी बाइक से खुटार आ रहे थे। तभी खुटार-मैलानी रोड पर गांव छापाबोझी मोड़ के पास शुक्रवार शाम करीब चार बजे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर 108 एंबुलेंस कर्मी रामेंद्र दुबे, कीरत यादव मौके पर पहुंचे और घायल को खुटार सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बाइक सवार हेलमेट नहीं लगाया था। उधर, घटना की सूचना पाकर परिजन अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

# होली मिलकर लौट रहे दंपती घायल

- डड़िया के पास दो मोटरसाइकिलें भिड़ने से हुए घायल

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के निगोही तिलहर संपर्क मार्ग स्थित ग्राम डड़िया के पास दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में पति-पत्नी और बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गए।

तिलहर निगोही संपर्क मार्ग स्थित ग्राम डड़िया के निकट शुक्रवार शाम को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने से भिड़ंत हो जाने के चलते कई लोग घायल हो गए। देर शाम हुई इस दुर्घटना के दौरान जहां एक मोटरसाइकिल पर सवार लोगों को तेजी से आई एक गाड़ी लेकर चली गई, तो वहीं दूसरे पक्ष के घायलों को सरकारी एंबुलेंस से नगर के सामुदायिक



सड़क हादसे में घायल का सीएचसी पर होता उपचार। ● अमृत विचार

स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार के लिए लाया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव परसौली निवासी धर्मवीर पुत्र ओंकार 32 वर्ष अपनी पत्नी काजल और बेटी आंचल के साथ बीसलपुर रिश्तेदारी से होली मिलकर घर वापस लौट रहे थे।

तभी दुर्घटना का शिकार हो गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल धर्मवीर, काजल और आंचल को रेफर कर दिया गया।

# विधायक के पति पर तमंचा तानने पर रिपोर्ट दर्ज

**निगोही/शाहजहांपुर, अमृत विचार:** तिलहर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा के पति राम सिंह पर तमंचा तानने के मामले में दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। विधायक सलोना कुशवाहा के पति राम सिंह बुधवार सुबह 7 बजे होलिका पर आखत डालने रहे थे। चौराहे पर दो लोगों ने पति पर तमंचा तान दिया। समर्थकों ने विरोध किया तो दोनों तमंचा लेकर भाग गए। विधायक का आरोप है कि दोनों पूर्व विधायक रोशन लाल की कोठी में घुस गए। विधायक के समर्थक मुनेंद्र उर्फ कल्लू ने थाना पर दो लोगों के खिलाफ जान से मारने की नीयत की तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी गोविंद व अदिति निवासी गिरगिचा थाना निगोही के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# नदी की धारा के समान होते हैं जैन संत : अभिनंदन सागर

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** बिसौली रोड स्थित श्री पदम प्रभु दिगंबर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र पद्मांचल जैन मंदिर में जैन संत बाल आचार्य अभिनंदन सागर महाराज का मंगल प्रवचन आयोजित हुआ। प्रवचन से पूर्व महाराज श्री की आहार चर्या नगर के जेपी जैन बाल निकेतन स्कूल में जैन समाज के श्रद्धालुओं द्वारा संपन्न कराई गई।



प्रवचन देते संत बालाचार्य अभिनंदन सागर महाराज।

इस दौरान महाराज ने जैन धर्म के नियमों के अनुसार आहार ग्रहण किया। इसके बाद मंदिर परिसर में आयोजित प्रवचन में उन्होंने कहा कि जैन संत नदी की बहती धारा के समान होते हैं। जिस प्रकार नदी अपने प्रवाह से मार्ग में आने वाले सभी तत्वों को सिंचित करती है, उसी प्रकार जैन साधु भी अपने विहार मार्ग में आने वाले सभी प्राणियों को बिना किसी भेदभाव के धर्म लाभ और आशीर्वाद प्रदान करते हैं। मनुष्य को अपने जीवन के प्रत्येक क्षण में शुभ कर्म करने चाहिए। यही शुभ कर्म इस जन्म के साथ-साथ अगले जन्मों तक भी जीव के साथ रहते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में सदैव अच्छे कर्मों का संचय करना चाहिए। प्रवचन के उपरांत महाराज जी उझानी चले गए। इस मौके पर प्रशांत जैन, सतीश चंद्र जैन, प्रीत कुमार जैन, सम्यक जैन, भोला जैन, अजीत कुमार जैन, अनिल कुमार सोनी, मृगांक कुमार जैन, विशाल कुमार जैन, वाशु जैन और सौम्या जैन सहित जैन समाज के अनेक लोगों ने भागीदारी निभाई।

# पुलिस दर्ज नहीं फायरिंग की रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** लालबाग चौढेरा में मामूली विवाद के चलते जन सेवा केंद्र संचालक के घर पर हमला और फायरिंग किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में दो महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए। घटना के तीन दिन बीत जाने के बाद पुलिस रिपोर्ट दर्ज नहीं की। थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के लालबाग चौढेरा निवासी सूरज तिवारी दिल्ली में जन सेवा केंद्र चलाते हैं। वह होली के मौके पर घर आए हुए थे। होली वाले दिन कार से घर जा रहे थे। तभी रास्ते में बाइक लहरा कर चला रहे कुछ लोगों से विवाद हो गया। आरोप है छह-सात लोग थोड़े देर बाद घर पर आ गए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर सूरज, पिता कमलेश तिवारी, मां सुमन तिवारी बहन चांदनी तिवारी को लाठी डंडों से जमकर पीटा। आरोप है कि सूरज के सीने पर तमंचा सटा दिया और जान से मारने की धमकी दी थी।

# मां पूर्णागिरि मेला शुरू, ट्रेनों और बसों में बढ़ने लगी भीड़

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन भी शुरू, पहले ही दिन उमड़ी यात्रियों की भीड़

**अमृत विचार:** होली पर्व के साथ ही मां पूर्णागिरी धाम जाने वाले तीर्थयात्रियों का सिलसिला शुरू हो गया। तीर्थयात्रियों की सुविधा को लेकर शुक्रवार से ही कासगंज-टनकपुर मेला स्पेशल समेत दो जोड़ी मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन भी शुरू कर दिया गया है। पहले दिन ट्रेन में यात्रियों की खासी भीड़-भाड़ उमड़ी। इधर टनकपुर जाने वाले बसों में पूर्व की अपेक्षा खासी भीड़ देखी गई।

उत्तराखंड के चंपावत स्थित मां पूर्णागिरी धाम नौ शक्ति पीठों में से एक है। यहां हर वर्ष देश के कोने-कोने से बड़ी संख्या में तीर्थयात्री पहुंचते हैं। खास बात यह है कि इसमें से अधिकांश तीर्थयात्री पीलीभीत होकर ही गुजरते हैं। तीर्थयात्रियों की सुविधाओं को लेकर रेलवे प्रशासन द्वारा हर



पीलीभीत रेलवे स्टेशन पर पूर्णागिरि धाम से वापस लौटी ट्रेन में सवार होते यात्री।



टनकपुर जाने के लिए प्लेटफार्म पर ट्रेन का इंतजार करते यात्री। ● अमृत विचार

साल ही मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जाता है। इस बार भी रेलवे प्रशासन की ओर से 06 मार्च से कासगंज-टनकपुर एवं बरेली-टनकपुर मेला स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया था। इधर होली पर्व के बाद शुक्रवार से सुप्रसिद्ध मां पूर्णागिरि मेला शुरू हो गया। शुक्रवार को टनकपुर हाईवे पर पूर्णागिरि धाम जाने वाले तीर्थयात्रियों के जत्थे दिखाई देने लगे। कोई बसों को कोई कार और कोई साइकिल से पूर्णागिरी धाम की ओर माता के जयकारे लगाते हुए जाता दिखाई दिया।

इधर, शुक्रवार से कासगंज-टनकपुर मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन भी शुरू हो गया। मेला स्पेशल ट्रेन चलने की जानकारी पर सुबह ही यात्रियों की भीड़ रेलवे स्टेशन पर जुटना शुरू हो गई। मेला स्पेशल ट्रेन कासगंज से चलकर पीलीभीत जंक्शन पर सुबह अपने निर्धारित समय सुबह 10 बजे पहुंची। रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचते ही यात्रियों की भीड़ ट्रेन में चढ़ना शुरू हो गई। ट्रेन में सवार होने वाले यात्रियों में अधिकांश यात्री पूर्णागिरि धाम जाने के लिए ट्रेन में सवार हुए। करीब पांच मिनट ठहरने के बाद मेला स्पेशल ट्रेन टनकपुर के लिए रवाना हो गई। वापसी में यह ट्रेन टनकपुर से अपरान्ह 1.10 बजे रवाना होकर 2.43 बजे पीलीभीत जंक्शन पर पहुंची। मेला स्पेशल ट्रेन में सुबह की अपेक्षा शाम को खासी भीड़ भाड़ देखी गई। सुरक्षा के लिहाज से आरपीएफ एवं जीआरपी भी मौजूद रही।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005

बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो.9457833777



**इफ्तार** 7 मार्च
सुन्नी: 06.21
शिया: 06.30

**सहरी** 8 मार्च
सुन्नी: 05.08
शिया: 05.02

नोट : क्षेत्रानुसार सहरी और इफ्तार के समय में परिवर्तन हो सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### ज्वैलर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष की दुकान से 4 ग्राम का पेंडेंट चोरी

**बदायूं, अमृत विचार :** ऑल इंडिया ज्वैलर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष जितेंद्र महाजन की पुराना बाजार में ज्वेलरी शॉप है। गुरुवार दोपहर बुर्का पहने एक महिला और एक पुरुष उनकी दुकान पर आए। पुरुष का चेहरा भी गमछे से ढका था। उन्होंने स्टाफ से सोने के पेंडेंट खरीदने की बात कही। वहीं जितेंद्र महाजन दूसरे ग्राहकों को जेवर दिखाने में व्यस्त थे। स्टाफ ने उन दोनों को पेंडेंट दिखाए। पसंद न होने की बात कहकर लगभग 20 से 25 मिनट के बाद वह बिना कुछ खरीदे दुकान से चले गए। उनके जाने पर स्टाफ ने पेंडेंट का वजन किया तो लगभग 4 ग्राम का पेंडेंट गायब था तो उन्हें चोरी का पता चला। व्यापारी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। दुकान के भीतर और बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की। व्यापारी की तहरीर पर पुलिस ने दोनों की पहचान शुरू कर दी है।

### महिला के साथ घर में घुसकर की छेड़छाड़ सास को दिया धक्का

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने गांव के ही एक युवक पर छेड़छाड़ और अश्लीलता करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। महिला ने तहरीर में कहा है कि गुरुवार को वह अपनी सास के साथ घर पर थी और परिवार के लोग काम करने के लिए खेत पर गए थे। युवक घर में घुस आया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाया तो बचाने के लिए सास आईं। युवक उन्हें धक्का देकर भाग गया। शिकायत करने पर युवक के भाई ने घेरकर गाली-गलौज की।

# मेडिकल कॉलेज के छात्रावास का निर्माण अटका

## सौ करोड़ का प्रस्ताव भेजने के बाद भी नहीं हुई सुनवाई, डिप्टी सीएम के निर्देश के बाद की थी बजट की मांग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग की छात्राओं को हॉस्टल निर्माण के लिए सरकार से धन स्वीकृत करने को पत्र लिखा गया था। धन नहीं मिलने के कारण छात्रावास का प्रोजेक्ट अधर में लटका है। डिप्टी सीएम के आश्वासन के बाद कॉलेज प्रशासन ने सर्वे कराने के बाद सरकार से धन की मांग की थी। जो जल्द पूरी होती नहीं दिख रही है।

राजकीय मेडिकल कालेज में करीब ढाई सौ से अधिक नर्सिंग की छात्राएं पढ़ाई कर रही हैं जबकि कुछ एमबीबीएस के छात्र छात्राएं भी अध्ययनरत हैं। लेकिन राजकीय मेडिकल कालेज परिसर में छात्रों को अलग से छात्रावास नहीं है। एक अन्य बिल्डिंग में उक्त छात्र रह रहे हैं।

हालांकि एक छात्रावास अर्द्धनिर्मित है। उसमें करीब 40 प्रतिशत निर्माण कार्य हो चुका है जबकि नर्सिंग की छात्राओं को अलग से छात्रावास बनाने को लेकर सरकार से सौ करोड़ की मांग की गयी थी। पिछले साल डिप्टी सीएम बृजेश पाठक यहां आए थे।



मेडिकल कालेज।

उन्होंने मेडिकल कालेज का दौरा भी किया था। डिप्टी सीएम के समक्ष छात्रावास की मांग रखी गयी थी। उन्होंने आश्वासन दिया था कि यहां पर भूमि का सर्वे कराएं और सरकार को पत्र लिखिए जिस पर धन स्वीकृत किया जा सके। डिप्टी सीएम के उक्त आश्वासन के बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में एक टीम ने भूमि का सर्वे किया और सर्वे रिपोर्ट शासन को भेजी गयी। सरकार से धन स्वीकृत करने की मांग की गयी। लेकिन अभी तक सरकार से धन नहीं मिला है जिससे नर्सिंग की छात्राओं को छात्रावास की सुविधा जल्द मिलती नहीं दिख रही है।

राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डा. अरुण कुमार ने बताया कि तीन वार सरकार को पत्र लिखे जा चुके हैं। इतना ही नहीं।

शासन के समक्ष स्वयं भी उक्त डिमांड को रखा गया है फिर भी नतीजा शून्य है। अब छात्रावास निर्माण को जिस कार्यदायी संस्था से बात की गयी है वह संस्था सर्वे के बाद निर्माण शुरू करना चाहती है।

### डायलिसिस यूनिट की प्रक्रिया भी अधर में लटकी

राजकीय मेडिकल कालेज में डायलिसिस यूनिट लगाने को भी सर्वे किया जा चुका है। यूनिट लगाने वाली डीसीडीसी कंपनी ने कॉलेज परिसर में दस बेड का यूनिट लगाने का प्रस्ताव रखा था। लेकिन कॉलेज प्रशासन के पास दस बेड का वार्ड तैयार नहीं होने से डायलिसिस यूनिट की प्रक्रिया भी अधर में लटकी हुई है। राजकीय मेडिकल कालेज प्रबंधन का कहना है कि यहां पर कंपनी को मरीज से पूरा पैसा मिलेगा जबकि जिला अस्पताल में लगे यूनिट पर आने वाले मरीज का पैसा सरकार देती है। राजकीय मेडिकल कालेज में डायलिसिस यूनिट लगने से मरीजों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

### आधे अधूरे मानकों के साथ चल रहा मेडिकल कॉलेज

सरकार से धन नहीं मिलने से राजकीय मेडिकल कालेज में कई खंड अधूरे हैं जिससे कालेज प्रशासन को दिक्कत हो रही है। कालेज प्रशासन ने दो खंडों का निर्माण पूरा करने को सरकार से अतिरिक्त धन की मांग की थी। करीब तीन साल से मांग पर किसी ने ध्यान नहीं दिया है जिससे निर्माण कार्य रूका हुआ है। कॉलेज प्रशासन का कहना है कि दो खंड पूरे होने से यहां पर चार सौ वेड की व्यवस्था पूरा हो जाएगी जिससे राजकीय मेडिकल कालेज मानक के अनुसार पूरा हो जाएगा। अभी आधे अधूरे मानकों के साथ राजकीय मेडिकल कालेज का संचालन किया जा रहा है।

राजकीय मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग की छात्राओं को हॉस्टल निर्माण के लिए सरकार से धन स्वीकृत करने की मांग की गयी है। इसके अतिरिक्त अधूरे खंडों को पूरा करने को भी पैसे की डिमांड की जा चुकी है। अभी तक किसी पर ध्यान नहीं दिया गया है। इसलिए कई तरह की समस्याएं सामने आ रही हैं। कॉलेज में वार्डों की मरम्मत के लिए पैसे की जरूरत है। हर स्तर पर कार्यवाही की जा रही है। लेकिन पैसा नहीं मिलने से सब कुछ रुका हुआ है।

**डा. अरुण कुमार** – प्राचार्य राजकीय मेडिकल कालेज

# ट्रक से उतारते समय पलटा नया ट्रैक्टर, युवक की दबकर मौत



एजेंसी के बाहर पलटा पड़ा ट्रैक्टर। • अमृत विचार

संवाददाता, सहसवान

- शुक्रवार सुबह ट्रक से उतारते समय अनियंत्रित हो गया था ट्रैक्टर

**अमृत विचार :** कोतवाली सहसवान क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। ट्रैक्टर एजेंसी पर ट्रक से नया ट्रैक्टर उतारते समय अचानक वाहन पलट गया। जिससे नीचे दबकर एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

सहसवान क्षेत्र के गांव अल्लीपुर टप्पा निवासी रामसेवक (19) पुत्र नौबत सिंह एक ट्रैक्टर एजेंसी पर काम करते थे। शुक्रवार सुबह कंपनी की ओर से नए ट्रैक्टरों से भरा ट्रक एजेंसी पर पहुंचा। रामसेवक ट्रक से ट्रैक्टर उतारने का काम कर रहे थे। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से एक ट्रैक्टर अचानक पलट गया और रामसेवक उसके नीचे दब गए। हादसा होते ही एजेंसी पर मौजूद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। कर्मचारियों ने किसी तरह ट्रैक्टर को सीधा कर युवक को बाहर निकाला और तुरंत उसे अस्पताल ले गए, लेकिन वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत के बाद से परिजनों में चीत्कार मचा है।

# ससुराल से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत, दो घायल

- बदायूं-बिजनौर हाईवे पर गांव टिटौली के पास शुक्रवार शाम हुआ हादसा



कप्तान सिंह का फाइल फोटो।

**बिल्सी, अमृत विचार :** बदायूं-बिजनौर हाईवे पर शुक्रवार शाम तेज रफ्तार वाहन ने एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार उसकी सास और एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

थाना उघैती थाना क्षेत्र के गांव कुबरी निवासी बीपी सिंह ने बताया कि उनके भाई कप्तान सिंह पुत्र मेघ सिंह अपनी ससुराल कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव अंबियापुर से बाइक से वापस घर लौट रहे थे। बाइक पर साथ में उनकी सास चमेली और एक बच्ची भी बैठी हुई थी। बदायूं-बिजनौर हाईवे पर उघैती थाना क्षेत्र के गांव टिटौली के पास पहुंचे तो पीछे से आ रहे तेज रफ्तार से वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक सवार बच्ची समेत तीनों लोग सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही उघैती थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को एंबुलेंस की मदद से बिल्सी के सरकारी अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने कप्तान सिंह को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल महिला चमेली और बच्ची का अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है।

# मौसम परिवर्तन का असर, ओपीडी में आ रहे टाइफाइड के मरीज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बुखार के बाद अब टाइफाइड ने रफ्तार पकड़ ली है। शुक्रवार को 16 टाइफाइड पीड़ित मरीजों को देख कर दवा लिखी गयी और करीब डेढ़ सौ मरीजों को ब्लड टेस्ट कराने को लिखा गया। बुखार के मरीजों को जांच रिपोर्ट देखने के बाद ही दवा दी जा रही है। जांच में अब अधिकांश मरीज टाइफाइड के सामने आ रहे हैं।

गर्मी शुरू होते ही बीमारियों ने लोगों को घेरना शुरू कर दिया है। बुखार से जूझ रहे लोगों की अब तक भीड़ रहती थी। लेकिन अब जिला अस्पताल में टाइफाइड के मरीजों की संख्या अचानक बढ़ने लगी है। अब तक दो चार मरीज ही टाइफाइड के आते थे। बुखार के मरीज अधिक आते थे। शुक्रवार को जिला अस्पताल में पर्चा काउंटर पर मरीजों की एक बजे तक लाइन लगी रही। आज अस्पताल में करीब 1241 मरीजों ने पर्चा बनवाए। जिसमें से चार सौ से अधिक मरीज बुखार के आए इनमें से 16 मरीज टाइफाइड के निकले। टाइफाइड के अधिक मरीज सामने आने के बाद डॉक्टर अब बुखार के मरीजों का ब्लड टेस्ट करा रहे हैं। ब्लड टेस्ट रिपोर्ट देख कर ही दवा दे रहे हैं। डॉक्टरों ने बताया कि अब टाइफाइड हर दिन बढ़ रहा है। सरकारी अस्पतालों में इतने मरीज आ रहे हैं तो प्राइवेट चिकित्सकों के यहां और अधिक भीड़ बढ़ रही है। जो चिंताजनक है।

फिजीशियन डा. एसएम कमल ने बताया कि अब गर्मी शुरू हो चुकी है। टाइफाइड और मलेरिया के मरीज आने शुरू हो गए हैं। बताया कि आज मलेरिया के दो मरीज आए। उन्होंने बाहर ब्लड की जांच कराई थी। उन्हें दवा दी गई। जिला अस्पताल में ब्लड की जांच में भी मलेरिया पॉजिटिव मरीज निकले हैं लेकिन कम संख्या में है इसलिए अभी चिंता की बात नहीं है। जबकि टाइफाइड ने रफ्तार पकड़ ली है। इसलिए मरीजों को जांच कराने को लिखा जा रहा है।



जिला अस्पताल में एक बजे पर्चा बनवाते मरीज। • अमृत विचार

- गर्मी का दिखा असर, टाइफाइड के मरीजों की बढ़ रही संख्या
- जिला अस्पताल में टाइफाइड के मरीजों ने ली दवा

### प्राइवेट लैब से जांच करा रहे मरीज

जिला अस्पताल में ब्लड जांच की रिपोर्ट दो दो दिन में मिलने से मरीज प्राइवेट लैब पर जांच करा रहे हैं। शहर में निजी पैथोलॉजी लैब पर अब जांच कराने वालों की भीड़ देखने को मिल रही है। गांव कस्बों में चल रहीं प्राइवेट पैथोलॉजी लैब पर जांच कराने पर अधिकांश मरीजों को टाइफाइड या मलेरिया की पुष्टि होती है। जिससे मरीज बाहर ही इलाज कराते हैं जबकि कुछ मरीज जिला अस्पताल से जांच रिपोर्ट दिखा कर दवा ले रहे हैं।

### दो दिन के बाद मिल रही जांच रिपोर्ट

जिला अस्पताल की नई पैथोलॉजी लैब में ब्लड जांच की एक ही मशीन होने से मरीजों को दो दो दिन के बाद जांच रिपोर्ट मिल पा रही है जिससे उन्हे दिक्कत हो रही है। ब्लड जांच के लिए सैकड़ों मरीज पहुंच रहे हैं जिन्हें दो दिन बाद आने को कहा जाता है। दो दिन तक दवा नहीं लेने से मरीजों की हालत और बिगड़ रही है। जो मरीज बाहर से जांच करा कर दवा ले रहे हैं उन्हे दिक्कत नहीं हो रही है। ब्लड जांच के लिए मरीजों को लाइन में लगने के बाद भी दो दिन के बाद रिपोर्ट दी जा रही है।

जिला अस्पताल में अब टाइफाइड और बुखार के मरीजों को भर्ती किया जा रहा है जिससे अब मेडिकल वार्ड को खोल दिया गया है। मरीज कम होने के कारण मेडिकल वार्ड दो माह से बंद था। लेकिन एक सप्ताह से मरीजों की संख्या बढ़ रही है जिससे 30 शैया मेडिकल वार्ड अब मरीजों को खोल दिया गया है। मलेरिया वार्ड भी मरीजों को आरक्षित किया गया है। मौसम को देखते हुए तैयारी की गयी है।

**डा. अमित वार्ष्णेय**, सीएमएस जिला अस्पताल

# उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा में केंद्रों पर तैनात रहेंगे सेक्टर मजिस्ट्रेट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** 14 और 15 मार्च को उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा होनी है। शहर में 15 केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर 17280 अभ्यर्थी परीक्षा के लिए पहुंचेंगे। परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रत्येक पाली में 4320 अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे। सीसीटीवी की निगरानी में होने वाली परीक्षा के दौरान केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। शुक्रवार को डीएम ने कलेक्ट्रेट सभागार में परीक्षा की तैयारियों को लेकर समीक्षा की। इस दौरान डीएम ने अधिकारियों को परीक्षा संबंधी नियमों की जानकारी से अवगत कराया।

जिलाधिकारी अवनीश राय ने अधिकारियों को परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। बताया कि परीक्षा केन्द्रों के साथ सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं अन्य निर्धारित स्थलों पर नामित अधिकारी तैनात रहेंगे। कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम से निरंतर मॉनिटरिंग की जाएगी। अधिकारियों से कहा कि परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था, यातायात, विद्युत, पेयजल, चिकित्सा एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखा जाए ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों की सघन तलाशी, पहचान पत्र की जांच, मोबाइल फोन व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की व्यवस्था की गई है। साथ ही कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु परीक्षा केन्द्रों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, एम्बुलेंस तथा आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए रोडवेज बस स्टैंड तथा पुलिस लाइन चौराहे सहित प्रमुख स्थानों पर यातायात, पार्किंग एवं भीड़ नियंत्रण की विशेष व्यवस्था की जाएगी, ताकि किसी प्रकार की जाम की स्थिति उत्पन्न न हो।

इस अवसर पर एडीएम एफआर, एडीएम प्रशासन सहित अन्य मजिस्ट्रेट व केन्द्र व्यवस्थापक व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम अवनीश कुमार राय • अमृत विचार

- परीक्षा की कंट्रोल रूम से की जाएगी निगरानी, डीएम ने तैयारियों को लेकर की समीक्षा
- 15 केंद्रों पर 14 व 15 मार्च को होगी उपनिरीक्षक भर्ती लिखित परीक्षा, 17280 अभ्यर्थी बैठेंगे

# शेखूपुर चीनी मिल के गन्ना पेराई सत्र का समापन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- एक भी नहीं लौटी ट्राली, मिल प्रबंधन ने हटाया कांटा
- शासन को भेजी चीनी उत्पादन की जानकारी

**अमृत विचार :** जनपद की इकलौती सहकारी चीनी मिल शेखूपुर का गन्ना पेराई सत्र का शुक्रवार को समापन हो गया। चीनी मिल ने करीब दस लाख साठ हजार क्विटल गन्ने की पेराई कर एक लाख क्विंटल से अधिक चीनी का उत्पादन किया है जो गत वर्ष से अधिक है। चीनी मिल के सफल संचालन को जनरल मेनैजर की गन्ना किसानों ने सराहना की है।

शेखूपुर चीनी मिल में गन्ना पेराई सत्र पिछले साल नवम्बर के अंतिम सप्ताह में शुरू हुआ था। मिल प्रबंधन ने इस साल चीनी मिल की लगभग सभी मशीनों की मरम्मत कराई थी जिससे मशीनें पूरे सत्र ठीक ठाक चलती रहीं। हालांकि कुछ तकनीकी कमियों के चलते मिल करीब 160 घंटे बंद रही। फिर भी मिल ने अपने क्षेत्र के गन्ना किसानों का शत प्रतिशत गन्ना खरीदा। उसके बाद कुछ गन्ना बिसौली चीनी मिल का मिल गया जिससे मिल पर गन्ना पर्याप्त मात्रा में रहा।

चीनी मिल की महा प्रबंधक मणि अरोड़ा ने शुक्रवार को शासन के निर्देश पर चीनी मिल के गन्ना पेराई सत्र का समापन की घोषणा कर दी। कहा कि अब उनके किसानों का गन्ना नहीं बचा है इसलिए मिल को आगे तक चलाना संभव नहीं है। आज सुबह आठ बजे गन्ना पेराई पूरी करने के बाद पेराई सत्र का समापन कर दिया गया। उन्होने बताया कि इस साल करीब एक लाख क्विंटल से अधिक चीनी तैयार की गयी है। जबकि दस लाख 60 हजार क्विंटल गन्ना खरीदा गया है जो करीब 42 करोड़ से अधिक का है।

उधर शेखूपुर चीनी मिल के गन्ना किसानों ने मिल के समापन पर कहा कि मिल की जनरल मैनेजर मणि अरोड़ा के अथक प्रयासों के चलते इस साल गन्ना किसानों को परेशानी नहीं हुई। पूरी तौल आर समय पर भुगतान होने से किसानों ने राहत की सांस ली है। गुलड़िया निवासी गन्ना किसान रामपाल ने बताया कि उनके पास सौ बीघा गन्ना था जो समय पर चीनी मिल पर गया और भुगतान भी बराबर मिल रहा है। अन्य किसानों ने भी जनरल मैनेजर के प्रयासों की प्रशंसा की है।



जनरल मैनेजर मणि अरोड़ा

### बिसौली चीनी मिल का मिला 50 हजार क्विंटल गन्ना

शेखूपुर चीनी मिल को इस साल बिसौली चीनी मिल का करीब 50 हजार क्विंटल गन्ना मिला। जिससे मिल को गन्ने की कमी नहीं हुई। चीनी मिल के पहली बार लखनपुर में दो क्रय केंद्र खोले गए थे जिन पर क्षेत्र के किसानों का गन्ना खरीदा गया। शुक्रवार को चीनी मिल के दोनो क्रय केंद्र बंद कर दिए गए। वहां से मिल प्रबंधन ने अपना कांटा और स्टाफ को हटा लिया।

बेसिक शिक्षा

पिछले सत्र के मुकाबले परिषदीय स्कूलों में 24 हजार बच्चे कम हुए

# परिषदीय स्कूलों में घट रही बच्चों की संख्या

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** तमाम प्रयासों और करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद भी परिषदीय स्कूलों की स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है। सरकारी दावों और स्कूल चलो अभियान के बावजूद जिले में संचालित परिषदीय स्कूलों में बच्चों की संख्या लगातार घट रही है। पिछले साल में तुलना में इस साल करीब 24 हजार बच्चे कम हो गए। शिक्षक नए नियमों और गैर-शैक्षिक कार्यों में व्यस्तता को कारण मान रहे हैं। वहीं अधिकारियों का कहना है कि नए शैक्षिक सत्र में अधिक से अधिक बच्चों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा।

जिले में 2158 परिषदीय स्कूल संचालित हैं। इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को दोपहर में निशुल्क भोजन, किताबें और डीबीटी के माध्यम से ड्रेस व अन्य सामग्री खरीदने के लिए 12 सौ रुपए दिए जाते हैं। इतनी सुविधाएं मिलने के बाद भी लोगों का मोह परिषदीय स्कूलों की ओर से भंग होता जा रहा है। वह अपने बच्चों को परिषदीय स्कूलों की बजाए निजी स्कूलों में भेजना पसंद कर रहे हैं। ग्रामीणों का परिषदीय स्कूलों की ओर से मोहभंग होने और शिक्षकों के द्वारा शिक्षण कार्य में रुचि न दिखाने का परिणाम यह रहा है कि शैक्षिक सत्र 2024-2025 की तुलना में शैक्षिक सत्र 2025-2026 में बच्चों की संख्या करीब 24 हजार घट गई है। यू-डायस पर प्रदर्शित हो रहे आंकड़े बता रहे हैं कि शैक्षिक सत्र 2024-2025 में परिषदीय स्कूलों में बच्चों की संख्या करीब 3.13 लाख से अधिक थी। वर्तमान शैक्षिक संख्या घटकर 2.89 लाख रह गई है। जबकि बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए शासन की ओर से स्कूल चलो अभियान के लिए बेसिक शिक्षा विभाग को तीन लाख रुपए का बजट भी जारी किया था। इसके बावजूद एक साल में छात्र संख्या बढ़ने के बजाय करीब सात हजार कम हो गई। बच्चों की संख्या घटने के पीछे शिक्षक गैर शैक्षणिक कार्यों में व्यस्त रहने का कारण बता रहे हैं। शिक्षक संघ के नेता अरुण पांडेय का कहना है कि गैर कार्यों में व्यस्त रहने की वजह से शिक्षक नियमित पढ़ाई नहीं करवा पा रहे हैं। पिछले चार माह से पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। इससे शैक्षिक माहौल खराब हो रहा है। इसी वजह से अभिभावक अपने बच्चों को परिषदीय स्कूलों से निकालकर निजी स्कूलों में प्रवेश दिला रहे हैं।

- बेसिक शिक्षा विभाग का नए सत्र में बच्चों की संख्या बढ़ाने पर रहेगा जोर
- बीएसए बोले- आरटीई से ग्रामीण निजी स्कूलों में प्रवेश दिलाने पर अधिक रुचि भी ले रहे

परिषदीय स्कूलों में बच्चों की संख्या कम होने का कारण बनाई गई नियमावली है। जिसमें उम्र को एक साल बढ़ा दिया है। आरटीई के तहत ग्रामीण निजी स्कूलों में प्रवेश दिलाने पर अधिक रुचि भी ले रहे हैं। कुछ अन्य कारण भी हो सकते हैं। इन सब की समीक्षा की जाएगी। नए शैक्षिक सत्र में बच्चों की अधिक से अधिक संख्या बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा।

**वीरेंद्र कुमार सिंह**, बीएसए

# दबंगों ने युवक को लाठी-डंडों से पीटा

**बिल्सी, अमृत विचार:** उघैती थाना क्षेत्र के गांव कमलपुर भूड़ में शुक्रवार को कुछ दबंग किस्म के लोगों ने एक युवक के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शिकायत पर पुलिस ने घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया है। और मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव कमलपुर भूड़ निवासी टिंकू यादव पुत्र उलफत सिंह ने आरोप लगाते हुए पुलिस को बताया कि वह आधार कार्ड लेने के लिए पास के गांव क्यावली पैदल जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आए गांव के कुछ लोगों ने उसे रास्ते में घेर लिया। आरोप है कि दबंगों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत उघैती थाना पुलिस से की। पुलिस ने घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए बिल्सी भेज दिया है। साथ ही मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिया है।

# कंपनी की सरिया चोरी, मैनेजर ने पकड़कर दर्ज कराई रिपोर्ट

संवाददाता, विजय नगला

- मैनेजर का आरोप, तीन मार्च की रात चौकीदार समेत दो लोगों को रंगेहाथ पकड़ा

**अमृत विचार :** बरेली-मथुरा राजमार्ग के चौड़ीकरण का काम कर रही सनराइज कंपनी की साइट से सरिया चोरी कर ली गई। मैनेजर ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जिला हिसार क्षेत्र के गांव सलेमगढ़ निवासी संदीप कुमार पुत्र राजपाल ने बिनावर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह सनराइज कंपनी के मैनेजर पद पर कार्यरत हैं। उनकी कंपनी राजमार्ग के चौड़ीकरण का काम करा रही है। मटेरियल रखने का केंद्र गांव भरतौली में बनाया गया है। जहां सामान की रखवाली करने के लिए चौकीदार जितेंद्र की ड्यूटी लगाई है।

आरोप है कि चौकीदार ने अपने परिवार के चचेरे भाई कुंवरपाल के साथ मिलकर केंद्र पर पड़ी लोहे की सरिया चोरी कर ली और तीन मार्च को ई-कार में भरकर ले जा रहे थे। उन्होंने अपनी कंपनी में काम कर रहे लोगों के साथ मिलकर उन दोनों को बिनावर क्षेत्र के गांव करतोली मोड़ पर पकड़ लिया।

अंधेरे का फायदा उठाकर कुंवरपाल भाग गया। जितेंद्र को सरिया समेत पुलिस के हवाले कर दिया। मैनेजर की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

### चार वाहन किए सीज

**बदायूं, अमृत विचार :** एआरटीओ हरिओम ने वाहनों का चेकिंग अभियान चलाया। बिना हेलमेट व सीट बेल्ट लगाए चलने, गलत दिशा में वाहन चलाने, मोबाइल फोन पर बात करने पर 79 वाहनों का चालान किया।

**आवश्यकता है**
अनुभवी व्यक्तियों की
- ओ.टी. टेक्नीशियन
- लैब टेक्नीशियन
- पी.आर.ओ (पब्लिक रिलेशन आफिसर)
- कंप्यूटर ऑपरेटर

वेतन योग्यतानुसार
सम्पर्क करें
एच.आर. ऑफिस एडमिन ब्लाक
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
एन.एच.-30, बन्थरा, शाहजहाँपुर
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे तक
मो. 7521001986

न्यूज ब्रीफ

### कासगंज बरेली के बीच कुछ ट्रेनें जंक्शन तक हुईं सीमित

**बदायूं, अमृत विचार :** इज्जत नगर रेलवे प्रशासन द्वारा कुछ ट्रेनों का संचालन शार्ट कर दिया गया है। जिससे बरेली सिटी यार्ड स्थित समपार संख्या 248-स्पेशल पर एलएचएस निर्माण कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों संचालन जंक्शन तक ही सीमित कर दिया गया है। जिसमें - 55329 कासगंज-बरेली सिटी सवारी गाड़ी 7 मार्च से 30 अप्रैल तक बरेली जंक्शन तक ही जाएगी। जबकि 55328 बरेली सिटी-कासगंज सवारी गाड़ी 8 मार्च, से 1 मई, तक बरेली जंक्शन तक ही चलेगी। इसी तरह - 55316-55315 पीलीभीत-बरेली सिटी-पीलीभीत सवारी गाड़ी 8 मार्च, से 28 अप्रैल, तक इज्जतनगर तक चलेगी।

### निजी नलकूप का दरवाजा तोड़कर कृषि उपकरण चोरी


दरवाजा तोड़कर चोरी।

**करियामई , अमृत विचार :** उघैती थाना क्षेत्र के गांव करियामई में गुरुवार रात चोरों ने एक निजी नलकूप को निशाना बनाया। खेत स्वामी सुबह जब नलकूप पर पहुंचा तो चोरी की जानकारी हुई। गांव निवासी धीर सिंह पुत्र जगपाल का खेत पर निजी नलकूप लगा हुआ है। चोरों ने उनके नलकूप का दरवाजा तोड़कर अंदर रखे कृषि संबंधित सामान पर हाथ साफ कर आसानी से फरार हो गए। सुबह जब धीर सिंह खेत पर पहुंचे तो नलकूप का दरवाजा टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो वहां से करीब 65 किलो पानी चलाने वाला पाइप और दवा छिड़काव करने वाली स्प्रे टंकी गायब थी। सूचना मिलने पर आसपास के किसान मौके पर पहुंचे। किसान ने तहरीर देकर खुलासे की मांग की है।

# ईरान-इजरायल युद्ध से खाद्य पदार्थों में महंगाई की आहट, बाजार में हलचल

## युद्ध से सप्लाई चेन प्रभावित होने से बाजार में अनिश्चितता, व्यापारी परेशान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** पिछले लंबे समय पश्चिम एशिया में युद्ध का माहौल बना हुआ है। रूस और यूक्रेन युद्ध के बाद अब अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच युद्ध शुरू हो चुका है। पश्चिम एशिया में बने इन हालातों की वजह से खाद्य पदार्थों में महंगाई की आहट होने से व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी है। व्यापारियों का मानना है कि यदि ईरान-इजरायल युद्ध लंबा चला तो जिले में खाद्य पदार्थों की आपूर्ति और कीमतों पर इसका असर पड़ेगा। सप्लाई चेन बाधित हो जाएगी। जिससे आयात होने वाली वस्तुओं के दामों में भारी उछाल आ जाएगा। जिससे व्यापार करना मुश्किल होगा।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र धींगड़ा बताया कि जिले में दाल, खाद्य तेल और दवा से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम तक पर ईरान-इजराइल युद्ध असर पड़ेगा। बाजार में खाद्य पदार्थ से लेकर अन्य सामान महंगे जाएंगे। प्रदेश युवा अध्यक्ष नवनीत गुप्ता का कहना है कि जब भी कहीं युद्ध या बड़ी आपदा आती है, तो वैश्विक बाजार के साथ-साथ स्थानीय कीमतों में भी उछाल आता है। सप्लाई चेन प्रभावित होने से बाजार में अनिश्चितता का माहौल बन जाता है। खाद्य पदार्थों के दाम तेजी से बढ़ते हैं। जिसका असर न सिर्फ आम आदमी पर पड़ता है। बल्कि व्यापारी भी मुश्किल में आ जाते हैं। व्यापार संगठन के जिला महामंत्री संजीव आहूजा का कहना है कि ईरान-इजरायल युद्ध अगर लंबा चला तो इसका असर खाद्य पदार्थों के साथ दालों पर सबसे अधिक पड़ेगा। कहा कि युद्ध का सबसे अधिक प्रभाव अरहर की दाल की आपूर्ति पर देखने को मिलेगा। कहा कि अरहर की दाल का एक बड़ा हिस्सा दूसरे देशों से आयात किया जाता है। अरहर, उड़द और काबली चना सहित अन्य दालें दूसरे देशों से आयात की जाती हैं। जिसके कारण इनके स्टॉक को लेकर संशय बना रहेगा।


किराने की दुकान से खरीदारी करते लोग ● अमृत विचार

### तेल की कीमतें बढ़ने से बढ़ेगी परिवहन लागत

उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश युवा अध्यक्ष नवनीत गुप्ता ने बताया कि ईरान-इजरायल युद्ध की वजह से कच्चे तेल का आयात समय पर नहीं हो पाएगा। कच्चे तेल के आयात में बाधा आ उत्पन्न हो जाएगी। जिसकी वजह से डीजल की कीमतें बढ़ सकती हैं। कहा कि आयात में बाधा आने से यदि डीजल की कीमत बढ़ी तो इसका सीधा प्रभाव माल ढुलाई पर पडेगा। जिसका बोझ सीधा उपभोक्ता की जेब पर आएगा। ढुलाई महंगी होने की वजह से खाद्य पदार्थ सहित अन्य वस्तुओं के दाम बढ़ जाएंगे। कहा कि अगर युद्ध लंबा खींचता है तो आने वाले दिनों में बाजार में तेजी देखने को मिल सकती है।

## लोन दिलाने के नाम पर लोगों से ठगे रुपये, शिकायत

**वितरोई, अमृत विचार:** मुजरिया थाना क्षेत्र में लोन दिलाने के नाम पर एक युवक ने ग्रामीणों से चार से पांच हजार रुपए ठग लिए। रुपए लेने के बाद न लोन मिला, न पैसा वापस हुआ,अपने को ठगा महसूस करने के बाद पीड़ितों ने पुलिस में शिकायत की है। थाना क्षेत्र के गांव समसपुर बल्लू निवासी मेहताब पुत्र हवलदार, डॉ शीलेन्द्र,आदेश, रजनेश,राजेश, अवनेश,सहित दर्जन भर लोगों ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के गांव अलीगंज निवासी विपिन पुत्र तुलसी ने बैंक से लोन दिलाने के नाम पर उनसे चार से पांच हजार रुपए लिए थे। रुपए लिए एक साल का समय बीत चुका है। बताया कि लोन न मिलने पर उन्होंने आरोपी विपिन से रुपए मांगे। जिस पर पहले वह गुमराह करता रहा है। अब रुपए मांगने पर अभद्र भाषा का प्रयोग करता है। लोगों ने थाना मुजरिया में पुलिस से शिकायत कर कार्यवाही करने की मांग की है।

## सीडीओ ने किया विकास खंड इस्लामनगर का निरीक्षण


इस्लाम नगर ब्लॉक का निरीक्षण करते सीडीओ केशव कुमार। ● अमृत विचार

संवाददाता,इस्लामनगर

**अमृत विचार :** शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने विकास खण्ड इस्लामनगर कार्यालय परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सबसे पहले ब्लॉक परिसर स्थित मॉडल आवास का अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने पूरे ब्लॉक परिसर में घूमकर विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीडीओ ने कार्यालयों में रखे अभिलेखों के रखरखाव तथा पत्रावलियों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने जनसुनवाई पंजिका की जांच करते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

सीडीओ ने लेखा पटल का निरीक्षण करते हुए क्षेत्र पंचायत द्वारा राज्य वित्त और केंद्रीय वित्त से कराए गए कार्यों से संबंधित पत्रावलियों की भी समीक्षा की। उन्होंने ब्लॉक परिसर में साफ-सफाई के साथ ही रंगाई-पुताई कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी नितिन कुमार, एडीओ, एपीओ, लेखाकार, वरिष्ठ सहायक, तकनीकी सहायक सहित ब्लॉक का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# होली मेला में गले मिलकर दी बधाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


होली मेला में मौजूद समाज के लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** होली मिलन समिति की ओर से दिवंगत कृष्ण स्वरूप वैश्व व ओम प्रकाश मथुरिया की स्मृति में बदायूं सिटी मॉल में होली मेला लगवाया गया। विभिन्न समाजों ने अलग-अलग पंडाल लगाए। बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि होली का त्योहार हम सबके जीवन में खुशियां लेकर आए और समाज के सभी लोगों हमेशा मिलकर मनाएं।

एमएलसी वागीश पाठक ने कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे का है। जिसमें सभी को एक-दूसरे की खुशी में शामिल होना चाहिए। मूक बधिर कल्याण संस्थान, गोस्वामी समाज, सर्व वैश्य एकता मंच, क्षत्रिय महासभा मौर्य, शाह कुशवाहा समाज, साहू धर्मांध ट्रस्ट समाज, वाल्मीकि समाज, पाली व बघेल, उद्योग व्यापार मंडल, माहेश्वरी सभा, हिंदू जागरण मंच, नगर पालिका परिषद, जीएस हीरो, वार्ष्णेय समाज, ब्राह्मण संघर्ष मोर्चा आदि समाज ने पंडाल लगाए। सभी समाज के लोगों का गुजिया, फल व मेवा खिलाकर स्वागत किया गया। आरएसएस के विभाग प्रचारक सुधांशु, शारदेन्दु पाठक,

● **होली मिलन समिति की ओर से सिटी मॉल में लगवाया होली मेला**

धीरज सक्सेना, रजनी मिश्रा, डीसीबी अध्यक्ष जेके सक्सेना, अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य मनोज मसीह] चीनी मिल के उपाध्यक्ष सुरजीव गुप्ता आदि उपस्थित रहे। होली मिलन समिति के ओम प्रकाश वैश्य, मुनीष अग्रवाल, अजय मथुरिया, अश्वनी आहूजा, राहुल चौबे, नीतेश वार्ष्णेय आदि का विशेष सहयोग रहा। मॉल के मालिक प्रतीश गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। संचालक पंकज शर्मा ने किया।

## गर्भवती महिलाओं को दी स्वच्छता पोषण की जानकारी

**बदायूं, अमृत विचार:** जिले के ब्लॉक वजीरगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत सुरसेना के गांव सरोरिया में आशा कार्यकर्ता की बैठक हुई। जिसमें आशाओं ने गर्भवती महिलाओं और बच्चों की माताओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। आशाओं ने महिलाओं को बताया कि गर्भावस्था के दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए, ताकि मां और शिशु दोनों स्वस्थ रह सकें। इस दौरान महिलाओं को गर्भनिरोधक गोलियां, निरोध और स्वास्थ्य किट का वितरण भी किया गया। आशा कार्यकर्ता ने बताया कि परिवार नियोजन के साधनों का सही उपयोग मां और बच्चे दोनों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। इस बैठक में गांव की कई महिलाएं उपस्थित रहीं और उन्होंने दी गई स्वास्थ्य संबंधी जानकारी को ध्यानपूर्वक सुना।

## बदायूं डायरी

### राष्ट्रीय सम्मेलन में डॉ. शिवम कमठान को राष्ट्रपति प्रशंसा पुरस्कार



**बदायूं, अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज, के सामुदायिक चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शिवम कमठान को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित राष्ट्रपति प्रशंसा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें भारतीय निवारक एवं सामाजिक चिकित्सा संघ के राष्ट्रीय सम्मेलन में सिलवासा स्थित नमो मेडिकल कॉलेज में प्रदान किया गया। डॉ. कमठान को यह पुरस्कार सामुदायिक स्वास्थ्य, जन स्वास्थ्य शिक्षा और निवारक चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट नेतृत्व और योगदान के लिए दिया गया। वे वर्तमान में जीएमसी बदायूं के युवा विभागाध्यक्षों में शामिल हैं और कई शैक्षणिक व प्रशासनिक जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। उन्होंने कोविड-19 प्रशिक्षण, टीबी-फ्री इंडिया अभियान, पोषण माह तथा अन्य जन स्वास्थ्य कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डा. अरुण कुमार ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. शिवम कमठान की यह उपलब्धि संस्थान के लिए गर्व का विषय है। उनके कार्य से न केवल कॉलेज बल्कि जन स्वास्थ्य सेवाओं को भी नई दिशा मिल रही है।



### यूजीसी लागू कराने को सौंपा ज्ञापन

**बदायूं, अमृत विचार :** शुक्रवार को भारत मुक्ति मोर्चा एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा गया। अम्बेडकर पार्क में मोर्चा के लोगों ने धरना प्रदर्शन किया उसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया गया। ज्ञान में मांग की गयी है कि यूजीसी को लागू किया जाए,बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाएं। पिछड़े वर्ग की जनगणना में, सभी जाति समूहों की अलग अलग गिनती की जाए। इस मौके पर भारत मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार लालधर, ओम सिंह प्रधान, प्रदेश संगठन सचिव अरुण कुमार पटेल, मंडल अध्यक्ष राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, सतेंद्र शाक्य जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा,जमील अहमद जिला उपाध्यक्ष, डॉ महेंद्र सिंह धनगर, रामनाथ, भंते महानाम, भंते विश्वरत्न एवं भिक्षु आनंद विनय समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।।



### धोबिया तालाब बना डलावघर

**उझानी , अमृत विचार :** बदायूं कासगंज राजमार्ग स्थित धोबिया तालाब पर नगर का कूड़ा कचरा डाला जा रहा है जिससे एक ओर मच्छर पनप रहे हैं वहीं छुट्टा गौवंश इसमें अपने खाने की तलाश में जुटे रहते हैं। लोगों ने नगर पालिका की लापरवाही पर रोष प्रकट किया है। कासगंज राजमार्ग पर धोबिया तालाब है। इस तालाब के आसपास खाली जगह पड़ी है। इस जगह पर नगर पालिका के सफाई कर्मचारी कस्बे से लाई हुई गंदगी डालते हैं जिससे रोड से गुजरना मुश्किल हो गया है। कूड़ा कचरा और गंदगी के कारण यहां पर मच्छर मक्खी मंडराते रहते हैं जिससे लोगों को भारी दिक्कत होती है। मच्छरों से संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। लोगों ने नगर पालिका की लापरवाही पर रोष प्रकट किया है। नगर पालिका के जिम्मेदारों से मांग की गयी है कि यहां पर कूड़ा कचरा गंदगी न डाली जाए।

### सपा राष्ट्रीय सचिव ने सुनीं समस्याएं, होली मिलन में लिया हिस्सा



**बिल्सी, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव योगेंद्र पाल सिंह तोमर ने शुक्रवार को बिल्सी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में भ्रमण कर होली मिलन कार्यक्रम में हिस्सा लिया और लोगों की समस्याएं सुनीं। धनौली गांव में अनुज ठाकुर के आवास पर लोगों से होली मिल कर उनका हाल चाल जाना। पूर्व प्रधान इरशाद मलिक के साथ मुलाकात करने के बाद गांव में भ्रमण किया। तोमर ने क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि सपा कार्यकर्ता अभी से संगठन को मजबूत बनाने में जुट जाएं जिससे पार्टी को मजबूत जनाधार मिल सके। भ्रमण के दौरान सपा नेता का जगह-जगह जोरदार स्वागत हुआ। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. विवेक चौहान, मोनू यादव, राम मोहन यादव ,शेर सिंह यादव, सुमित समेत सैकड़ों कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# शिविर में विद्यार्थियों ने किया योग


शिविर में छात्र-छात्राओं को योग कराते प्रशिक्षक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वामी विवेकानंद इकाई की ओर से गांव नरऊ बुजुर्ग में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया रहा है। जिसके चौथे दिन स्वास्थ्य साधना दिवस मनाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को विविध योग आसनों, प्राणायामों और व्यायामों का प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सतीश सिंह यादव के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने स्वास्थ्य जागरूकता के लिए पर जनजागरूकता रैली निकाली।

● **योग प्रशिक्षण से छात्र-छात्राओं को निरोगी जीवन का दिया मंत्र**

मुख्य अतिथि शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी डॉ. हुकुम सिंह ने बताया कि निरोग रहने के लिए योगासनों और प्राणायामों का विशेष महत्व है। उन्होंने प्रशिक्षक के रूप में अनुलोम-विलोम, कपालभाति, सूर्य नमस्कार, वज्रासन, त्रिकोणासन, वृक्षासन, पद्मासन, ताड़ासन, सर्वांगासन, हलासन, धनुरासन, मयूरासन, नौकासन तथा मर्कटासन आदि प्रमुख आसनों का अभ्यास कराते हुए इनके शारीरिक व मानसिक लाभों से सबको परिचित कराया। मोहन लाल, तमन्ना, विपिन कुमार, समीक्षा, अमर प्रताप सिंह, अशेष, अंशुल कुमार, गौसिया, डॉली कश्यप, दीक्षा आदि उपस्थित रहे। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं में स्वास्थ्य चेतना जगाना रहा।

अनदेखी | मृदा की जांच में जीवांश कार्बन की कमी, उत्पादन पर पड़ा प्रभाव, 21 हजार किसानों के खेतों से लिए मिट्टी के सैंपल की हुई जांच

# अंधाधुंध रासायनिक खाद के उपयोग से खराब हो रही मिट्टी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


प्रयोगशाला में रखी मिट्टी जांच की मशीनें। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** खेतों में रासायनिक खाद के उपयोग की वजह से मिट्टी की सेहत खराब होती जा रही है। रासायनिक उपयोग की अधिकता के चलते इसका प्रभाव फसलों के उत्पादन पर पड़ रहा है। जिसका प्रभाव लोगों के स्वास्थ्य पर भी असर दिखाई दे रहा है। खरीफ फसल के दौरान मृदा की जांच में सामने आया कि जीवांश कार्बन की कमी है। जिसकी पूर्ति गोबर की खाद से की जा सकती है। किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया जा रहा है। साथ ही किसानों को जागरूक भी किया जा रहा है।

खरीफ की फसल के दौरान कृषि विभाग द्वारा अभियान चलाकर सभी 15 ब्लॉकों में मिट्टी के 21 हजार नमूने लिए गए थे। एक ब्लॉक से 17 सौ किसानों के खेतों की मिट्टी जांच के लिए भेजी गई है। जिसकी रिपोर्ट विभाग को प्राप्त हो गई है। साथ ही मृदा कार्ड भी बनकर आ गए हैं। इनका वितरण कराया जा रहा है। विभाग को प्राप्त जांच रिपोर्ट में पता चला है कि मिट्टी में जीवांश कार्बन की कमी पाई गई है। उप कृषि निदेशक के अनुसार सामान्य स्थिति में भूमि में जीवांश कार्बन की मात्रा 0.8 होनी चाहिए। मृदा परीक्षण में यह मात्रा 0.3 से 0.5 आ रही है। मृदा में नाइट्रोजन, पोटाश और फास्फोरस जैसे मुख्य पोषक तत्वों की भी कमी देखी गई है। इसके चलते भूमि के साथ ही फसलों के उत्पादन पर भी इसका असर पड़ रहा है। कृषि विभाग किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन पर जोर दे रहा है। फसल अवशेषों को मृदा में डीकंपोज करने से भूमि में जीवांश कार्बन की मात्रा में इजाफा होता है। इसके बाद भी किसानों द्वारा अधिक उत्पादन के लिए रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग कर रहे हैं। जो न सिर्फ मानव के लिए हानिकारक साबित हो रहे हैं। साथ ही भूमि भी बंजर होती जा रही है।

● **गोबर की खाद का उपयोग करने के लिए कृषि विभाग कर रहा जागरूक**

### फसल चक्र अपनाकर करें भूमि का सुधार

उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने बताया कि भूमि को अधिक उपजाऊ बनाने के लिए उचित फसल चक्र अपनाना चाहिए। इसमें दलहनी फसलों को इसमें शामिल किया जाना आवश्यक है। खेतों में हरी खाद, कंपोस्ट और गोबर की खाद पर्याप्त मात्रा में प्रयोग करने करना चाहिए। अधिक उत्पादन और भूमि के लिए बंजर होने से बचाने को खेत में ही विभिन्न फसल अवशेषों को डीकंपोज किसानों को करना चाहिए। मृदा परीक्षण की रिपोर्ट के आधार पर किसानों को रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए।

> मिट्टी के 75 प्रतिशत नमूनों में मृदा में पोषक तत्वों के साथ ही जीवांश कार्बन की कमी पाई जा रही है। जिससे भूमि का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। इसे पूरा करने के लिए किसानों को फसल चक्र अपनाना चाहिए। साथ ही गोबर की खाद को प्रयोग करना चाहिए।
>
> **प्रदीप कुमार यादव**, भूमि परीक्षण प्रयोगशाला

> खरीफ फसल के दौरान 21 हजार मिट्टी के सैंपल लिए गए थे। उनकी रिपोर्ट प्राप्त हो गई है। मृदा कार्ड भी आ गए हैं। इनका वितरण कराया जा रहा है। मिट्टी में जीवांश कार्बन की कमी पाई गई है। किसानों को जागरूक कर गोबर की खाद उपयोग करने के लिए कहा जा रहा है।
>
> **मनोज कुमार**, उप कृषि निदेशक

## फल खरीदते समय मारपीट की घटना सीसीटीवी में कैद

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर बिल्सी के नगर पालिका बाजार में फल खरीदते समय एक युवक के साथ कुछ दबंगों ने मारपीट कर दी। घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मोहल्ला छह की जैन कॉलोनी निवासी अंशुल कुमार जैन ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह अपनी दुकान के पास एक ठेले से फल खरीद रहे थे। उसी दौरान मामूली कहासुनी को लेकर बादशाहपुर निवासी दो युवकों ने उनके साथ मारपीट कर दी। पीड़ित का आरोप है कि इससे पहले उसकी रेडीमेड कपड़े की दुकान पर बादशाहपुर निवासी कुछ लोग कपड़ा खरीदने आए थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसी रंजिश को लेकर आरोपियों ने बाद में फल खरीदते समय उनके साथ मारपीट कर दी। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मामले में प्रार्थना पत्र मिला है।

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिलें
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन
दर्द रहित उपचार
बवासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन
इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

## न्यूज ब्रीफ

### घर के बाहर खड़े युवक की पिटाई

पीलीभीत, अमृत विचार : अमरिया थाने में दी गई तहरीर में क्षेत्र के ग्राम बिलासपुर निवासी राम भरोसे पुत्र अनोखेलाल ने बताया कि पांच मार्च की शाम साढ़े पांच बजे वह अपने घर के बाहर खड़े थे। इस दौरान उसका सगा भाई रामचंद्र लाल और भतीजा सोमपाल आ गए। दोनों ने गाली गलौज शुरू कर दी। जब उसने विरोध किया तो हमला कर मारपीट की। आसपास के लोगों के एकत्र होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस घायल का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच कर रही है।

### लकड़ी काटने के विवाद में मारपीट

बीसलपुर, अमृत विचार : होली पर लकड़ी काटने को लेकर विवाद में युवक की पिटाई कर दी। ग्राम सफौरा निवासी प्रदीप पुत्र भगवान स्वरूप ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि तीन मार्च की रात 11 बजे घर से ग्राम सफौरा की नहर पुलिया पर टहलने गए थे। गांव के एक पिता पुत्र आए और यह कहकर गाली गलौज करने लगे कि उसने उसके पेड़ों से लकड़ी काटकर होली पर डाली है। बात बढ़ने पर आरोपी के परिवार के कई लोग मौके पर पहुंच गए और उनकी पिटाई कर दी।

### घर में घुसकर किशोरी से छेड़छाड़ का आरोप

पीलीभीत, अमृत विचार : गांव के ही एक युवक ने घर में घुसकर किशोरी से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर मारपीट की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना न्यूरिया में दी गई तहरीर में क्षेत्र की एक किशोरी ने बताया कि चार मार्च को दोपहर एक बजे गांव का सोनू पुत्र हजारीलाल उसके घर में घुस आया। इसके बाद उसे पकड़कर अश्लील हरकत करने लगा। विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। जब उसने शोर मचाया तो आसपास के लोग एकत्र हो गए। इस पर आरोपी मौके से भाग गया। एसओ न्यूरिया सुभाष मावी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी की गिरफ्तारी को दबिश दी जा रही है।

### पीटीआर के डीडी के बनाए फर्जी हस्ताक्षर

पीलीभीत, अमृत विचार : माधोटांडा क्षेत्र के एक व्यक्ति ने लोन के लिए किए गए आवेदन के साथ पीलीभीत टाइगर रिजर्व के प्रभागीय वनाधिकारी का फर्जी हस्ताक्षर किया पत्र भी प्रेषित कर दिया। बैंक द्वारा सत्यापन के लिए पत्र भेजा गया तो जानकारी हुई। प्रभागीय वनाधिकारी ने एसपी से मामले की शिकायत की है।

# मंडी क्षेत्र में गंदगी बेशुमार, नालियों से आ रही दुर्गंध

## मच्छरों से मोहल्ले के लोग परेशान, नहीं हो रही सफाई, ककराला रोड स्थित घरों के आगे भरा गंदा पानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** गंदगी से मच्छरों प्रजनन तेजी के साथ बढ़ रहा है। ककराला रोड स्थित मंडी के निकट रहने वाले लोग भारी गंदगी से परेशान है। मुख्य रोड किनारे कीचड़ और दूषित पानी में मच्छर पनप रहे हैं जिससे स्थानीय लोगों को संक्रामक बीमारियों का भय बना हुआ है। लोगों ने सफाई कराने और मच्छर नाशक दवा का छिड़काव करने को नगर पालिका को पत्र लिखा है।

गर्मियों में मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। गंदगी और कीचड़ के आस पास रहने वाले लोग हर पल दुर्गन्ध का सामना कर रहे हैं। हर जगह गंदगी का साम्राज्य बना हुआ है। मुख्य रूप से उसहैत ककराला रोड स्थित मंडी के निकट बने मकानों के सामने नालों का गंदा पानी भरा है। घरों से निकलने वाले दूषित पानी के निकास की व्यवस्था न होने से यह पूरी गंदगी सड़क किनारे भर जाती है। सड़क किनारे बसे लोगों को हर पल दुर्गन्ध में ही सांस लेनी पड़ रही है। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि इधर नगर पालिका के सफाई कर्मचारी कभी नहीं आते हैं। स्थानीय लोग घरों का कूड़ा कचरा सड़क किनारे फेंक देते हैं जो हवा में उड़ कर फिर से घरों में ही आता है। जबकि कीचड़ में मच्छर पनप रहे हैं जो हर समय डंक मार रहे हैं। बताया कि कुछ लोगों ने इधर सफाई कराने को नगर पालिका प्रशासन को दो बार पत्र दिए। स्थानीय लोग स्वयं भी पालिका चेयरमैन से मिले लेकिन कुछ नहीं हुआ। जिसे अब लगातार गंदगी बढ़ती जा रही है।

उधर वन विभाग रोड स्थित नाले से भारी दुर्गन्ध आने से सरकारी आवासों में रह रहे कर्मचारियों को भारी परेशानी हो रही है। कर्मचारियों ने बताया कि नाले में भारी गंदगी है जिससे मच्छर हर समय डंक मारते हैं। रात को मच्छरदानी लगानी पड़ती है ।सरकारी आवासों में करीब सौ से अधिक कर्मचारी रहते हैं जो इस गंदगी से परेशान हैं। बताया कि सफाई के नाम पर कुछ नहीं किया जाता है। इस नाले की काफी समय से सफाई नहीं की गयी है जिससे नाला गंदगी से ऊपर तक भरा है। नाले के ऊपर विषैले कीटाणु घूमते हैं जो आवासों तक आ जाते हैं। नाली की सफाई कराने की मांग की गयी है।


मंडी क्षेत्र में घरों के आगे भरा गंदा पानी। ● अमृत विचार


ककराला रोड पर भरा दूषित पानी। ● अमृत विचार

### सरकारी आवासों के सामने लगे गंदगी के ढेर

जिला अस्पताल के सामने सरकारी आवासों के आगे भारी गंदगी है। कर्मचारियों ने दो दिन पहले नगर पालिका की कूड़ा गाड़ी को घेर कर गंदगी साफ करने को कहा था लेकिन सफाई कर्मचारियों ने एक नहीं सुनी। कहा सुनी होने के बाद कर्मचारियों ने चेयरमैन को पत्र लिख कर स्थिति से अवगत कराया है। कर्मचारियों का कहना है कि यदि सफाई नहीं कराई गयी तो मच्छरों के चलते बीमारियां फैल सकती हैं। जिससे लोगों को परेशानी होगी। अम्बेडकर पार्क के पीछे वाले नाले को साफ करने की मांग मुखर होती जा रही है।

### अवैध रूप से रह रहे लोगों ने की गंदगी

इंदिरा चौक से दातागंज चौराहे को जाने वाली सड़क पर कई जगह पर कबाड़ियों ने गंदगी कर रखी है। यहां पर कूड़ा एकत्र कर दिया गया है। कुछ कबाड़ी यहां पर अवैध रूप से डेरा डाल कर रह रहे हैं जिससे इस क्षेत्र में सफाई नहीं हो पा रही है। इधर से गुजरने वाले वाहनों को भी गंदगी से भारी परेशानी होती है। स्थानीय लोगों ने अवैध रूप से रह रहे लोगों को हटाने और सफाई कराने की मांग की है। सड़क किनारे बना नाला भी पूरी तरह गंदगी से भर चुका है जिससे दुर्गन्ध आती है।

# परिषदीय स्कूल में खाना बनाते समय सिलेंडर में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- आग लगने के बाद नहीं चले अग्नि बुझाने वाले उपकरण, हादसे के दौरान गायब थी प्रधानाचार्य

**अमृत विचार:** कादरचौक ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल लभारी में खाना बनाते समय सिलेंडर में आग लग गई। आग लगने के दौरान स्कूल में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जिस समय हादसा हुआ। उस समय स्कूल प्रधानाचार्य स्कूल नहीं पहुंची थी। उपस्थित शिक्षकों ने गांव वालों की सहायता से पहले बच्चों को स्कूल से बाहर निकाला। उसके बाद आग बुझाने का प्रयास किया। शिक्षकों ने स्कूल में रखे आग बुझाने के उपकरण को चलाने का प्रयास किया। लेकिन वह शोपीस निकले। सूचना पहुंची पुलिस ने आग को किसी तरह बुझाया।

शुक्रवार को स्कूल में पंजीकृत 280 बच्चों में से उपस्थिति 61 को सुबह 11 बजे खाना बनाने की तैयारी चल रही थी। ग्रामीणों ने बताया कि जैसे ही रसोईया ने खाना बनाने के लिए चुल्हा जलाया वैसे ही सिलेंडर से आग पकड़ ली। आग लगने के बाद बच्चों और शिक्षकों के बीच भगदड़ मच गई। बच्चे चीखने लगे। बच्चों की आवाज सुनकर आस-पास के लोग मौके पर आ गए। आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया। किसी ने थाना पुलिस को हादसे की सूचना दे दी, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। तब कहीं जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों ने बताया कि जिस समय आग लगी। उस समय शिक्षक और शिक्षामित्र वहां पर उपस्थित थे। लेकिन प्रधानाचार्य स्कूल नहीं आई थी। ग्रामीणों का आरोप था कि स्कूल प्रधानाचार्य की लेट आने की स्थिति रोजाना की है। बताया कि किसी तरह हासदा टल गया।

> लभारी प्राथमिक स्कूल में खाना बनाने समय सिलेंडर में आग लगने की जानकारी मिली है। स्कूल में आग बुझाने के उपकरण खराब होना बताया जा रहा है। जिसकी जांच कराई जाएगी। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> **वीरेंद्र सिंह,** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

# लंबे रूटों पर दौड़ रहीं रोडवेज बसें

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** होली त्योहार पर घर आए लोगों की वापसी शुरू हो गई है। रोडवेज बसों में भीड़ देखी जा सकती है। रोडवेज परिवहन निगम की ओर से भी यात्रियों की सुविधा के लिए फेरे बढ़ाए गए हैं। लेकिन बसों को लंबे रूटों पर ही दौड़ाया जा है छोटे रूटों पर बसों का संचालन होने की वजह से यात्रियों का असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें अपने गंतव्य तक जाने के लिए डग्गामार वाहनों का सहारा लेने के लिए विवश होना पड़ रहा है।

यात्रियों की संख्या को देखते हुए रोडवेज परिवहन निगम दिल्ली रूट पर सौ से अधिक बसों का संचालन कर रहा है। इस रूट पर चलने वाली बसों के फेरे भी बढ़ा दिए गए हैं। जिससे छोटे रूटों पर भी यात्रियों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़ा। इसके बाद भी यात्रियों को बरेली, चंदौसी, दातागंज, शाहजहांपुर, कासगंज जाने के लिए रोडवेज बसों के लिए लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ रही है। यात्रियों को समय पर बस नहीं मिल रही है। शुक्रवार को बरेली, दातागंज, चंदौसी, मुरादाबाद तक जाने के लिए यात्रियों को रोडवेज बस स्टैंड के साथ पुलिस लाइन चौराहा और इंद्रा चौक पर रोडवेज बसों का इंतजार करते हुए दिखा गया। लंबी प्रतिक्षा के बाद रोडवेज की बस न मिलने पर डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ा। हालांकि परिवहन निगम अधिकारियों की ओर से यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने का दावा जरूर किया जा रहा है। लेकिन रोडवेज बस स्टैंड और चौराहों पर बस की प्रतीक्षा करने वाले यात्रियों की संख्या अधिकारियों के दावों की पोल रही है।



पुलिस चौराहे पर रोडवेज बस का इंतजार करते लोकल यात्री। ● अमृत विचार

> सभी रूटों पर बसों को भेजा जा रहा है। बसों के फेरे भी बढ़ाए गए हैं। किसी भी यात्री को असुविधा नहीं होने दी जा रही है। इस बार यात्रियों की संख्या अधिक होने की वजह से कुछ समस्या हो सकती है। जिसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है।
> **राजेश पाठक,** एआरएम, परिवहन निगम

### युवती से खंडहर में दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

**इस्लामनगर, अमृत विचार :** थाना इस्लामनगर क्षेत्र निवासी एक युवती को खींचकर खंडहर में दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

चार मार्च की सुबह करीब चार बजे गांव की एक युवती शौच के बाद अपने घेर पर पशुओं को चारा डालने जा रही थी। जैसे ही वह गांव में स्थित धवल सिंह के खंडर के पास पहुंची। मोहल्ला निवासी शिवम ने उसे जबरन पकड़ लिया और खींचकर खंडहर के भीतर ले गया। जहां उसने युवती के साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद युवती लोकलाज के डर से उसी दिन यह बात अपने परिजनों को नहीं बता सकी। शुक्रवार को किसी दूसरी घटना के दौरान युवती ने पूरी बात परिजनों को बताई। पीड़िता के पिता ने आरोपी शिवम पुत्र मुनेन्द्र के खिलाफ तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# आर्थिक तंगी के बीच गुजरी मनरेगा कर्मचारियों की होली

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पिछले दस माह से नहीं मिल सका मानदेय, उधार लेकर मनाया त्योहार
- ग्रांट न आने से कर्मचारियों को दस माह से नहीं मिल सका है मानदेय आर्थिक स्थिति बदहाल

**अमृत विचार:** राज्य कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को होली पर वेतन और पेंशन न मिलने का मलाल रहा वहीं मनरेगा कर्मचारियों का त्योहार आर्थिक तंगी के बीच गुजरा। पिछले दस माह से मानदेय न मिलने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है। कर्मचारियों ने दूसरों से उधार लेकर होली का त्योहार मनाया। अब उन्हें लिए गए उधार के रुपए निपटाने की चिंता हो गई है।

मनरेगा सेल जिला मुख्यालय सहित ब्लॉक स्तर पर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायक, लेखा सहायक, कंप्यूटर ऑपरेटर और रोजगार सेवक कार्यरत हैं। इन कर्मचारियों की संख्या करीब एक हजार से अधिक है। इन कर्मचारियों के कंधों पर ही मनरेगा योजना को क्रियान्वयन करने का जिम्मा रहता है। इन कर्मचारियों को पिछले साल अप्रैल माह में मानदेय मिला था। उसके बाद से मानदेय नहीं आया है। पिछले दस माह से मानदेय नहीं मिलने से कर्मचारियों के सामने आर्थिक तंगी के हालात बने हुए हैं। जिसके कारण मनरेगा कर्मचारियों की होली आर्थिक तंगी के बीच गुजारी।

कर्मचारियों का कहना है मानदेय न मिलने के चलते घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। दूसरों से रुपए उधार लेकर जैसे तैसे त्योहार मनाया। अब उनके सामने उधारी के रुपए चुकाने के साथ बच्चों के स्कूल और टयूशन फीस भी भरने का संकट खड़ा हो गया है। कर्मचारियों का कहना है कि अगर ऐसे ही हालात रहे तो वह दिन दूर नहीं जब बच्चों को खाना खिलाना भी मुश्किल होगा।

मनरेगा कर्मचारियों अधिकारियों से जल्द मानदेय दिए जाने के लिए मांग की है। प्रभारी डीसी मनरेगा अखिलेश चौबे ने बताया कि मनरेगा कर्मियों का मानदेय शासन से मिलने वाली वाली ग्रांट से दिया जाता है। अब तक ग्रांट नहीं आ पाई है। जिसके कारण मानदेय नहीं मिल पाया है। ग्रांट के लिए पत्राचार किया जा रहा है।

# अहिल्याबाई होल्कर पर आपत्तिजनक पोस्ट से अधिवक्ता नाराज, सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** थाना उघैती में एक व्यक्ति द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की आपत्ति जनक फोटो इंस्टाग्राम पर अपलोड करने के बाद अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया। जिस पर पाल बघेल समाज के अधिवक्ताओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर एसएसपी को शिकायती पत्र सौंपा है।

पाल बघेल समाज के अधिवक्ताओं कहना है कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का फोटो लगाकर आपत्ति जनक पोस्ट इंस्टाग्राम पर किए जाने की सूचना गांव के लोगों ने थाना उघैती को दी थी। लेकिन अब तक आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो सकी है। नाराज पाल समाज के अधिवक्ताओं ने वरिष्ट पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर उक्त व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस मौके पर अधिवक्ता बदन सिंह पाल, संजीव बुंदेला, जितेन्द्र सिंह पाल, राजेंद्र बघेल, सत्येंद्र पाल, मुकेश पाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।


एसएसपी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते अधिवक्ता ● अमृत विचार

### चौपाई के दौरान विवाद, पिता पुत्री को किया घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार:** कोतवाली में दी गई तहरीर में क्षेत्र के गांव सिमरा अकबरगंज निवासी ईशावती पुत्री रोशनलाल ने बताया कि गुरुवार शाम करीब सात बजे गांव में होली की चौपाई निकल रही थी। जिसमें वह पिता के साथ शामिल हुई थी। चौपाई जब गांव में घूम रही थी।

इसी दौरान किसी व्यक्ति ने चौपाई के ऊपर गुट्टी मार दी। इसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी। गांव के महिपाल, उसका साला हाथ में बांका लेकर आए और गाली गलौज शुरू कर दी। पिता पर हमला कर पिटाई कर दी। उसके साथ भी मारपीट की। इस दौरान उसका कान के झाले, मंगलसूत्र, पायल गिर गए। बांका से किए गए वार में पिता घायल हो गए।

# महाराणा प्रताप चौक पर अतिक्रमण से जाम

- ट्रैफिक व्यवस्था ठीक नहीं होने से राहगीरों को होती है परेशानी

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार :** कस्बे के महाराणा प्रताप चौक पर अतिक्रमण के कारण हर रोज जाम का सामना करना पड़ता है। ट्रैफिक व्यवस्था ठीक नहीं होने से लोगों को घंटो जाम का शिकार होना पड़ता है।

कस्बे के महाराणा प्रताप चौक के निकट दुकानदारों ने बड़े पैमाने पर अतिक्रमण किया है जिससे रोड संकरा हो गया है। बसों गाड़ियों को बचाव को जगह न होने से हर दिन जाम लगता है। दो दिन पहले महाराणा प्रताप चौक के टेंपो चालकों ने कोतवाली पुलिस और नगर पालिका को एक शिकायती पत्र दिया था जिसमें अतिक्रमण हटाने की मांग की गई थी। ऑटो चालकों ने कहा कि जब हम लोग अपने बहन दुकानों के सामने खड़े करते हैं तो दुकानदार लड़ाई झगड़े पर आमादा हो जाते हैं। दुकानदारों ने अपने दुकान में गोदाम बना रखा है दुकान के आगे सामान डाल दिया है जिससे सड़क पर आने जाने में दिक्कत होती है। इस समस्या को लेकर हर दिन जाम लगता है। जाम की समस्या को लेकर ऑटो चालक व अन्य लोग परेशान हैं। नगर पालिका से अतिक्रमण हटाने की मांग की गयी है।


महाराणा प्रताप चौक पर लगा जाम। ● अमृत विचार

### सिगरेट न देने पर चाकू से किए वार

**पीलीभीत, अमृत विचार:** थाना न्यूरिया में दी गई तहरीर में क्षेत्र के ग्राम बौरख निवासी नत्थो देवी पत्नी इच्छाराम ने बताया कि उसका पुत्र रेवाराम गांव में ही किराना की दुकान चलाता है। चार मार्च की रात करीब दस बजे गांव का तेजपाल, करण और राजकुमार नशे की हालत में दुकान पर आए। उधार सिगरेट लेने लगे। जब उसके पुत्र ने उधार में सिगरेट देने से मना कर दिया तो आरोपियों ने लाठी, डंडों से बेटे की पिटाई कर दी। बेटे पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी एल.एल.बी. की उपाधि वर्ष 2021 जोकि लॉर्ड महावीरा कॉलेज ऑफ लॉ, मुरादाबाद द्वारा जारी की गई थी वास्तव में कहीं खो गई है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिली है। उदित गुप्ता पुत्र ओम प्रकाश गुप्ता निवासी 30,तिलक नगर कालोनी, जिला रामपुर-244901

### सूचना

मैंने अपने पुत्र ताहिर खाँ के गलत आचरण, दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। वह अपने कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा, मेरा कोई वास्ता नहीं होगा। **साबिर खाँ पुत्र याकूब खाँ निवासी ग्राम- खजुरिया सैदपुर थाना बिथरी चैनपुर, बरेली ।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

### खतौनी से नाम कटवाने का आरोप, पुलिस से की शिकायत

संवाददाता, उसहैत

**अमृत विचार:** बुजुर्ग महिला व उसके दो पुत्रों ने खतौनी से नाम कटवाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है। साथ ही पुलिस में शिकायत दर्ज है। थाना क्षेत्र के रसूलपुर नगला निवासी बुजुर्ग महिला फजलून पत्नी आशिक अली ने अपने सौतेले पुत्र शफीक पर एक लेखपाल से सांठगांठ कर खतौनी में दर्ज उसका व उसके दो पुत्रों अताउल्लाह और सफीउल्लाह के नाम कटवाने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है उसके पति ने दो शादियां की थी। उसके पति की करीब 20 वर्ष पहले बीमारी के चलते मृत्यु हो चुकी है। पति के बाद उसकी दूसरी पत्नी सफदरी की भी मृत्यु हो चुकी है। दूसरी पत्नी सफदरी के पुत्र शफीक ने उसके व उसके दोनों पुत्रों के नाम अभिलेखों से धोखाधड़ी कर लेखपाल कटवा दिए हैं। महिला ने मुख्यमंत्री से शिकायत का न्याय दिलाने की मांग की है।


परिजनों के साथ थाने में बैठी बुजुर्ग महिला ● अमृत विचार

# ग्राम प्रधान उन्मुखीकरण कार्यक्रम सम्पन्न


ब्लॉक स्तरीय ग्राम प्रधान उन्मुखीकरण कार्यक्रम में मौजूद ग्राम प्रधान व अन्य लोग ● अमृत विचार

संवाददाता, कादरचौक

**अमृत विचार :** कादरचौक ब्लॉक के असरासी स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र पर बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से ब्लॉक स्तरीय ग्राम प्रधान उन्मुखीकरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। ब्लॉक प्रमुख वीरेंद्र कुमार राजपूत ने शिक्षकों, ग्राम प्रधान और जनप्रतिनिधियों से एक साथ मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने को कहा। कहा कि सभी लोग मिलकर प्रयास करें तो बच्चों की तकदीर खुल जाएगी। बच्चों की शिक्षा के प्रति ग्रामीण क्षेत्र के हर वर्ग को प्रयास करना चाहिए। कायाकल्प में पूरी मदद देने का आश्वासन दिया, साथ ही स्वच्छ पेयजल व्यवस्था का आश्वासन दिया। बीईओ दिलीप कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य से अवगत कराया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष ब्रिजेश यादव ने शिक्षक और प्रधान की मजबूत कड़ी की प्रशंसा करते हुए विभागीय योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का आवाहन किया। इस मौके पर सर्वेश कश्यप मण्डल अध्यक्ष, ब्रह्म नारायण शर्मा एडीओ पंचायत, अशोक कुमार, हरीश यादव, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ. जुगल किशोर ने विभाग की योजनाओं डी बी टी, एमडीएम, कायाकल्प पर विस्तार से जानकारी प्रदान की।

# पेट्रोल पंप कर्मियों से मारपीट पुलिस से की गई बदसलूकी

संवाददाता, ओरछी

- पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना

**अमृत विचार :** फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप पर काम कर रहे सेल्समैन के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एक को नामजद करते हुए एक दर्जन से ज्यादा लोगों पर बलवा समेत विभिन्न मामलों की रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने गांव पहुंची तो वहां महिलाओं और कुछ पुरुषों ने पुलिस से बदसलूकी की। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर रही है।

गांव धरमई थाना उझानी निवासी यशपाल पुत्र रणधीर सिंह ने ने बताया कि वह एक पेट्रोल पंप पर सेल्समैन हैं। गुरुवार शाम गांव दावरी निवासी अभिषेक पुत्र मथुरी पेट्रोल लेने के लिए पंप पर आए थे। रुपये खुले न होने पर यशपाल ने रुपये बाद मे देने की बात कही। आरोप है इसी दौरान अभिषेक ने गाली-गलौज की और वहां से चला गया। कुछ देर के बाद वह अपने 10 से 15 साथियों के साथ पहुंचा और यशपाल पर लोहे की रॉड और लाठी-डंडे बरसाकर घायल कर दिया। घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है।

> पेट्रोल पंप पर कुछ लोगों ने मारपीट की। पंपकर्मी की तहरीर पर एक नामजद सहित एक दर्जन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने दांवरी गांव गई तो कुछ महिलाओं व पुरुषों ने बदसलूकी की है। जांच चल रही है, पेट्रोल पंप के सीसीटीवी कैमरे के आधार पर आरोपियों की पहचान की की जा रही है। **- मनोज कुमार वर्मा,** प्रभारी निरीक्षक

# सेना भर्ती रैली : पारदर्शिता बनाए रखने को परखी तैयारी

## डीएम ने भारतीय सेना की अग्निपथ योजना के तहत आर्मी भर्ती रैली के आयोजन में आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों संग की बैठक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जाट रेजिमेंट केंद्र बरेली परिसर में 11 मार्च से 23 मार्च तक होगा भर्ती रैली का आयोजन

**अमृत विचार :** जाट रेजिमेंट केंद्र बरेली परिसर में 11 मार्च से 23 मार्च तक भारतीय सेना की अग्निपथ योजना के तहत आर्मी भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। आर्मी भर्ती रैली में आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में समीक्षा करने के लिए शुक्रवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। डीएम ने सभी अधिकारियों को निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ सेना भर्ती सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।

बैठक में सेना के अधिकारियों ने जानकारी दी कि जाट रेजिमेंट केन्द्र परिसर में आयोजित होने वाली सेना भर्ती रैली में 12 जनपदों में बरेली सहित बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर, सीतापुर, संभल, पीलीभीत, हरदोई, फर्रुखाबाद और बदायूं के हजारों अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है। 11 मार्च की सुबह 6 बजे से दौड़ आरम्भ होगी, इसलिए सेना भर्ती के निदेशक ने अभ्यर्थियों से अनुरोध किया है कि सभी अभ्यर्थी अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड कर अपने साथ रखें। सभी जरूरी कागजात अवश्य साथ में लेकर आए। किसी भी अभ्यर्थी को किसी कारणवश पंजीकृत ई-मेल आईडी से रैली एडमिट कार्ड डाउनलोड नहीं हो रहा है तो वे सेना भर्ती कार्यालय बरेली में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच संपर्क कर सकते हैं और अभ्यर्थी के एडमिट कार्ड पर जो दिनांक है, उसी दिनांक पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। 11 मार्च को शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को 10 मार्च की शाम से ही परिसर में प्रवेश देना शुरू कर दिया जाएगा, जहां उनके रुकने, पीने के पानी,



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में मौजूद डीएम अविनाश सिंह व अधिकारी। ● अमृत विचार

शौचालय व भुगतान करने पर भोजन की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी।

बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को भर्ती प्रक्रिया निर्विघ्न, पारदर्शिता, निष्पक्षता और शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। लोनिवि के अधिशासी अभियंता को दो दिन में बैरिकेडिंग का कार्य पूर्ण कराने, विद्युत विभाग को जनरेटर की सुविधा उपलब्ध कराने एवं स्वास्थ्य विभाग को 108 एम्बुलेंस, चिकित्सकों की टीमें मय दवाओं सहित उपलब्ध कराने, शैक्षिक प्रमाण पत्र सत्यापन व सहायता को अभ्यर्थियों की सहायता के लिए शिक्षकों की ड्यूटी लगाने, एआरएम रोडवेज को आर्मी भर्ती का फ्लैक्स लगी हुई बसों की सुविधा उपलब्ध कराने, फायर ब्रिगेड को आवश्यक प्रबंधन कराने तथा जिला पंचायत राज विभाग को सफाई कर्मी लगाने के भी निर्देश दिए।

बैठक में नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि बायो टॉयलेट, वाटरटैंक, सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाई गयी है। कूड़ेदान रखवाए जा रहे हैं। दौड़ में पास होने वाले अभ्यर्थियों के रुकने के लिए रैन बसेरों में आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करा ली जाएंगी। बैठक में सेना भर्ती कार्यालय बरेली के निदेशक, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, एसपी यातायात मो. अकमल खान, मुख्य अग्निशमन अधिकारी मनु शर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी आशुतोष शिवम, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, डिप्टी सीएमओ, एआरएम रोडवेज सहित जिला प्रशासन व सेना के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### ये है भर्ती रैली का शेड्यूल

- 11 मार्च को अग्निवीर (टेक्निकल) सभी 12 जिले के अभ्यर्थियों के लिए।
- 12 मार्च को अग्निवीर (ट्रेड्समैन आठवीं व दसवीं) सभी 12 जिले के लिए एवं अग्निवीर (क्लर्क/एसकेटी) (सभी 12 जिले के अभ्यर्थियों के लिए)।
- 13 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती और लखीमपुर खीरी जिले के अभ्यर्थियों के लिए।
- 14 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) शाहजहांपुर और सीतापुर जिले के अभ्यर्थियों के लिए।
- 15 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) संभल और पीलीभीत जिले के अभ्यर्थियों के लिए।
- 16 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) हरदोई जिले के अभ्यर्थियों के लिए।
- 17 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) फर्रुखाबाद जिले के अभ्यर्थियों के लिए।
- 18 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) बदायूं जिले के अभ्यर्थियों के लिए।
- 19 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) बरेली जिले के अभ्यर्थियों के लिए।

## होटल पर रुके यात्री ने छुरी से गला काटकर आत्महत्या

**हापुड़, एजेंसी :** जिले के गढ़मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र में राजमार्ग स्थित एक होटल पर रुके एक यात्री ने कथित तौर पर छुरी से अपना गला काटकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार गुरुवार देर रात गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के राजमार्ग पर स्थित एक होटल पर एक कार आकर रुकी। कार से उतरे बरेली निवासी सलमान ने होटल में रखी छुरी उठाकर अपनी गर्दन काट ली और भागते हुए पास खड़ी एक गाड़ी के नीचे गिर पड़ा।

अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और परिजनों को सूचना दे दी गई है। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी आया है। उन्होंने बताया कि पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए मामले की जांच कर रही है।

# बरेली सिटी यार्ड में निर्माण कार्य के चलते आज से कई ट्रेन होंगी प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कासगंज बरेली सिटी सवारी गाड़ी पीलीभीत बरेली सिटी समेत अन्य गाड़ियां शामिल

**अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जत नगर मंडल ने बरेली सिटी यार्ड स्थित समपार संख्या 248/स्पेशल पर एलएचएस निर्माण कार्य किये जाने के कारण कई गाड़ियों का शनिवार से शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन किया जाएगा। बदायूं और कासगंज की ओर से आने-जाने वाली सवारी गाड़ियां बरेली जंक्शन तक ही आएंगी और वहीं से चलेंगी, जबकि पीलीभीत, रामनगर, लालकुआं और काठगोदाम की ओर आने-जाने वाली सवारी गाड़ियां इज्जत नगर तक आएंगी और यहीं से वापस चलेंगी।

इज्जत नगर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया गाड़ी नंबर 55329 कासगंज-बरेली सिटी सवारी गाड़ी 7 मार्च, से 30 अप्रैल तक बरेली जंक्शन में शार्ट टर्मिनेट किया जायेगा। 55328 बरेली सिटी-कासगंज सवारी गाड़ी 8 मार्च से 1 मई तक बरेली जंक्शन से शॉर्ट ओरिजनेट किया जायेगा। -55316/55315 पीलीभीत-बरेली सिटी-पीलीभीत सवारी गाड़ी 8 मार्च से 28 अप्रैल तक इज्जतनगर से शार्ट टर्मिनेट/शॉर्ट ओरिजनेट कर संचालन किया जायेगा। 05402/75303 काशीपुर-बरेली सिटी-पीलीभीत विशेष गाड़ी 8 मार्च से 28 अप्रैल तक इज्जतनगर से शार्ट टर्मिनेट/शॉर्ट ओरिजनेट कर संचालन किया जायेगा। 75304 पीलीभीत-बरेली सिटी डेमू सवारी गाड़ी 7 मार्च से 28 अप्रैल, तक इज्जतनगर से शॉर्ट टर्मिनेट कर संचलन किया जायेगा। इसी तरह 75301 बरेली सिटी-पीलीभीत डेमू सवारी गाड़ी 8 मार्च,से 29 अप्रैल, तक इज्जतनगर से शॉर्ट ओरिजनेट कर संचलन किया जायेगा। 75302 टनकपुर-बरेली सिटी डेमू सवारी गाड़ी 7 मार्च, से 28 अप्रैल तक इज्जतनगर से शार्ट टर्मिनेट कर संचलन किया जायेगा। 05401 बरेली सिटी-रामनगर विशेष गाड़ी 8 मार्च, से 29 अप्रैल, तक इज्जतनगर से शॉर्ट ओरिजनेट कर संचलन किया जायेगा। गाड़ी संख्या 05307 टनकपुर-बरेली सिटी मेला स्पेशल गाड़ी 7 एवं 23 मार्च, तक तथा 9, 27,28 एवं 30 अप्रैल तक इज्जत नगर में शार्ट टर्मिनेट किया जायेगा। बरेली सिटी-टनकपुर मेला स्पेशल गाड़ी 8 एवं 24 मार्च, तक और 10, 28, 29 अप्रैल एवं 1 मई तक इज्जत नगर में शार्ट ओरिजनेट किया जायेगा।

## नई टाउनशिप योजना की प्रक्रिया शुरू

**बरेली, अमृत विचार:** सचिव वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि प्राधिकरण ने दिल्ली-लखनऊ बड़े बाईपास और पीलीभीत बाईपास के पास लगभग 267 हेक्टेयर क्षेत्र में नई टाउनशिप योजना विकसित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। नई टाउनशिप में आधुनिक और व्यवस्थित सुविधाओं का खास ध्यान रखा गया है। योजना में 45 और 30 मीटर चौड़ी जोनल सड़कें, 18 मीटर तक चौड़ी आंतरिक सड़कें, भूमिगत बिजली लाइनें और 132 केवीए विद्युत उपकेंद्र शामिल हैं। इसके अलावा एम्यूजमेंट पार्क, कम्युनिटी सेंटर जैसी सुविधाओं का प्रावधान भी किया गया है। नई टाउनशिप निवेशकों और शहरवासियों के लिए अवसर और आधुनिक जीवनशैली का एक उदाहरण बनेगी। इससे न केवल शहर का आवासीय और व्यावसायिक ढांचा मजबूत होगा, बल्कि निवेशकों को अपने सपनों का कारोबार स्थापित करने का शानदार मौका भी मिलेगा।

# कार बनी आग का गोला, लोगों ने कूदकर बचाई जान

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर शुक्रवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक चलती कार में अचानक आग लग गई। कार में सवार एक ही परिवार के आठ लोगों ने कूदकर अपनी जान बचाई। हालांकि देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरी कार जलकर राख हो गई। सूचना पर पुलिस व फायर ब्रिगेड टीम पहुंची, आग पर काबू पाया गया।

यह घटना शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे जोया ब्लॉक क्षेत्र के गांव चोधपुर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई। शाहजहांपुर निवासी सुधीर कुमार अपने परिवार के आठ सदस्यों के साथ कार से नोएडा जा रहे थे। बताया जा रहा है कि परिवार एक समारोह में शामिल होने के लिए घर से निकला था। सुधीर कुमार के अनुसार जैसे ही उनकी कार चोधपुर गांव के पास पहुंची, अचानक कार की तेल की टंकी की ओर से चिंगारी निकलती दिखाई दी। कुछ ही पलों में चिंगारी ने आग का रूप ले लिया और कार में धुआं भरने लगा। यह देख कार सवारों में चीख-पुकार मच गई। हाइवे पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए कार को रुकवाया और उसमें सवार सभी लोगों को बाहर निकालने में मदद की। कुछ ही मिनटों में आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते कार धू-धू कर जलने लगी और उसमें रखा सारा सामान भी जलकर राख हो गया। घटना की सूचना मिलने पर डिडौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आग पूरी कार को अपनी चपेट में ले चुकी थी। हालांकि राहत की बात यह रही कि समय रहते सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। डिडौली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार बालियान ने बताया कि हाईवे पर कार में अचानक आग लगने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची थी। कार में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं और किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। आग लगने से कार पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई है।


जली कार को देखते लोग। ● अमृत विचार


जलती हुई कार। ● अमृत विचार

- शाहजहांपुर के रहने वाले सुधीर के साथ के साथ हुआ हादसा

# लू व भीषण गर्मी से बचाव को तैयार हो रहा सिटी हीट प्लान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बरेली, शाहजहांपुर समेत 16 जिलों में भीषण गर्मी की आशंका जताई
- सिटी हीट एक्शन प्लान तैयार करने को कई विभागों के अफसरों की संयुक्त कमेटी बनायी गई

**अमृत विचार :** इस बार भीषण गर्मी पड़ने की आशंका है। लू और गर्मी से नागरिकों के साथ स्कूली बच्चों का बचाव करने के साथ उन्हें चिकित्सा सहित अन्य सुविधाएं देने के लिए तैयारियां की जा रही हैं।

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने भीषण गर्मी की आशंका जताते हुए बरेली-शाहजहांपुर सहित 16 जिलों में सिटी हीट एक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं। बरेली में सिटी हीट एक्शन प्लान तैयार करने के लिए नगर निगम, प्रशासन, बीडीए, पुलिस, स्वास्थ्य, मौसम विज्ञान, माध्यमिक शिक्षा, पशुपालन, परिवहन, महिला एवं बाल विकास, ऊर्जा निगम, जल निगम, बेसिक शिक्षा आदि विभागों के अधिकारियों को शामिल कर समिति गठित की है।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार सभी विभागों से सिटी हीट एक्शन प्लान मंगाकर तैयार कराने का जिम्मा नगर निगम के पर्यावरण अभियंता राजीव राठी को सौंपा गया है। अग्निशमन विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग सहित कई विभागों ने अपना प्लान भेज दिया है। अन्य विभागों से जल्द अपना प्लान उपलब्ध कराने के लिए कहा है। सिटी हीट एक्शन प्लान 20 मार्च तक तैयार कर राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को उपलब्ध कराया जाएगा। प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद के निर्देश पर हीट एक्शन प्लान तैयार करने के लिए तकनीकी सहयोग में तीन प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञों, जलवायु परिवर्तन से संबंधित विषय विशेषज्ञ, केस स्टडी, शोध दस्तावेजों के संकलन किया गया है। अत्यधिक तापमान को कम करने एवं उससे निपटने के लिए क्षेत्रों की पहचान करके कार्ययोजना तैयार की जा रही है। अत्यधिक गर्मी की स्थिति में प्रत्येक स्टेकहोल्डर के लिए रेस्पांस मैट्रिक्स तैयार किया जा रहा है।

डीएम के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष कुमार सिंह ने समिति में शामिल किए विभागों से जल्द अपने विभाग का प्लान तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

### ये अधिकारी तैयार कर रहे हीट एक्शन प्लान

जिलाधिकारी, नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त, एडीएम एफआर, बीडीए वीसी, अपर पुलिस अधीक्षक, सीएमओ, मौसम विज्ञान केंद्र के जिला स्तरीय अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, संयुक्त निदेशक एवं प्रवर्तन अधिकारी श्रम विभाग, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, परिवहन विभाग के रीजनल मैनेजर, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला अग्निशमन अधिकारी, बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता, जल निगम के अधिशासी अभियंता, जिला सूचना अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, नगर आयुक्त की ओर से नामित एनजीओ, एसएचजी, कम्युनिटी ग्रुप एवं सामाजिक संस्थाओं से नामित पदाधिकारी सिटी हीट एक्शन प्लान तैयार करने वाली कमेटी में शामिल किए गए हैं।

## मजदूरी मांगने पर दो मजदूरों को पीट-पीट कर मार डाला

**मथुरा, एजेंसी :** जिले में मजदूरी मांगने पर एक ठेकेदार द्वारा कथित तौर पर दो मजदूरों की पिटाई करने से उनकी मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने हंगामा कर सड़क जाम कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक (नगर) राजीव कुमार सिंह ने बताया कि सदर थाना क्षेत्र के दामोदरपुरा निवासी ठेकेदार कल्ला उर्फ कल्याण सिंह निर्माण कार्य के लिए मजदूर मुहैया कराता है। आरोप है कि बुधवार को मजदूरी के पैसे मांगने पर उसने अपने यहां काम करने वाले दो मजदूरों मनोज और हरिओम को बुलाकर उनकी बेरहमी से पिटाई कर दी।

बताया कि इस घटना में मनोज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल हरिओम को उपचार के लिए आगरा ले जाया गया।

# चारधाम हवाई सेवा में डबल इंजन हेलिकाप्टर का होगा इस्तेमाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कमिश्नर बोले, सिंगल इंजन हेलीकॉप्टरों से हादसों के बाद डबल इंजन हेलिकाप्टर का होगा प्रयोग

**अमृत विचार :** बरेली से चारधाम (यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ) के लिए सीधी हवाई सेवा का संचालन शुरू कराने की कवायद जोर-शोर से की जा रही है। कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी की डबल इंजन हेलिकाप्टर से उड़ान शुरू कराने के लिए उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से बातचीत चल रही है। उत्तराखंड सरकार की सहमति और हेली सेवा प्रदाता कंपनियों के तैयार होते ही चारधाम के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करा दी जाएगी।

कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी ने शुक्रवार को बताया कि उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के दौरान सिंगल इंजन के हेलिकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं, जहां से हेलिकाप्टर उड़ान भरते हैं, वहां से चारधाम की दूरी भी ज्यादा नहीं है, लेकिन बरेली से चारधाम की दूरी भी बहुत ज्यादा है। नागरिकों की सुरक्षा के दृष्टिगत अब बरेली से डबल इंजन हेलिकाप्टर सेवा शुरू कराने पर मंथन चल रहा है। डबल इंजन हेलिकाप्टर से खर्च ज्यादा आ रहा है, इसलिए हवाई सेवा शुरू करने में विलंब हो रहा है। उत्तराखंड के अधिकारियों से बातचीत चल रही है। हवाई सेवा उत्तराखंड सरकार के साथ मिलकर की शुरू की जाएगी। कमिश्नर ने बताया कि डबल इंजन हेलिकाप्टर संचालित करने वाली कंपनी के हामी भरने के बाद हवाई सेवा शुरू कराने में देर नहीं लगेगी। चारधाम हवाई सेवा के लिए हेलिपैड बनाने के लिए भूमि की कमी नहीं है। बरेली शहर में चारों दिशाओं में हेलिपैड बनाने के लिए भूमि उपलब्ध है।

दरअसल, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल के चारधाम हवाई सेवा शुरू कराने के लिए मुख्यमंत्री से व्यक्तिगत पैरवी करने के साथ विधानसभा में भी मुद्दा उठा चुके हैं। इसके बाद से कमिश्नर ने चारधाम हवाई सेवा शुरू कराने के लिए उत्तराखंड के अधिकारियों से बातचीत शुरू की है। यह भी जानकारी सामने आई कि हेलिपैड बनाने के लिए बीडीए की ग्रेटर बरेली आवासीय परियोजना में तीन एकड़ भूमि चयनित की गयी है, लेकिन इसे अभी फाइनल नहीं माना जा रहा है।

**सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने के आरोप में तीन गिरफ्तार : सहारनपुर, एजेंसी :** जिले के नानौता थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर एक आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। नानौता पुलिस थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) नवीन कुमार सैनी ने बताया कि सोशल मीडिया पर वीडियो के प्रसारित होने की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम ने शुक्रवार को आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**कार्यालय ग्रा.प. नौना विकास खंड इस्लामनगर बदायूं**

**अल्पकालीन निविदा** 05.03.2026

समस्त सामग्री आपूर्ति यथा (सीमेंट, रेता, बजरी, बदरफुट ईट, इन्टरलाक, सरिया, एंगिल, टीन, पेन्ट, रोडा) आदि को सूचित किया जाता है कि मनरेगा, राज्य वित्त, खाद एवं रसद विभाग योजना, केन्द्र वित्त योजना (2025-26) के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत नौना विकास खण्ड इस्लामनगर बदायूं में निम्न कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। अतः समस्त संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि निविदा की तारीख से सामग्री की दरे बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 10.03.2026 को शाम 3:00 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करें व इसी दिवस को 4:00 बजे प्रधान व सचिव के सामने खोली जाएंगी कार्य का विवरण निम्न प्रकार है

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | मॉडर्न शॉप (उचित दर विक्रेता) निर्माण कार्य | प्रा. के अनुसार |
| 2. | अनिल के घर से चैती के घर तक इंटरलॉकिंग सीसी नाली निर्माण कार्य | प्रा. के अनुसार |

सचिव प्रधान

**बीसलपुर किसान सहकारी चीनी मिल लि., बीसलपुर (पीलीभीत)**

पत्रांक : बी.के.एस./क्रय/2025-26/2939 दिनांक : 06.03.2026

**निविदा सूचना**

पेराई सत्र 2025-26 के उपरांत ब्वायलिंग हाउस एवं अन्य स्थानों में स्क्रैपिंग शुगर व धुलाई कार्य हेतु अनुभवी पार्टियों से दिनांक 14.03.2026 तक रू. 4000/- धरोहर राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 236/- प्रति जमा करने के उपरांत निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिन पर आवश्यकतानुसार निगोसियेशन भी किया जा सकता है। अधोहस्ताक्षरी को निविदा की शर्तो में परिवर्तन करने एवं बिना कारण बताये एक या समस्त निविदायें निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

(आर.के. जैन)
प्रधान प्रबन्धक

## ग्रेटर नोएडा में चलती रोडवेज बस में लगी आग

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी:** गर्मियां शुरू होते ही आग लगने की घटनाएं सामने आने लगी हैं। गौतमबुद्धनगर जिला परिक्षेत्र के ग्रेटर नोएडा में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब बीच सड़क पर चलती रोडवेज बस अचानक आग के गोले में तब्दील हो गयी। घटना के बाद सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। बस में आग लगने की सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी से आग बुझायी गयी। बीटा दो थाना क्षेत्र के अंतर्गत होंडा चौक के पास रोडवेज बस में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और बस के इंजन के अगले हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के समय बस में चालक के अलावा कोई यात्री मौजूद नहीं था।

# भूखंडों की नीलामी से बीडीए ने एक दिन में 138 करोड़ कमाए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रामगंगा नगर व ग्रेटर बरेली आवासीय योजना के भूखंडों की नीलामी में उमड़े निवेशक
- सुबह 10 से शाम चार बजे तक चली नीलामी, दूसरे राज्यों से भी निवेशकों की भागीदारी

**अमृत विचार :** रामगंगा नगर और ग्रेटर बरेली आवासीय योजना में बड़ी संख्या में लोग भूखंड खरीदने के लिए उमड़े। बीडीए कार्यालय परिसर में सुबह 11 से शुरू हुई नीलामी शाम करीब चार बजे तक चली। नीलामी में बीडीए ने 138 करोड़ रुपये की आय प्राप्त की। बीडीए उपाध्यक्ष ने सभी आवंटियों से शहर के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकन्डन ए. ने बताया कि रामगंगा नगर और ग्रेटर बरेली आवासीय योजना के तहत विभिन्न श्रेणियों और क्षेत्रफल के रिक्त व्यावसायिक भूखंडों की नीलामी के लिए विशेष शिविर का आयोजन हुआ।

नीलामी में निवेशकों को अपने व्यवसाय और योजना के अनुसार विकल्प चुनने का अवसर दिया गया। बड़ी संख्या में लोग अपने सपनों के कारोबार को साकार करने के दूसरे शहर व राज्यों से भी आए।

जिससे प्राधिकरण को 138 करोड़ रुपये से अधिक आय हुई। सचिव वंदिता श्रीवास्तव, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी शिवधनी सिंह यादव, संयुक्त सचिव दीपक कुमार, विशेष कार्याधिकारी नीलम श्रीवास्तव, अजीत कुमार, अधिशासी अभियंता एपीएन सिंह आदि मौजूद रहे।

## बलरामपुर में नहर में डूबने से दो नाबालिग बहनों की मौत

**बलरामपुर, एजेंसी :** जिले के गेडास बुजुर्ग थानाक्षेत्र में शुक्रवार को नहर में डूबने से दो सगी नाबालिग बहनों की मौत हो गई। उतरौला के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) राघवेंद्र प्रताप सिंह ने शुक्रवार को बताया कि ईटई रामपुर गांव के शामवासी में शुक्रवार को अकबर अली की दो बेटियां महजबीन (सात) एवं नसरीन (10) सुजानजोत के पास बह रही नहर में नहाने के लिए गई थीं।

उन्होंने बताया कि नहाते समय दोनों बच्चियां पैर फिसलने से गहरे पानी में चली गईं। उन्होंने बताया कि बच्चियों की चिल्लाने की आवाज सुनकर लोग बचाने के लिए दौड़े लेकिन तब तक दोनों बच्चियां डूब चुकी थीं। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से दोनों बच्चियों के शव निकाले। उन्होंने बताया कि शवों का पंचनामा करके उनके परिजनों को सौंप दिया गया है।

# नोएडा के साहिल हत्याकांड का खुलासा, तीन गिरफ्तार

नोएडा, एजेंसी

नोएडा सेक्टर-75 स्थित आईवी काउंटी सोसायटी में हुए चर्चित साहिल सिंघल हत्याकांड का पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा किया। नोएडा सेक्टर-113 थाना पुलिस ने दो आरोपियों और एक महिला को गिरफ्तार किया है, जबकि वारदात में शामिल एक 16 वर्षीय नाबालिग को बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया।

पुलिस ने बताया कि लोकल इंटेलिजेंस की मदद से पर्थला डूब क्षेत्र कब्रिस्तान सर्विस रोड से लब्बु (26) उर्फ लोकेन्द्र सोलंकी , निखिल सोलंकी (24) और प्रिया सिंह (28) को गिरफ्तार किया। तीनों आरोपी गाजियाबाद के विष्णु एन्क्लेव, कविनगर के रहने वाले है। मामले में शामिल एक 16 वर्षीय बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया है। जांच में सामने आया है कि बुधवार होली त्योहार के दिन आरोपियों ने सोसायटी के मार्केट में साहिल सिंघल को गोली मार दी थी। गंभीर रूप से घायल साहिल की मौत हो गई।

घटना के बाद पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज और लोकल इंटेलिजेंस के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की थी। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 32 बोर की पिस्टल, दो कारतूस और इस्तेमाल की गई बिना नंबर प्लेट की कार बरामद की है। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ कर घटना के पीछे के कारणों और अन्य संभावित आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है और जल्द ही पूरे घटनाक्रम का विस्तृत खुलासा किया जा सकता है।



समय के साथ हम अक्सर जिस चीज से डरते हैं, उससे ही नफरत करने लगते हैं।
-शेक्सपियर, अंग्रेजी नाटककार



## संतुलित कूटनीति ही सही

भारत से लौटते ईरानी युद्धपोत को अमेरिका द्वारा लंका के निकट हिंद महासागर में मार गिराना हो या ईरान द्वारा कथित रूप से अल्बानिया पर हमला, ऐसी खबरों ने यह आशंका गहरी कर दी है कि यह संघर्ष क्षेत्रीय नहीं, बल्कि वैश्विक संकट बन सकता है। जब किसी क्षेत्रीय संघर्ष में बड़ी शक्तियां प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शामिल हो जाती हैं, तो उसका दायरा तेजी से बढ़ने लगता है। ईरान और अमेरिका के बीच बढता सैन्य टकराव वैश्विक ऊर्जा बाजार, समुद्री व्यापार मार्गों और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करेगा। अमेरिकी राजनीति में लंबे समय से यह धारणा रही है कि ईरान की वर्तमान इस्लामी व्यवस्था उसके हितों के अनुकूल नहीं है। डोनाल्ड ट्रंप जैसे नेताओं ने कई बार ईरान की मौजूदा सत्ता को बदलने की अप्रत्यक्ष इच्छा व्यक्त की है। पर वे किस तरह का बदलाव चाहते हैं? क्या ट्रंप की मंशा है कि वह वेनेजुएला की तरह ईरान का सत्ता प्रमुख स्वयं चुनें और फिर ईरान की व्यवस्था अमेरिका या उनके मुताबिक चले?

किसी भी संप्रभु देश की सरकार का निर्धारण बाहरी शक्तियों द्वारा किया जाना अंतर्राष्ट्रीय कानून और लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। ट्रंप को ईरान के सर्वोच्च पद पर खामेनेई का बेटा इसलिए स्वीकार्य नहीं है, क्योंकि इससे ईरान की मौजूदा व्यवस्था और अधिक मजबूत हो सकती है। अमेरिका संभवतः ऐसी नेतृत्व संरचना चाहता है, जो उसकी नीतियों के प्रति पूर्णतया अनुकूल हो। परंतु सवाल है कि ईरान के नेतृत्व का निर्णय कौन करेगा, ईरानी जनता और उसकी राजनीतिक व्यवस्था या ट्रंप? अंतरdराष्ट्रीय जलक्षेत्र में ईरान के एक जहाज पर अमेरिकी हमले की खबर चिंताजनक है। सामान्यतः ऐसी सैन्य कार्रवाई से पहले संबंधित देशों को चेतावनी दी जाती है, विशेषकर तब जब वह जहाज किसी तीसरे देश के बंदरगाह से होकर गुजर रहा हो। भारत का अतिथि रहकर वापस जा रहे जहाज पर हमले के बाद अपेक्षित था कि इस घटना पर संवेदना और चिंता व्यक्त की जाती। भारत जैसे जिम्मेदार देश के लिए यह संतुलन साधना कठिन अवश्य है, परंतु मानवीय दृष्टि से प्रतिक्रिया अपेक्षित होती है। जहां तक अमेरिका-इसराइल और ईरान के बीच संघर्ष की दिशा का प्रश्न है, फिलहाल यह एक सीमित, लेकिन तीव्र टकराव की ओर बढ़ता दिख रहा है। दोनों पक्ष प्रत्यक्ष युद्ध से बचने की कोशिश करते हुए भी एक-दूसरे पर दबाव बनाने की रणनीति अपना रहे हैं, यदि यह संतुलन टूटता है तो परिणाम गंभीर हो सकते हैं।

परंपरागत रूप से संवाद, कूटनीति और शांतिपूर्ण समाधान के समर्थक भारत ने पश्चिम एशिया में संघर्ष के शीघ्र अंत का आह्वान किया है। फिलहाल भारत के लिए इस स्थिति में सबसे उपयुक्त नीति संतुलित कूटनीति की है। भारत के संबंध अमेरिका, इसराइल और ईरान तीनों से महत्वपूर्ण हैं। ऊर्जा सुरक्षा, भारतीय प्रवासी समुदाय और व्यापारिक हितों को देखते हुए भारत को किसी पक्ष में खुलकर खड़े होने के बजाय शांति और संवाद का समर्थक बनकर रहना होगा। साथ ही वैश्विक मंचों पर अंतर्राष्ट्रीय कानून और संप्रभुता के सिद्धांतों की रक्षा की आवाज उठानी होगी। राष्ट्रीय हितों और वैश्विक स्थिरता दोनों के लिए यही नीति सर्वाधिक उपयुक्त है।

### प्रसंगवश

## न्याय के पहरेदारों की सुरक्षा का सवाल

उत्तर प्रदेश में पिछले दिनों रामपुर, बाराबंकी व करनैलगंज (गोंडा) ज़िले में वकीलों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना ने एक बार फिर प्रदेश में वकीलों की सुरक्षा को लेकर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। हत्या पर अधिवक्ता समुदाय में तीव्र प्रतिक्रिया हुई है। पिछले कुछ वर्षों में वकीलों के प्रति अपराधों में तेजी से वृद्धि हुई है। प्रयागराज से लेकर नोएडा तक वकीलों की हत्याएं हुई हैं। शाहजहांपुर के कोर्ट परिसर में वकील की हत्या की गई। आगरा में उत्तर प्रदेश बार काउंसिल की पूर्व प्रथम महिला अध्यक्ष व अन्य वकील की हत्या, कानपुर, नोएडा, वाराणसी व हरदोई में वकीलों की हत्या आदि ऐसे कुछ चर्चित मामले हैं, जो प्रदेश में वकीलों की असुरक्षा को बयान करते हैं, इसके अलावा आये दिन वकीलों पर होने वाले जानलेवा हमलों और छोटे-बड़े अपराधों की फेहरिस्त काफी लंबी है। अधिवक्ता समुदाय के प्रति बढ़ते अपराधों के प्रति पुलिस विभाग और स्थानीय प्रशासन की कार्य प्रणाली पर सवाल उठना लाजमी है।




मु. खालिद जीलानी
एक्टिविस्ट


वकीलों की हत्या और उन पर होने वाले हमलों और दूसरी अपराधिक घटनाओं के विरोध में हर बड़ी घटना के बाद कभी बार काउंसिल तो कभी स्थानीय बार ऐसोसिएशन के आव्हान पर अदालतों में वकील हड़ताल और न्यायिक कार्य का बहिष्कार करने पर मजबूर होते हैं। वकीलों की अपने और अपने परिवारों की सुरक्षा के लिए एक प्रभावशाली क़ानून बनाने की सरकार से पुरानी मांग है, लेकिन उनकी इस मांग को लगातार अनसुना किया जाता रहा है। हर बार सरकारी या प्रशासनिक आश्वासन पर यकीन कर वकील अपना आंदोलन ख़त्म कर काम पर लौट आते हैं।

वकील क़ानून के शासन (रूल ऑफ़ लॉ) को बनाए रखने और न्याय सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाते हैं, वे आज हिंसा, उत्पीड़न और डराने-धमकाने का निशाना बन गए हैं, वकीलों पर व्यक्तिगत और संस्थागत रूप से हमले चिंता की बात है, जो उनकी स्वतंत्र और सुरक्षित रूप से क़ानून का अभ्यास करने की क्षमता को जान-माल के संभावित खतरों के कारण कम करते हैं। वकील न्याय के प्रशासन, मानवाधिकारों की सुरक्षा, प्रजातंत्र और क़ानून के शासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

वकीलों की स्वतंत्रता पर हमले पूरे क़ानूनी पेशे पर प्रभाव डाल सकते हैं। 'अदालत में वकीलों की निडरता, स्वतंत्रता, शुचिता, ईमानदारी, समानता ऐसे गुण हैं, जिनकी बलि नहीं दी जा सकती' (आर. मुथुकृष्णन बनाम रजिस्ट्रार जनरल ऑफ द हाईकोर्ट ऑफ ज्यूडिकेचर एट मद्रास एआईआर 2019 एससी 849)। मौलिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों के प्रति सम्मान बनाए रखने के लिए क़ानूनी पेशे की स्वतंत्रता आवश्यक है। जब अधिवक्ता स्वतंत्र, निष्पक्ष, वस्तुनिष्ठ और अखंडता, स्वायत्तता और तटस्थता के साथ कार्य करने में असमर्थ होता है, तो न तो विधि का शासन कायम रह सकता और न ही न्याय ठीक से प्रशासित हो सकता है।

बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने जुलाई' 2021 में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट, 2021 का ड्राफ्ट तैयार किया था। इस ड्राफ्ट का प्रमुख लक्ष्य वकीलों और उनके परिवारों को मारपीट, अपहरण, अवैध कारावास जैसे अपराधों के ख़िलाफ़ सुरक्षा सुनिश्चित करना है। अधिवक्ता (संरक्षण) विधेयक, 2021 में अधिवक्ता सुरक्षा और वकीलों के लिए वित्तीय सहायता के प्रावधान शामिल हैं। इसके अलावा, यदि कोई उनके अधिकारों का हनन या उल्लंघन करता है, तो ये वकीलों को मुआवज़ा भी देने का उल्लेख करता है। ये ड्राफ्ट कानून मंत्रालय को सौंप दिया था, लेकिन अब तक कोई केंद्रीय क़ानून नहीं बन सका।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# टैक्सेशन और वित्तीय पेशे पर एआई का प्रभाव






रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ


पिछले कुछ वर्षों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ने बहुत तेजी से दुनिया की अर्थव्यवस्था, उद्योग और पेशेवर सेवाओं को बदलना शुरू कर दिया है। आज यह सवाल बहुत चर्चा में है कि क्या आने वाले समय में एआई टैक्सेशन, टैक्स फाइलिंग, चार्टर्ड अकाउंटेंट (CA), कंपनी सेक्रेटरी (CS), फाइनेंशियल प्लानर और इंश्योरेंस अंडरराइटर जैसे पेशों की भूमिका को कम कर देगा। यह सवाल केवल भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में उठ रहा है।

टैक्सेशन और अकाउंटिंग का काम हमेशा से डेटा और गणना पर आधारित रहा है, इसलिए यह क्षेत्र ऑटोमेशन और एआई के लिए बहुत उपयुक्त माना जाता है। आज टैक्स रिटर्न भरना पहले की तुलना में बहुत आसान हो गया है। कई जानकारियां पहले से सिस्टम में भरी हुई मिलती हैं और कुछ ही मिनटों में रिटर्न फाइल हो जाता है। बैंकिंग, जीएसटी, पैन और डिजिटल लेन-देन के डेटा के जुड़ने से कर प्रणाली अब पहले से ज्यादा डेटा आधारित हो गई है। आने वाले समय में साधारण टैक्स फाइलिंग और अनुपालन से जुड़े कई काम पूरी तरह मशीनों द्वारा किए जा सकते हैं।

दुनियाभर में वित्त और अकाउंटिंग के क्षेत्र में एआई का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। बड़ी अकाउंटिंग और कंसल्टिंग कंपनियां मशीन लर्निंग और डेटा एनालिटिक्स का उपयोग कर रही हैं।

दुनिया भर में वित्त और अकाउंटिंग के क्षेत्र में एआई का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। बड़ी अकाउंटिंग और कंसल्टिंग कंपनियां मशीन लर्निंग और डेटा एनालिटिक्स का उपयोग कर रही हैं, जिससे ऑडिट, जोखिम का आकलन और वित्तीय विश्लेषण पहले से ज्यादा तेज और सटीक हो गया है। एआई लाखों लेन-देन को बहुत कम समय में जांच सकता है, गड़बड़ी पकड़ सकता है और रिपोर्ट तैयार कर सकता है। पहले जो काम कई दिन या हफ्तों में होता था, वह अब कुछ घंटों में हो सकता है। फिर भी इसका मतलब यह नहीं है कि CA, CS या वित्तीय सलाहकार जैसे पेशे खत्म हो जाएंगे। असल में इन पेशों का काम करने का तरीका बदलने वाला है। दोहराए जाने वाले साधारण काम जैसे डेटा एंट्री, बेसिक कैलकुलेशन और फॉर्म भरना मशीनें आसानी से कर सकती हैं, लेकिन टैक्स प्लानिंग, कानून की सही व्याख्या, जटिल वित्तीय ढांचे को समझना, कंपनी को रणनीतिक सलाह देना और जोखिम प्रबंधन जैसे कामों में इंसानी अनुभव और समझ की जरूरत हमेशा रहेगी। इंश्योरेंस और फाइनेंशियल प्लानिंग के क्षेत्र में भी एआई का उपयोग बढ़ रहा है। आज कई डिजिटल प्लेटफॉर्म कुछ ही मिनटों में किसी व्यक्ति की आय, खर्च और निवेश के आधार पर सलाह दे देते हैं।

बीमा कंपनियां भी जोखिम का आकलन और क्लेम की जांच में एआई का उपयोग कर रही हैं, जिससे समय और लागत दोनों कम हो रहे हैं, लेकिन भारत जैसे देश में लोग केवल आंकड़ों के आधार पर फैसले नहीं लेते; वे परिवार, भविष्य की जरूरतों और व्यक्तिगत परिस्थितियों को भी ध्यान में रखते हैं, इसलिए मानवीय सलाहकार की भूमिका पूरी तरह खत्म होने की संभावना कम है।

भारत में एआई द्वारा इस क्षेत्र में पूरी तरह बदलाव आने में समय लगने के कई कारण हैं। पहला कारण डिजिटल साक्षरता और तकनीकी ढांचे में अंतर है। बड़े शहरों में लोग तकनीक का उपयोग आसानी से कर लेते हैं, लेकिन छोटे शहरों और कस्बों में अभी भी कई लोग डिजिटल प्रक्रियाओं से पूरी तरह परिचित नहीं हैं। दूसरा कारण यह है कि भारत में टैक्स और कॉर्पोरेट कानून काफी जटिल हैं और समय-समय पर बदलते रहते हैं। कई मामलों में कानून की सही व्याख्या करना जरूरी होता है, जो केवल मशीनों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। तीसरा कारण विश्वास का है। भारत में लोग अपने निवेश और टैक्स से जुड़े फैसलों में व्यक्तिगत सलाह को अधिक महत्व देते हैं। वे किसी जानकार से बात करना ज्यादा सुरक्षित मानते हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले पांच से दस वर्षों में साधारण टैक्स फाइलिंग और अनुपालन का बड़ा हिस्सा काफी हद तक ऑटोमेटेड हो सकता है। वेतनभोगी वर्ग और छोटे व्यवसायों के लिए एआई आधारित सेवाएं सामान्य हो सकती हैं, लेकिन बड़े कॉर्पोरेट मामलों, अंतर्राष्ट्रीय कर योजना और जटिल वित्तीय मामलों में पेशेवरों की जरूरत लंबे समय तक बनी रहेगी, इसलिए भारत में इस क्षेत्र में पूरी तरह एआई आधारित व्यवस्था बनने में कम से कम पंद्रह से बीस वर्ष लग सकते हैं। यह बदलाव भारत के लिए अवसर भी लेकर आएगा और चुनौतियां भी।

अवसर यह है कि तकनीक से पारदर्शिता बढ़ेगी, टैक्स अनुपालन बेहतर होगा और सेवाओं की लागत कम हो सकती है। छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप्स को सस्ती और तेज सेवाएं मिल सकेंगी। सरकार के लिए भी टैक्स संग्रह आसान हो सकता है, क्योंकि डेटा आधारित निगरानी से कर चोरी कम हो सकती है, लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं हैं। लाखों पेशेवरों को अपने कौशल को अपडेट करना होगा और नई तकनीक सीखनी होगी। पारंपरिक तरीके से काम करने वालों के लिए यह बदलाव आसान नहीं होगा। इसके अलावा साइबर सुरक्षा और डेटा गोपनीयता भी एक बड़ी चिंता बन सकती है, क्योंकि वित्तीय डेटा बहुत संवेदनशील होता है। यदि तकनीक तक पहुंच में अंतर बना रहा, तो छोटे शहरों के पेशेवर पीछे रह सकते हैं।

अंत में यह समझना जरूरी है कि एआई किसी पेशे को खत्म नहीं करता, बल्कि उसे बदल देता है। जैसे कंप्यूटर आने के बाद अकाउंटेंट्स की जरूरत खत्म नहीं हुई, बल्कि उनका काम और अधिक महत्वपूर्ण और विश्लेषणात्मक हो गया, उसी तरह एआई भी पेशेवरों को अधिक मूल्यवान और रणनीतिक भूमिका निभाने का अवसर देगा। आने वाले समय में सफल वही पेशेवर होंगे जो तकनीक को अपनाएंगे, डेटा और डिजिटल टूल्स की समझ बढ़ाएंगे और समय के साथ खुद को बदलेंगे, इसलिए असली सवाल यह नहीं है कि एआई पेशेवरों की जगह लेगा या नहीं, बल्कि यह है कि पेशेवर एआई के साथ कदम मिलाकर चलने के लिए कितने तैयार हैं। यही भविष्य की सफलता का सबसे बड़ा आधार होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



हम शुरुआत से इस बात को कहते रहे हैं कि चुनाव के बाद नीतीश कुमार को भाजपा के लोग मुख्यमंत्री पद पर नहीं रहने देंगे। आज वो बात सच हुई है। भाजपा ने पूरी तरीके से नीतीश कुमार को हाईजैक कर लिया है।

-तेजस्वी यादव
राजद नेता

यह सब तेजस्वी यादव के यहां होता है। इनके यहां लोग हाईजैक हो जाते हैं। जदयू और भाजपा में हाईजैक का कल्चर नहीं है। राजद के वंशवाद और परिवारवाद पर ताला लग गया है। राजद का बिहार की राजनीति में अंश नहीं बचा है।

-गौरव वल्लभ
भाजपा नेता



# चिंता से बाहर होता दहेज हत्या का मसला




डॉ. सुनिधि मिश्रा
शिक्षाविद्


दहेज हत्याएं सवालों और चिंताओं से बाहर हो गई हैं। यह तथ्य दुखद और शर्मिंदा करने वाला है कि भारत में प्रतिदिन बीस बहुएं दहेज की भेंट चढ़ जाती हैं।

राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार 2017 से 2022 के मध्य देश में 35,493 दहेज-मृत्यु अभिलिखित की गईं। अर्थात् प्रतिदिन बीस विवाहित स्त्रियों की असामयिक मृत्यु। जिस देश में 'अधिकार, न्याय और कार्रवाई' की मांग सबसे अधिक प्रासंगिक है, वह देश इसी धरती पर है। भारत में दहेज-पीड़िताओं के विधिक अधिकारों की सूची प्रभावशाली है। 1961 का दहेज-निषेध अधिनियम, भारतीय दंड संहिता की धारा 498-क, घरेलू हिंसा संरक्षण अधिनियम 2005 और अब भारतीय न्याय संहिता की धारा 80 तथा 85, इन सबने एक सुदृढ़ विधिक ढांचा खड़ा किया है। तिरसठ वर्षों में यह ढांचा बार-बार सुधारा, परिमार्जित और सुदृढ़ किया गया, परन्तु 'अधिकार' की सार्थकता केवल उसके अभिलेखन में नहीं, उसके व्यावहारिक उपयोग में होती है। जब दोषसिद्धि की दर मात्र 11 से 17 प्रतिशत रहती हो, जब 67 प्रतिशत अंवेषण छह माह से अधिक काल तक अधर में रहते हों, तो कागज़ पर लिखे अधिकार उस स्त्री के किस काम के जो न्याय की प्रतीक्षा में प्राण गंवा देती है?

उत्तर प्रदेश में वर्ष 2022 में 2,200 दहेज-प्रकरण अभिलिखित हुए, किंतु दंड केवल 320 को मिला। राष्ट्रीय महिला आयोग को 2024 में अकेले दहेज-उत्पीड़न की 4,383 शिकायतें प्राप्त हुईं। इन प्रकरणों में साक्षियों को भयभीत किया जाता है, सबूत विलुप्त होते हैं, पुलिस पारिवारिक दबाव में 'समझौते' को प्रोत्साहित करती है और न्यायालय वर्षों तक प्रकरण सुनती रहती है। इस प्रक्रिया में पीड़ित परिवार न्यायिक थकान का शिकार होकर या तो वाद वापस ले लेता है या मौन हो जाता है। 'न्याय' जब इतना महंगा, इतना दीर्घकालिक और इतना अनिश्चित हो, तो उसे न्याय नहीं, विशेषाधिकार कहना अधिक उचित होगा।

इस न्यायिक दौर्बल्य को समझने के लिए दहेज की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक जड़ों की परीक्षा आवश्यक है। पितृसत्तात्मक समाज-व्यवस्था में स्त्री को उत्पादन की इकाई न मानकर उपभोग का साधन माना जाता रहा है। 'कन्यादान' की अवधारणा ने पुत्री के साथ संपत्ति भेजने को पितृ-कर्तव्य के रूप में प्रतिष्ठापित किया। इस सांस्कृतिक नींव पर दहेज की मांग धीरे-धीरे सामाजिक स्वीकृति प्राप्त करती गई और रूढ़ि का रूप ले लिया।

जब कोई प्रथा सांस्कृतिक अनुमोदन प्राप्त कर लेती है, तब उसे केवल विधिक दंड से नहीं बदला जा सकता, क्योंकि समाज उस दंड को अनुचित मानता है और उससे बचने के मार्ग ढूंढता है। यही कारण है कि तिरसठ वर्षों के कठोर विधान के उपरांत भी यह प्रथा अपना स्वरूप बदलकर जीवित है और यह नवीन स्वरूप पूर्व से कहीं अधिक जटिल है। आधुनिक उपभोक्तावाद ने दहेज की प्रकृति को रूपांतरित किया है, समाप्त नहीं। जहां पूर्व में भूमि, स्वर्णाभूषण और नकद राशि की मांग होती थी, वहां आज मोटरयान, उच्च-श्रेणी के गृह-उपकरण और कभी-कभी विदेश-यात्रा तक की अपेक्षा रखी जाती है।

सामाजिक संचार माध्यमों पर वायरल होने वाले भव्य विवाह-समारोहों ने एक प्रतिस्पर्धात्मक मनोवृत्ति को प्रोत्साहन दिया है जिसमें विवाह की भव्यता परिवार की प्रतिष्ठा का मानक बन गई है। ग्रामीण भारत में 95 प्रतिशत और नगरीय भारत में 'उपहार' तथा 'आशीर्वाद-स्वरूप' की आड़ में यही प्रथा अव्याहत जारी है। पहनावा बदला है, पर चरित्र वही है।

इस प्रथा का आर्थिक भार भी कम विध्वंसकारी नहीं है। दहेज की पूर्ति के लिए ग्रामीण परिवार प्रायः अपनी एक से तीन वर्ष की आय व्यय कर देते हैं। भूमि बिकती है, स्वर्ण गिरवी रखा जाता है और बैंकों से ऋण लिया जाता है। जब यह आर्थिक बलिदान वर-पक्ष को 'पर्याप्त' नहीं लगता, तब आरंभ होती है, वह प्रताड़ना जो घर की चारदीवारी में छिपी रहती है और जो अन्ततः उस 'रसोई दुर्घटना' के रूप में सामने आती है, जिसे पुलिस रिकॉर्ड में अभिलिखित किया जाता है। इस प्रकार दहेज एक साथ तीन अपराध करता है। यह एक आर्थिक शोषण है, एक मानवाधिकार उल्लंघन है और एक सुनियोजित हत्या की पृष्ठभूमि है।

विधिक स्तर पर दहेज-मृत्यु के प्रकरणों के लिए द्रुत विशेष न्यायालयों की स्थापना, निर्धारित कालावधि में निर्णय और पुलिस-तंत्र को लैंगिक संवेदनशीलता का बाध्यकारी प्रशिक्षण अनिवार्य है। दहेज-निषेध अधिकारियों को ग्राम स्तर पर वास्तविक निगरानी का अधिकार और उत्तरदायित्व दोनों मिलने चाहिए न कि केवल कागज़ी कार्रवाई। 'विकसित भारत 2047' का स्वप्न तब तक अपूर्ण है, जब तक प्रतिवर्ष सात हजार से अधिक दहेज-हत्याएं इस राष्ट्र की सीमाओं के भीतर होती रहें। संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य क्रमांक पांच लैंगिक समानता और क्रमांक 16 न्यायपूर्ण संस्थाएं, दोनों की पूर्ति तब तक संभव नहीं, जब तक दहेज की यह प्रथा जीवित है। विश्व की पांचवीं वृहत्तम अर्थव्यवस्था होने का गौरव तब संपूर्ण होगा, जब उसके नागरिकों को, विशेषतः स्त्रियों को, न्याय की त्वरित और सुलभ पहुंच प्राप्त होगी।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## अकेलापन और बंद दरवाजे

अकेलापन एक अजीब चीज़ है। यह हमें उन दरवाज़ों की तरफ वापस खींच ले जाता है, जिन्हें हमने बड़ी मुश्किल से बंद किया था। कभी-कभी बस किसी की मौजूदगी की ख्वाहिश हमें फिर से उन्हीं गलत रिश्तों में उलझा देती है, जिनसे निकलने में हमें बहुत वक़्त लगा था, इसीलिए जरूरी है कि हम खुद को समझें और उस अकेलेपन से हार न मानें। जब कोई हमें नजरअंदाज करता है, बार-बार संदेश भेजने पर भी कोई जवाब नहीं देता, तो हमें यह समझ लेना चाहिए कि आत्मसम्मान, किसी भी उम्मीद से ज़्यादा ज़रूरी है। खुद को उस जगह से हटा लेना, जहां हमारी कद्र नहीं, एक तरह का प्यार ही है- खुद से।




प्रशस्ति पाठक
लेखिका


कुछ चीजें जीवन में हमारे काबू में नहीं होतीं। जैसे-बालों का झड़ना या दांतों का गिरना। ये छोटी-छोटी बातें हमें याद दिलाती हैं कि हम सब कुछ नियंत्रित नहीं कर सकते। यही जीवन है- थोड़ा बेतरतीब, थोड़ा असहज, लेकिन पूरी तरह से सच्चा। अक्सर लोग हमारी तरक्की को देखते हैं, लेकिन वे यह नहीं देख पाते कि उस तरक्की के पीछे कितनी तन्हाई छुपी होती है। खुद को बेहतर बनाने के रास्ते में हम इतने अकेले हो जाते हैं कि कभी-कभी कोई हमारे पास आकर बस इतना कह दे कि 'मैं समझता हूं,' तो आंखें भीग जाती हैं।

वक़्त के साथ एक और बात समझ में आई। सच्ची दोस्ती का रिश्ता समय और दूरी से नहीं, दिल से जुड़ा होता है। साल में बस दो-तीन बार मिलने वाले दोस्त भी उतने ही अपने होते हैं, जितना रोज़ मिलने वाला कोई और रिश्तों की गहराई का असली इम्तिहान तब होता है, जब खामोशी भी बोझ नहीं लगती। जब दो लोग साथ हों और कोई बात न हो, फिर भी सुकून बना रहे, तो समझो वो रिश्ता अब शब्दों से आगे निकल चुका है।

हमेशा उस जगह रहो, जहां तुम्हारे हुनर को सराहा जाए, जहां तुम्हें सम्मान मिले। ऐसे माहौल में रहना, जहां तुम्हें बार-बार खुद को साबित करना पड़े, वो जगह तुम्हारे लायक नहीं है और सबसे खूबसूरत बात ये है कि तुम्हारी ज़िंदगी में जो लोग तुम्हें सच्चे दिल से चाहेंगे, उनमें से बहुत से लोग अभी तक आए नहीं हैं। प्यार अभी बाकी है। आगे बहुत कुछ अच्छा होने वाला है। अगर आज का दिन बुरा भी हो, तो यह मत भूलो कि साल में 364 और दिन हैं। हो सकता है, कल सूरज तुम्हारे लिए कुछ नया ले कर आए। एक दिन का दुखी होना ज़िंदगी का अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत की दस्तक हो सकती है।

-फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## वैश्विक अनिश्चितताओं में भारत की विकास दर

जनसंख्या की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा देश भारत कोरोना काल से पहले ही तेज गति से बढ़ती आर्थिक शक्ति के रूप में उभर चुका था। विश्व की लगभग सभी रेटिंग एजेंसियों जैसे आईएमएफ, फीच, एसएंडपी, मूडीज आदि के अनुमानों के आधार पर भारत की विकास दर आने वाले वर्षों में लगभग साढ़े छह से साढ़े सात प्रतिशत रहने का अनुमान है। वहीं दूसरी ओर विश्व की बड़ी आर्थिक शक्तियां, विशेष रूप से अमेरिका और चीन, कोरोना महामारी के बाद विकास दर में उतार-चढ़ाव का सामना कर रही हैं। अमेरिका लगभग 2 से 2.2 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है और चीन की विकास दर 4 से 4.5 प्रतिशत के आसपास है, जो भारत की तुलना में कम है।

भारत की तेज गति से बढ़ती आर्थिक शक्ति का मुख्य कारण लगातार हो रहा ढांचागत विकास, सुदृढ़ होती परिवहन व संचार सुविधाएं तथा आर्थिक सुधारों के मद्देनजर लिए गए नीतिगत फैसले हैं, जैसे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के निवेश व टर्नओवर दायरे का विस्तार, आयकर सीमा में वृद्धि, जीएसटी दरों में कमी, नई श्रम संहिताओं का अमल में आना तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दृष्टि से गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) योजना का लागू होना, इससे ग्रामीण स्तर पर औद्योगिक ढांचा विकसित होगा तथा रोजगार और आजीविका के अवसर बढ़ेंगे।




प्रो. एचसी पुरोहित
दून यूनिवर्सिटी


स्टार्टअप इंडिया अभियान जैसे नूतन प्रयोग की दस वर्षों की विकास यात्रा पर दृष्टिपात करने से स्पष्ट होता है कि यह उद्यमिता विकास में मील का पत्थर सिद्ध हुआ है, क्योंकि आज दो लाख से अधिक स्टार्टअप सक्रिय हैं और स्टार्टअप इकोसिस्टम की दृष्टि से भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है। विनिर्माण क्षेत्र में निरंतर प्रगति औद्योगिक संरचनाओं के विस्तार का परिणाम है। पिछले पांच वर्षों में 14 महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्रों को प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) के माध्यम से विशेष सुविधाएं मिलने से औद्योगिक विकास को गति मिली है। इसके परिणामस्वरूप मेक इन इंडिया अभियान के अंतर्गत भारत आज प्रति वर्ष 63 अरब डॉलर से अधिक मूल्य के मोबाइल फोन निर्यात कर रहा है, जबकि एक दशक पूर्व यह लगभग तीन अरब डॉलर था। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में लगातार सुधार से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में भी निरंतर वृद्धि हो रही है।

बजट में घोषित सेमीकंडक्टर 2.0 अभियान से औद्योगिक संरचनाओं के विस्तार को और गति मिलने की संभावना है। हाल ही में आयोजित कृत्रिम बुद्धिमत्ता सम्मेलन से तकनीकी नवाचार के विकास को नई ऊंचाई मिलेगी, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे। भारत की स्पष्ट नीति सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण तथा प्राकृतिक संसाधनों के समुचित उपयोग पर केंद्रित है, इसलिए हरित ऊर्जा और स्वच्छ प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हो रही है।

हाल ही में जारी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के आंकड़ों पर नजर डालने से स्पष्ट होता है कि इसमें चीन की भागीदारी लगभग 25.92 प्रतिशत के साथ सर्वाधिक है। परंतु प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन के संदर्भ में चीन का स्तर अमेरिका से कम है, जबकि अमेरिका का वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में लगभग 11.12 प्रतिशत अंशदान है। भारत अपनी सर्कुलर अर्थव्यवस्था और सतत संस्कृति के कारण लगभग 7.83 प्रतिशत ही ग्रीनहाउस उत्सर्जन करती है, जो प्रति व्यक्ति भागीदारी की दृष्टि से अपेक्षाकृत कम है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

अमृत विचार
शब्द रंग





# अजनबी शहर, नई दृष्टि और आत्मखोज की यात्रा



डॉ. गीतिका श्रीवास्तव
सह आचार्य, डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय

दिसंबर 2019 की वह रात आज भी मेरी स्मृतियों में जमी हुई ठंड की तरह ताजा है। विमान जब पेरिस की धरती पर उतरा, तब रात आधी बीत चुकी थी। घड़ी ने मध्यरात्रि पार कर ली थी और तापमान शून्य से नीचे जा चुका था। भारत की परिचित गर्माहट से निकलकर यूरोप की उस ठिठुरती हवा में कदम रखते ही मुझे पहली बार अपने निर्णय का वास्तविक अर्थ समझ आया। यह केवल एक यात्रा नहीं थी, यह मेरे जीवन का पहला पूर्णतः एकल अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक अभियान था। विश्व के अग्रणी वैज्ञानिकों के बीच, न्यूरो साइंस और मस्तिष्क अनुसंधान के अत्याधुनिक वातावरण में, मैं वहां एक शोध प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने पहुंची थी। जब हवाई अड्डे के स्वचालित दरवाजे खुलते ही बर्फीली हवा चेहरे से टकराई, मेरे भीतर वैज्ञानिक जिज्ञासा से पहले एक साधारण यात्री का संकोच जाग उठा। भाषा अनजानी, उच्चारण अपरिचित और शहर पूर्णतः नया, सब कुछ एक साथ मेरे सामने खड़ा था। फिर भी, उस ठंड में एक विचित्र ऊर्जा थी, जैसे प्रकृति स्वयं कह रही हो कि असुविधा ही विकास का पहला कदम है।

## वातावरण

शोध प्रशिक्षण कार्यक्रम का वातावरण अत्यंत अनुशासित था। समय की पाबंदी केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि कार्य संस्कृति का मूल तत्व थी। प्रत्येक सत्र निर्धारित समय पर प्रारंभ और समाप्त होता, प्रत्येक चर्चा सटीक और गहन होती। यहां मैंने पहली बार देखा कि ज्ञान केवल जानकारी का संचय नहीं, बल्कि सोचने की विधि है। एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जो हर प्रश्न को गहराई से देखने की प्रेरणा देता है। शीर्ष शोधकर्ताओं के साथ संवाद करना किसी पुस्तक के जीवंत हो उठने जैसा अनुभव था। जिन सिद्धांतों को मैंने वर्षों तक पढ़ा था, वे अब प्रयोगशालाओं में आकार लेते दिख रहे थे। जटिल उपकरण, उन्नत तकनीकें और विचारों की निरंतर धारा यह सब मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया। सबसे महत्वपूर्ण यह था कि वहां प्रतिस्पर्धा नहीं, सहयोग की भावना थी। प्रश्न पूछना प्रोत्साहित किया जाता था, जिज्ञासा को सम्मान मिलता था और विचारों का आदान-प्रदान खुलेपन से होता था। मुझे यह समझ में आया कि सच्चा वैज्ञानिक वातावरण वही है, जहां ज्ञान साझा करने से बढ़ता है, छिपाने से नहीं।



## अधूरे वाक्यों के सहारे संवाद का पुल

पेरिस पहुंचते ही मुझे पहली चुनौती भाषा की मिली। अंग्रेजी का प्रयोग सीमित था और फ्रेंच उच्चारण मेरे लिए बिल्कुल नया। स्थानों के नाम, मेट्रो स्टेशनों की घोषणाएं, यहां तक कि लोगों के नाम भी मेरे लिए मानो किसी नए संगीत की धुन थे, जिन्हें समझने में समय लगना स्वाभाविक था। एक साधारण प्रश्न पूछना भी कई बार एक छोटी-सी यात्रा बन जाता। मैं शब्द खोजती, सामने वाला व्यक्ति मुस्कुराकर फ्रेंच में कुछ कहता और हम दोनों ही संकेतों और अधूरे वाक्यों के सहारे संवाद का पुल बनाते, लेकिन यही अनुभव धीरे-धीरे मुझे एक महत्वपूर्ण जीवन पाठ सिखाने लगा। भाषा केवल शब्दों का माध्यम नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं का विस्तार है। मुस्कान, सहयोग, धैर्य और सम्मान ये सार्वभौमिक भाषाएं हैं, जिन्हें अनुवाद की आवश्यकता नहीं होती। कुछ ही दिनों में विभिन्न देशों से आए प्रतिभागियों के साथ संवाद सहज होने लगा।





## एफिल टॉवर और पेरिस की सुंदरता

औपचारिक प्रशिक्षण के बाद का समय मेरा अपना था। मैंने निर्णय लिया कि इस शहर को केवल पर्यटक की तरह नहीं, बल्कि एक खोजकर्ता की तरह देखूंगी। पैदल चलकर, गलियों को महसूस करके और शहर की धड़कन को सुनकर। पेरिस की सड़कों पर अकेले चलना एक अद्भुत अनुभव था। ठंडी हवा, हल्की रोशनी और इतिहास से भरी इमारतें हर मोड़ एक कहानी कहता प्रतीत होता। सीन नदी के किनारे टहलते हुए मुझे लगा कि यह शहर केवल स्थापत्य का नहीं, विचारों का शहर है। यहां कला, दर्शन, साहित्य और विज्ञान सब एक साथ सांस लेते हैं, लैटिन क्वार्टर की बौद्धिक ऊर्जा, मोंटमार्ट्रे की कलात्मक आत्मा, संग्रहालयों की गंभीरता और कैफे की सहजता हर स्थान अपने भीतर एक अलग दुनिया समेटे हुए था। फिर वह क्षण आया, जिसे शब्दों में बांधना आज भी कठिन है। जब मैंने पहली बार एफिल टॉवर को सामने देखा। वह वही संरचना थी, जिसे मैंने बचपन में पुस्तकों के पन्नों पर देखा था। भूगोल की किताबों में, पोस्टकार्डों में और कल्पनाओं में, लेकिन वास्तविकता में उसे देखना एक अलग ही अनुभव था। रात के अंधेरे में रोशनी से जगमगाता वह टॉवर केवल लोहे की संरचना नहीं था। वह समय, सपनों और उपलब्धि का प्रतीक था। उस क्षण मुझे लगा कि जीवन में देखी हुई चीजें सपनों को आकार देती हैं और जब वे सपने साकार होते हैं, तो व्यक्ति स्वयं को नए रूप में पहचानता है। पेरिस की सुंदरता केवल उसकी इमारतों में नहीं, बल्कि उसकी लय में है। लोग पैदल खूब चलते हैं, बातचीत में समय लेते हैं और जीवन को अनुभव की तरह जीते हैं। यह शहर आपको रुकना सिखाता है। देखने के लिए, सोचने के लिए और महसूस करने के लिए। लूव्र संग्रहालय की भव्यता, नोट्रे-डेम की गंभीरता, सीन के पुलों की शांति और छोटे-छोटे कैफे की गर्माहट सब मिलकर एक ऐसा वातावरण बनाते हैं, जहां मन स्वतः चिंतनशील हो जाता है।



---

अनुभूति

# छोलिया की याद



अंजू खरबंदा
शिक्षिका

छोलिया शब्द के साथ बचपन की बहुत सी यादें जुड़ी हैं। बीते दिनों छोलिया लेकर आई तो सब्जी बनाते हुए चलचित्र की भांति कितनी ही यादें आंखों के आगे तैर आईं। किंग्जवे कैंप का घर टूटने पर हमें जहांगीरपुरी में डीडीए द्वारा बनाए नए फ्लैट्स में शिफ्ट कर दिया गया। जिस घर में पैदा हुई उसे छोड़कर जाना, स्कूल, सहेलियां, बचपन के खेल, मां की यादें सभी तो उसी घर से जुड़ी थीं। मायूसी, दर्द और असहनीय पीड़ा का अहसास तारी था बस।

उस वक्त बहुत बड़ी नहीं थी, पर इतनी भी छोटी नहीं थी। पापा बताते हैं कि वह पाकिस्तान से माइग्रेट होकर यहां आए थे, कैंप टूटने पर मुझे भी यही महसूस होता था कि हमें भी जैसे देश निकाला मिल गया हो। कहां किंग्सवे कैंप का खुला-खुला घर और कहां जहांगीरपुरी के दड़बे जैसा फ्लैट! रसोई, एक इकलौता कमरा और एक नन्हा सा वेहड़ा! हम दो परिवार इस एक कमरे के फ्लैट में शिफ्ट हुए। कैसे रहे? याद करती हूं, तो मन भर आता है। नए सिरे से जिंदगी शुरू करनी आसान कहां होती है भला? घर छोटे-छोटे थे अतः अधिकतर लोग घर के बाहर चारपाई बिछा उसी पर बैठे कई काम निपटा लेते। सब्जी काटना, सिलाई मशीन पर कपड़े सिलना, कपड़े तह करना और जाने कितने काम। मैले कपड़े गली के बाहर लगे सार्वजनिक नल पर जाकर धोए जाते। इन कामों में एक काम था छोलिया छिलना। सर्दी की गुनगुनी धूप में घर के काम निपटाकर कुछ महिलाएं स्वेटर बुनती, कुछ सिलाई कढ़ाई करतीं तो कुछ छोलिया छिलने बैठ जाती। पहले पहल तो समझ न आया कि रोज इतने छोलिए का करती क्या होंगी। फिर पता चला कि सब्जी वाले भैया छोलिया छिलने के बदले पैसे देते हैं। ढेर के ढेर हरे छोलिए के गठ्ठर सामने पड़े रहते और महिलाएं बतियाते हुए बीनती जाती। सच पूछिए तो आसान काम नहीं था ये। अपने घर के लिए छोलिया छीलते हुए ही हाथ थक जाते थे और वे महिलाएं तो बिना नागा ढेर सारा छीलती थीं। छिला छिलाया छोलिया लाई और झटपट बना भी लिया, लेकिन जाने क्यों ये सब आज बहुत याद आया।



---

विमर्श

# 'आधे आसमान' से ही पूर्ण होगा आकाश

स्त्री सृष्टि की रचयिता है, जो अपने गर्भ से ही जीवन का प्रारंभ करती है। वह परिवार की आत्मा है और समाज की कुशल वास्तुकार है, जो अपनी बौद्धिकता एवं लगन से परिवार में मिठास एवं समाज को प्रगतिशील बनाती है। स्त्री के बिना संसार की कल्पना नहीं की जा सकती है, क्योंकि वह जीवन है। स्त्री के सम्मान में ही सृष्टि का संतुलन एवं समाज का उत्थान है, लेकिन फिर भी सदियों से संसार की स्त्रियां उपेक्षित रही है। यह दोहरी प्रवृति हमारे समाज की सबसे बड़ी विडंबना है, जो आज के वैज्ञानिक युग में भी व्याप्त है। एक ओर जहां हमारे देश में स्त्रियों को मौखिक रूप से देवी का स्थान दिया गया है, वहीं पितृसत्तात्मक व्यवस्था ने आज भी स्त्रियों को बंधनों से जकड़े रखा। इसके पूर्व ही सती प्रथा, बाल विवाह और कन्या भ्रूण हत्या जैसी अनेक कुरीतियों द्वारा शोषण किया गया और आज भी देश में शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में महिलाएं पिछड़ी हुई हैं और महिलाओं के साथ बालात्कार एवं हिंसा की खबरें तो रोज की बात हो गई है। वर्तमान आंकड़े इस कड़वी हकीकत को और स्पष्ट करते हैं।





अंबिका अंबी
लेखिका

वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट 2025 के अनुसार भारत 148 देशों में 131 वें स्थान पर है, शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति होने के साथ महिलाओं की साक्षरता दर बढ़ी है और उच्च शिक्षा में नामांकन लगभग 46 प्रतिशत तक पहुंच गया है, लेकिन परिवार और देश की अर्थव्यवस्था में भागीदारी काफी कमजोर है। महिला श्रम बल भागीदारी दर थोड़ा बढ़ी, परंतु पुरुषों की तुलना में अभी भी बहुत ज्यादा कमजोर है। महिलाएं घरेलू कामों में अधिक समय बिताती हैं, जिससे उनकी वेतन वाली नौकरियों में भागीदारी सीमित रहती है। देश में महिलाओं के साथ उत्पीड़न एवं हिंसा अधिक चिंता का विषय है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार महिलाओं के खिलाफ अपराधों में निरंतर वृद्धि हो रही है। कार्यस्थल पर उत्पीड़न, साइबर क्राइम और घरेलू हिंसा आज भी लाखों महिलाओं की आजादी छीन रही है। अक्सर सुनने को मिलता है महिलाओं को नौकरी में आरक्षण मिला, यात्रा में भी सुविधा मिली, शिक्षा में साइकिल एवं पोशाक की सुविधा मिल तो गई, अब और कितनी बराबरी चाहिए? यह तंज करने से पहले चिंतन करने की आवश्यकता है कि क्या ये सुविधाएं और आरक्षण ने महिलाओं को परिवारिक-सामाजिक स्तर पर पुरुषों के बराबर अधिकार और स्वतंत्रता दे रही है? अगर लैंगिक बराबरी मिल रही है, तब देश में ही असुरक्षित कैसे है? न आजादी से कही आ-जा सकती, न आजादी से पढ़ लिख सकती, न आजादी से कमा सकती और न ही आजादी से जी सकती है।

आजकल एक और तंज कसे जा रहे है कि 'स्त्रियों को थोड़ी आजादी क्या मिली संस्कारहीन बनती जा रही है।' इस तंज पर एक सवाल की 'क्या संस्कारहीन होने के पैमाने एवं जेंडर निर्धारित होता है?' सदियों से नशे की लत, जुआ, झूठ, धोखा, हिंसा, व्यभिचार जैसी आदतें पुरुषों में भी रही हैं, लेकिन उन्हें 'संस्कारहीन' कहकर समाज ने कभी इतना तीखा तंज नहीं कसा, जितना आज एक लड़की को खुलकर बोलने, देर रात बाहर रहने, करियर चुनने या अपनी पसंद की शादी करने पर कसता है। यह दोहरा मापदंड संस्कार को परिभाषित नहीं करता है। संस्कार असल में नैतिकता, ईमानदारी, सम्मान, जिम्मेदारी और मानवता का नाम है, जो नैतिकता और मर्यादा की सीमा से घिरी है। महिलाओं की बढ़ती आजादी ने समाज को संस्कारहीन नहीं बनाया, बल्कि हिंसा और असमानता को कम करने की कोशिश की है।

---

संस्मरण

# कर्म की प्रतिध्वनि

उस रोज इज्जतनगर स्टेशन पर टिकट बुक कराने गया तो उम्मीद से ज्यादा भीड़ थी। टिकट विंडो से बाहर तक लंबी लाइन। शायद त्योहार नजदीक होना इसकी वजह रहा हो। लाइन में लगे लोग इंतजार के फासले को अपने-अपने हिसाब से तय कर रहे थे। टिकट विंडो में हाथ डाला ही था कि एक सज्जन जो कि लाइन में ठीक मुझसे पहले थे और लगभग आधा घंटे किसी से फोन पर क्वेरीज कर-कर के अपने दर्जन भर टिकट ( कुछ कैंसिल कुछ बनवाकर) अभी-अभी निकले ही थे, दौड़ते हुए आए और मेरे हाथ की परवाह किए बिना विंडो में हाथ घुसाते हुए गुस्से की मुद्रा में टिकट कर्ता से बोले- "मैडम आपने हमारा टिकट गलत तारीख का दे दिया।" "नहीं, ऐसा तो नहीं है, टिकेट दिखाइए"- टिकेट बनाती लड़की बोली। "ऐसा कैसे नहीं है ये देखिए! हमें जाना 20 को है और आपने टिकट 21 का बना दिया"- टिकट देते हुए उन सज्जन ने खौरियाते हुए कहा। लड़की ने टिकट देखा और उस व्यक्ति द्वारा भरे गए फॉर्म से मिलाया। पूरी तरह आश्वस्त होकर बोली -"यह देखिए सर! आपने फॉर्म में जो डिटेल दी है, वही टिकट में है।" व्यक्ति ने तेजी से फॉर्म और टिकेट का मिलान किया। खोजने पर भी उस लड़की की नहीं, बल्कि अपनी ही कमी पाकर तुरत गिरगिटिया रूप धर क्रोध को याचना में बदलते हुए बोला- "सॉरी मैडम! ग़लती हो गई। ऐसा कीजिए, इस टिकट की डेट बदल दीजिए।" "ऐसे डेट नहीं बदली जाती। अब यह टिकट कैंसिल करके दूसरा बनवाना पड़ेगा आपको" - लड़की ने कहा। "देख लीजिए कुछ हो सके तो, वरना ऐसा ही ..." वह व्यक्ति बोला।

इतनी देर में लाइन में लगे लोगों का सब्र जवाब दे चुका था। वे अपने-अपने भाषाई संस्कारों से उस व्यक्ति को नवाजने लगे। लड़की ने इस घमासान के बीच कुछ फॉर्म उस व्यक्ति को दिए और ध्यान पूर्वक भरकर लाइन में लगने को कहकर मेरा टिकट बनाने लगी। मैंने टिकट और बकाया पैसे जैसे-तैसे विंडो से मुट्ठी बांधकर बाहर निकाले और स्टेशन के बाहर आ गया। बाहर आकर टिकेट की डेट और अन्य डिटेल चैक की। किराये की राशि देखी। हाथ में आए पैसे भी चैक किए। मिलान किया तो पाया कि मुझ पर चार सौ रुपए ज्यादा आ गए हैं। वापस दो सौ रुपया होने थे। सौ-सौ के चक्कर मे एक सौ के नोट के साथ एक पांच सौ का आ गया था। मैंने फिर से एक बार टिकट और पैसों का मिलान किया और इसे तत्कालीन माहौल में लड़की की मानवीय त्रुटि मानते हुए पैसा वापस करने विंडो पर आ गया। "क्यों, आपकी भी डेट बदल गयी है क्या?" लाइन में लगा एक व्यक्ति बोला। "नहीं भाई"- मैंने जवाब दिया। "तो क्या कोई इन्क्वायरी करनी है, वो विंडो उधर है"- एक और व्यक्ति बोला। "इसीलिए महिला को विंडो पर नहीं बैठाना चाहिए, लोग बार-बार दर्शन करने ..." एक और व्यक्ति ने दांत चियारे।



डॉ. अवनीश यादव
प्रांतीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उप्र

"मैडम मुझ पर चार सौ रुपया ज्यादा आ गए हैं।" - इस चुहल चर्चा के बीच मैं विंडो की ओर मुंह करके जोर से बोला। लड़की टिकट बनाते से सहसा रुकी। मुझे देखा। मैंने मुट्ठी बांधकर टिकट और धनराशि उसे बढ़ा दी। लड़की ने कम्प्यूटर में कैलकुलेट किया और बोली - "थैंक्स अ लॉट सर!" उसकी आंखों में कृतज्ञता की नमी थी, जिसे साफ-साफ देखा और अनुभव किया जा सकता था। अगला हफ्ता बनारस में रहा। वापसी में श्रमजीवी एक्सप्रेस से बरेली लौट रहा था। रात में लगभग दो बजे ट्रेन से उतरा। बाहर आकर रिजर्व ऑटो लिया और घर के गेट पर पहुंच गया। ऑटो वाले को पैसे देने के लिए जैसे ही जेब में हाथ डाला तो सन्न रह गया। जेब से पर्स नदारद था। पर्स में पैसों के अलावा अन्य जरूरी कागजात भी थे। तुरंत ऑटो को बैक किया, लेकिन तब तक ट्रेन जा चुकी थी। उसी ऑटो से वापस आया। पत्नी से पैसे लेकर पेमेंट किया और पर्स में गुम हुई चीजों के बारे में क्या करना है यही सोचते विचारते सो गया।

सुबह ऑफिस पहुंचा और अपने कामों में रम गया। दोपहर में लंच के लिए घर जाने को निकल ही रहा था कि एक अनजान नंबर से फोन आया। "आप कौन बोल रहे हैं जी?"- उधर से आवाज थी। "आपने किसको लगाया है जी?" "जी मैं अवनीश हूं श्रीमान!" मैंने कहा। "कहां से जी?" "बरेली से जी!" "आप अभी बनारस गए थे क्या?" "जी हां, लेकिन आप कौन हैं और यह सब क्यों पूछ रहे हैं?" मैं बोला। "बताऊंगा जी, पहले ये बताओ आपके आई कार्ड पर, जो फोटो लगा है, उसमें आपने किस रंग की शर्ट पहनी है?" वार्तालाप यहां तक आते आते मेरे अंदर पॉजिटिव वाइब्स बहने लगी थीं। "व्हाइट और पिंक चैक!" मैं चहककर बोला और कार्ड पर अंकित पूरी डिटेल भी बता दी। "बहुत बढ़िया यादव जी। मैं राम कीरत सिंह बोल रहा हूं गजरौला से। मेरे पास आपका पर्स है, जिसमे पैंतालीस सौ बासठ रुपए और अन्य कागजात सुरक्षित हैं। रात को बरेली से ट्रेन में बैठा था। सुबह उतरते वक्त सीट के नीचे से अटैची खींची तो यह पर्स मिला। परिचय पत्र में दिए नंबर को मिलाकर ही आप से बात कर रहा हूं। बताइए आपकी अमानत कहां और कैसे पहुंचवा दूं? वैसे कल तक मैं मुरादाबाद में हूं अपने बेटे के पास।" "मैं कल खुद आऊंगा आपके दर्शन करने भाईसाब, मुरादाबाद मेरा गृह जनपद है", मैं भाव विभोर होकर बोला। "अरे वाह! यह तो बहुत बढ़िया। मैं इंतजार करूंगा। पहुंचने को हों तब दस मिनट पहले फ़ोन कीजियेगा, मैं लेने आ जाऊंगा"- उधर से आवाज थी। अगली सुबह बस से मुरादाबाद उतरा। सामने एक सामान्य कद काठी, लेकिन मुस्कराते और जिंदगी की चमक से भरपूर चेहरे को देखते ही मैं पहचान गया कि यही हैं रामकीरत जो वाकई राम जी की कृति भी है और कीर्ति भी। रामकीरत जी के साथ पूरा दिन मुहब्बत और इंसानी जज्बात से लबरेज रहा। लौटते वक्त तक अपरिचय एक खूबसूरत रिश्ते में तब्दील हो चुका था। पुनः यह विश्वास और पुख्ता हुआ कि दुनिया हमारे कार्य व विचारों की प्रतिध्वनि ही है। यह वही लौटाती है, जो हम इसे सौंपते हैं।



| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 78,918.90 | 24,450.45 |
| बढ़त | 1097.42 | 315.45 |
| प्रतिशत में | 1.37 | 1.27 |

सोना 1,64,100 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,71,700 प्रति किलो

अमृत विचार
बरेली, शनिवार, 7 मार्च 2026
www.amritvichar.com

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन** –तुलसी 2475, राज श्री 1880, फ़ॉर्चून कि. 2430, रविन्द्रा 2450, फॉर्चुन 13kg 2140, जय जवान 2050, सचिन 2120, सूरज 2050, अवसर 1950, उजाला 2070, गृहणी 13 kg 1975, क्लासिक (kg) 2290, मोर 2245, चक्र टिन 2445, ब्लू 2215, आशीर्वाद मस्टर्ड 2390, स्वास्तिक 2430
**किराना**–निजामाबाद हल्दी 16600, जीरा 26500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 12000–13000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 900–1050
**चावल**– (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1kg,5kg) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200, लाडली 4200
**दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7350–9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 13100
**चीनी**– पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4200
बरेली सर्राफा– (प्रति 10 ग्राम) गोल्ड (पक्के जेवर) 163500, गोल्ड (गिन्नी जेवर) 159500, सिल्वर (पक्की) 2700 (अनुमानित)

## बिजनेस ब्रीफ

### ईवी पंजीकरण में 44 % की वृद्धि: फाडा

**नयी दिल्ली।** इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में फरवरी में सालाना आधार पर 44% की बढ़ोत्तरी हुई है। वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। फरवरी, 2026 में ईवी की कुल बिक्री बढ़कर 13,733 इकाई हो गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 9,505 इकाई थी।

### 18 पैसे टूटा, 91.82 प्रति डॉलर पर आया रुपया

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 18 पैसे लुढ़ककर 91.82 पर बंद हुआ। रुपये में यह गिरावट कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और जोखिम से बचने की प्रवृत्ति की वजह से आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, पश्चिम एशिया के टकराव के बढ़ने से सुरक्षित निवेश मानी जाने वाली परिसंपत्तियों की मांग बढ़ने से रुपये पर दबाव बना।

### रिलायंस बेचेगा फिनलैंड में बनी चॉकलेट

**नयी दिल्ली।** रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) ने फिनलैंड की अग्रणी फूड कंपनी फेजर के साथ एक समझौते की घोषणा की है। आरसीपीएल ने शुक्रवार को बताया कि इस समझौते के तहत फेजर भारतीय ग्राहकों के लिए प्रीमियम चॉकलेट और कंफेक्शनरी उत्पाद पेश करेगी। फेजर के उत्पाद फिलहाल 40 से अधिक देशों में उपलब्ध हैं। दोनों कंपनियां भारत में दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी के तहत फेजर के रेसिपी और गुणवत्ता मानकों के अनुसार, चॉकलेट का उत्पादन, मार्केटिंग और वितरण करेंगी।

## कारीगरी



जम्मू–कश्मीर, विशेषकर अनंतनाग और संगम (श्रीनगर–जम्मू नेशनल हाईवे) क्षेत्र, अपने विश्व प्रसिद्ध कश्मीरी विलो क्रिकेट बल्लों के निर्माण के लिए जाना जाता है। यहां प्रतिवर्ष 30 लाख से अधिक उच्च गुणवत्ता वाले बल्ले बनाए जाते हैं, जिसमें 500 से अधिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स निर्माण में शामिल हैं। ये बल्ले अपनी मजबूती और कम कीमत के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय हैं। ये बल्ले 'सालिक्स अल्बा' नामक विलो लकड़ी से बनते हैं, जो ठंडे और गीले इलाकों में पनपती है। फोटो ● एजेंसी

# कच्चे तेल में उबाल से फिसला सेंसेक्स, 1097 अंक टूटा

## विदेशी बाजारों की कमजोरी और निवेशकों की लगातार बिकवाली ने बनाया दबाव

**मुंबई, एजेंसी**

- एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, एयरटेल समेत कई बड़ी कंपनियों के शेयरों में रही तेज गिरावट



पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के सातवें दिन शुक्रवार को निवेशकों की धारणा कमजोर पड़ने से घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1,097 अंक टूटकर बंद हुआ जबकि निफ्टी 315 अंक लुढ़क गया।

विश्लेषकों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में तेजी, अमेरिकी एवं यूरोपीय बाजारों में कमजोरी और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने भी बाजार पर दबाव बनाया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,097 अंक यानी 1.37 प्रतिशत टूटकर 78,918.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,203.72 अंक लुढ़ककर 78,812.18 अंक तक आ गया था। इसी तरह, एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी भी 315.45 अंक यानी 1.27 प्रतिशत के नुकसान के साथ 24,450.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से इटर्नल, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट रही।

दूसरी तरफ रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, सन फार्मा, एनटीपीसी, इन्फोसिस और एचसीएल टेक के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। पश्चिम एशिया संकट गहराने से कच्चे तेल के दामों में तेजी के बीच वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.53 प्रतिशत चढ़कर 87.57 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से पश्चिम एशिया से तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका है, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई है। यह तेजी भारत के चालू खाते के घाटे, मुद्रास्फीति और मौद्रिक नीति के रुख को प्रभावित कर सकती है।

व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.10 प्रतिशत नीचे आया, जबकि छोटी कंपनियों का स्मालकैप 0.43 प्रतिशत के नुकसान में रहा। क्षेत्रवार सूचकांकों में भी व्यापक गिरावट रही। शीर्ष 10 बैंकों में 2.37 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई जबकि प्राइवेट बैंक सूचकांक 2.25 प्रतिशत, बैंकेक्स 2.14 प्रतिशत और वित्तीय सेवाएं सूचकांक 2.12 प्रतिशत गिर गया।

इसके अलावा बीएसई पीएसयू बैंक सूचकांक 1.99 प्रतिशत और सेवाएं सूचकांक 1.35 प्रतिशत के नुकसान में रहा। हालांकि पूंजीगत वस्तु, औद्योगिक और बिजली क्षेत्र के सूचकांकों में बढ़त दर्ज की गई। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,304 शेयरों में गिरावट आई, जबकि 1,895 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए और 175 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# सरकार ने रिफाइनरियों पर लगाया एस्मा एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के निर्देश

## पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच रसोई गैस की आपूर्ति बहाल रखने के लिए उठाया कदम

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



सरकार ने तेल रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का निर्देश देने के लिए 'एस्मा' कानून के तहत आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल किया है। इसका मकसद पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण संभावित व्यवधानों से निपटने के लिए घरेलू रसोई गैस की उपलब्धता बढ़ाना है। भारत की एलपीजी खपत वित्त वर्ष 2024-25 में 3.13 करोड़ टन थी, जिसमें से केवल 1.28 करोड़ टन का उत्पादन घरेलू स्तर पर किया गया था। बाकी का आयात किया गया था।

भारत का 85-90 प्रतिशत आयात सऊदी अरब जैसे देशों से आता है जो आवाजाही के लिए महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य पर निर्भर हैं। ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच एक सप्ताह से जारी संघर्ष के कारण यह समुद्री मार्ग बंद हो गया है। भारत में तेलशोधन क्षमता पर्याप्त होने के बावजूद तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) के उत्पादन में कमी को देखते हुए सरकार ने रिफाइनरियों को इसका उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पांच मार्च को जारी एक आदेश में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की सभी रिफाइनरियों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि उत्पादन के दौरान निकलने वाली प्रोपेन और ब्यूटेन गैस का अधिकतम उपयोग एलपीजी के उत्पादन में किया जाए। एलपीजी असल में प्रोपेन और ब्यूटेन गैसों का मिश्रण होता है और देश में इसका उपयोग मुख्य रूप से घरेलू रसोई गैस के रूप में किया जाता है।

आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 (एस्मा) के तहत जारी इस आदेश में तेल रिफाइनरियों से कहा गया है कि वे उत्पादित एलपीजी को केवल तीन सार्वजनिक तेल विपणन कंपनियों- इंडियन ऑयल (आईओसी), भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल) को ही उपलब्ध कराएं। साथ ही सरकार ने रिफाइनरियों को प्रोपेन एवं ब्यूटेन का उपयोग पेट्रोकेमिकल उत्पाद बनाने में करने से रोक दिया है।

मंत्रालय ने कहा है कि सभी तेल रिफाइनिंग कंपनियां प्रोपेन या ब्यूटेन का इस्तेमाल न तो पेट्रोकेमिकल उत्पादों के निर्माण के लिए करेंगी और न ही उनका उपयोग, प्रसंस्करण, क्रैकिंग या रूपांतरण करेंगी। आदेश में कहा गया है कि इन गैसों से बनने वाली एलपीजी केवल घरेलू उपभोक्ताओं को खाना पकाने के उपयोग के लिए बेची जाएगी। इसके साथ ही मंत्रालय ने कहा कि आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित कंपनियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। भारत में इस समय 33.08 करोड़ सक्रिय एलपीजी उपभोक्ता हैं और सरकार की कोशिश रसोई गैस की आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखने की है।

### भारत से पेट्रो उत्पादों का आयात करेगा मॉरीशस

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** मॉरीशस के विदेश मंत्री धनंजय रामफल ने शुक्रवार को कहा कि मॉरीशस जल्द ही सरकार–से–सरकार (जी2जी) व्यवस्था के तहत भारत से पेट्रोलियम उत्पादों का आयात शुरू करेगा। रामफल ने कहा कि पहले भी हमारे पास भारतीय सरकार के साथ एक समान व्यवस्था थी, जिसमें मैंगलोर तेल रिफाइनरी शामिल थी। यह सरकार–से–सरकार व्यवस्था थी और हमें लगातार पेट्रोल की आपूर्ति अपेक्षाकृत कम कीमत पर मिलती थी। हम भारत सरकार के साथ इसी तरह की व्यवस्था की उम्मीद कर रहे हैं। मॉरीशस पूरी तरह से पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर निर्भर करता है। यहां सालाना परिष्कृत पेट्रोलियम आयात का मूल्य लगभग 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर है। रामफल ने यह भी कहा कि हम यह विचार कर रहे हैं कि शायद पेट्रोल को रुपये में खरीदें, जिससे यह मॉरीशस के लिए और भी आकर्षक हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट उन देशों को काफी प्रभावित करेगा जो पेट्रोलियम आयात पर अधिक निर्भर हैं। रामफल ने कहा–इसका असर छोटी और कमजोर अर्थव्यवस्थाओं जैसे मॉरीशस पर व्यापक रूप से पड़ेगा।

# अमेरिकी छूट के बाद भारतीय कंपनियों ने खरीदा दो करोड़ बैरल रूसी तेल

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

- अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में रूसी तेल के एक दर्जन से अधिक टैंकर मौजूद
- 5 मार्च से पूर्व जहाजों पर लदे तेल की भारत में आपूर्ति करने और उतारने की अनुमति

पश्चिम एशिया संकट से तेल आपूर्ति बाधित होने के बीच भारतीय रिफाइनरी कंपनियों ने अमेरिका ने समुद्र में फंसे रूसी कच्चे तेल को खरीदने के लिए 30 दिन की अस्थायी छूट दे दी।

सूत्रों ने बताया कि इसका फायदा उठाते हुए भारतीय रिफाइनरों ने लगभग दो करोड़ बैरल रूसी तेल खरीद लिया है, जो अधिकतर गैर-प्रतिबंधित इकाइयों से लिया गया है।

रिफाइनिंग कंपनियां इस बारे में कानूनी राय भी ले रही हैं कि क्या अमेरिकी छूट के तहत प्रतिबंधित संस्थाओं से भी खरीद की अनुमति है या नहीं। अमेरिका ने यूक्रेन के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के विरोध में रूसी कच्चे तेल की खरीद पर कई पाबंदियां लगाई हुई हैं। हालांकि, पश्चिम एशिया संकट गहराने के बाद अमेरिकी प्रशासन ने एक 30-दिन का लाइसेंस जारी किया है, जिसके तहत पांच मार्च, 2026 से पहले जहाजों पर लोड किए गए रूसी मूल के कच्चे तेल या पेट्रोलियम उत्पादों की भारत में आपूर्ति करने और उतारने की अनुमति दी गई है।

भारत 2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार बनकर उभरा था, लेकिन हाल के महीनों में अमेरिकी दबाव के चलते इस खरीद में खासी गिरावट आई थी। इस कटौती की वजह से अमेरिका ने फरवरी की शुरुआत में भारतीय उत्पादों पर लगाए 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क को हटाने के साथ ही एक अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति बनने की भी घोषणा की थी।

बता दें कि 1.5 करोड़ बैरल रूसी कच्चा तेल अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में टैंकर पर मौजूद है, लगभग 70 लाख बैरल तेल सिंगापुर के पास खड़े जहाजों में है।

# एआई इफेक्टः युवा कर्मियों की भर्ती धीमी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

कृत्रिम मेधा (एआई) से अभी तक नौकरियों का कोई उल्लेखनीय नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन इस प्रौद्योगिकी से प्रभावित व्यवसायों में युवा कर्मचारियों की भर्ती धीमी होती दिख रही है। एआई फर्म एंथ्रोपिक के एक नए अध्ययन में यह बात सामने आई। इसके मुताबिक कृत्रिम मेधा का वास्तविक प्रसार अभी उसकी क्षमता के मुकाबले काफी कम है।

क्लाउड चैटबॉट के पीछे काम करने वाले और अब अमेरिकी प्रशासन की जांच के घेरे में आ चुके सैन फ्रांसिस्को स्थित एआई स्टार्टअप की रिपोर्ट में श्रम बाजार के आंकड़ों के साथ वास्तविक दुनिया में एआई के उपयोग का विश्लेषण किया गया है। इसमें पाया कि कार्यालय से जुड़े, ज्ञान-आधारित व्यवसाय एआई से सबसे अधिक प्रभावित हैं। विशेष रूप से कोडिंग, सूचना प्रसंस्करण, विश्लेषण और नियमित डिजिटल कार्यों से जुड़ी भूमिकाएं।

वास्तव में कंप्यूटर प्रोग्रामर, ग्राहक सेवा प्रतिनिधि, डेटा एंट्री ऑपरेटर, बाजार शोध विश्लेषक और वित्तीय तथा निवेश विश्लेषक जैसे पद सबसे अधिक प्रभावित व्यवसायों में शामिल हैं। इनके कई कार्यों को पहले ही लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) ने स्वचालित या तेज कर दिया है। इसके विपरीत मुख्य रूप से शारीरिक क्षमताओं की आवश्यकता वाली नौकरियों पर इसका सबसे कम प्रभाव पड़ता दिख रहा है।

### फ्लिपकार्ट ने की 300 कर्मचारियों की छंटनी

**नयी दिल्ली।** ई–कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने वार्षिक प्रदर्शन समीक्षा के बाद 250–300 कर्मचारियों की छंटनी की है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। छंटनी कई विभागों और कर्मचारियों के स्तर पर की गई है। वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली यह कंपनी एक ओर जहां अपने प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले वरिष्ठ स्तर पर नियुक्तियां कर रही है, वहीं दूसरी ओर प्रदर्शन के आधार पर कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया गया है।

### जुलाई तक पूरी होगी भारत-ईयू एफटीए की कानूनी समीक्षा

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के मसौदे की कानूनी समीक्षा इस वर्ष जुलाई तक पूरी हो जाने की संभावना है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

भारत और 27 यूरोपीय देशों के समूह ईयू ने इस साल 27 जनवरी को एफटीए पर बातचीत पूरी होने की घोषणा की थी। इसे व्यापार जगत का 'मदर ऑफ ऑल डील्स' बताया गया है। इसके तहत भारत से होने वाले करीब 93 प्रतिशत निर्यात को यूरोपीय देशों के बाजार में शुल्क-मुक्त पहुंच मिलने की संभावना है,।

# विदेशी मेट्रो परियोजनाओं के लिए डीमएआरसी ने बनाई नई कंपनी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



डीएमआरसी यानी दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने विदेश में मेट्रो रेल परियोजनाओं के लिए बोली लगाने के लिए एक नई अनुषंगी कंपनी दिल्ली मेट्रो इंटरनेशनल लिमिटेड (डीएमआईएल) गठित की है।

एक अधिकारी ने बताया कि नई कंपनी का गठन भारत के बाहर मेट्रो रेल योजना, निर्माण और संचालन में डीएमआरसी की विशेषज्ञता का विस्तार करने और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में व्यावसायिक अवसरों की तलाश करने के लिए किया गया है।

यह अनुषंगी कंपनी डीएमआरसी को दूसरे देशों के शहरों में मेट्रो रेल परियोजनाओं के लिए सीधे बोली लगाने और शहरी परिवहन प्रणालियों से संबंधित परामर्श कार्य करने में सक्षम बनाएगी। अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि डीएमआरसी पहले ही विदेश में अवसरों की तलाश कर रही है और इस समय बांग्लादेश के ढाका में एक मेट्रो परियोजना से जुड़ी है, जहां वह तकनीकी सहायता और परामर्श दे रही है।'''' दिल्ली मेट्रो के अनुसार, उसने इजरायल में तेल अवीव मेट्रो परियोजना के निर्माण के लिए बोली-पूर्व प्रक्रिया में पात्रता हासिल कर ली है। इसके अलावा, डीएमआरसी मिस्र के अलेक्जेंड्रिया, वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी और मॉरीशस जैसी अन्य अंतरराष्ट्रीय मेट्रो परियोजनाओं के लिए भी बोली लगाने की प्रक्रिया में है।

# पश्चिम एशिया संकट : 31 मार्च तक के टिकट रद्द कराने पर शुल्क नहीं लेगी इंडिगो

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने पश्चिम एशिया में जारी संकट को देखते हुए 31 मार्च तक की यात्रा के टिकट रद्द कराने पर कोई शुल्क नहीं लेने की घोषणा की है।

एयरलाइंस ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वह पश्चिम एशिया और इस्तांबुल (तुर्की) की यात्रा के लिए 31 मार्च तक के टिकट पर रद्द कराने के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगी। उसने यात्रियों को अपनी उड़ान की अद्यतन (ताजा) स्थिति की जानकारी के लिए उसकी वेबसाइट या कस्टमर केयर से संपर्क करने की सलाह दी है। इसके अलावा इंडिगो पश्चिम एशिया में फंसे यात्रियों को लाने के लिए आज 17 विशेष उड़ानों का परिचालन कर रही है। ये उड़ानें पश्चिम एशिया के आठ शहरों मदीना, जेद्दा, मस्कट, अबू धाबी, शारजाह, दुबई, फुजैरा, और रस अल खैमा से आयेंगी।

निजी विमानसेवा कंपनी स्पाइसजेट भी आज 14 विशेष उड़ानों का परिचालन कर रही है। इनमें नौ उड़ानें फुजैरा से मुंबई के लिए, चार फुजैरा से दिल्ली के लिए और एक दुबई से पुणे के लिए उड़ान भरेगी।

### टोल प्लाजा पर 5100 महिला कर्मियों की तैनाती

**नयी दिल्ली।** महिला सशक्तीकरण और समावेशन को बढ़ावा देने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने देशभर के 1,140 से अधिक टोल प्लाज़ा में दिन की पाली में टोल बूथ संचालित करने के लिए 5,100 से अधिक महिला कर्मचारियों को तैनात किया है।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में कहा कि अग्रिम पंक्ति की परिचालन भूमिकाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर एनएचएआई का लक्ष्य देश भर के टोल प्लाजा पर सेवा वितरण में सुधार के साथ-साथ सामाजिक सशक्तीकरण को बढ़ावा देना है।

**सुरक्षा** | आरबीआई जारी किया डिजिटल लेनदेन में ग्राहकों के लिए सुरक्षा उपायों के प्रस्ताव का मसौदा

# डिजिटल बैंकिंग धोखाधड़ी में मिलेगा मुआवजा

**मुंबई, एजेंसी**

- धोखाधड़ी में उपभोक्ता संरक्षण बढ़ाना और शिकायतों का त्वरित निपटान है मकसद




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने डिजिटल लेनदेन में ग्राहकों की जवाबदेही से जुड़े ढांचे को मजबूत करने के लिए शुक्रवार को संशोधन दिशानिर्देशों का मसौदा जारी किया। इसका उद्देश्य डिजिटल बैंकिंग धोखाधड़ी से जुड़े मामलों में उपभोक्ता संरक्षण बढ़ाना और शिकायतों का त्वरित निपटान करना है।

आरबीआई ने कहा कि डिजिटल भुगतान और बैंकिंग व्यवस्था में आए व्यापक बदलावों को देखते हुए 2017 में लागू मौजूदा नियमों की समीक्षा की गई है। संशोधित प्रस्तावों का मकसद अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन के दायरे को व्यापक बनाना और नई श्रेणियों के धोखाधड़ी मामलों को भी इसमें शामिल करना है।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि मसौदा दिशानिर्देशों पर हितधारक और आम जनता छह अप्रैल, 2026 तक अपनी प्रतिक्रिया या सुझाव दे सकते हैं। आरबीआई ने यह कदम फरवरी की मौद्रिक नीति में की गई घोषणा के अनुरूप उठाया है। मसौदे दिशानिर्देशों में बैंकों से कहा गया है कि वे ग्राहकों की शिकायतों के निपटारे में लगने वाले समय को कम करें। इसके अलावा छोटे मूल्य के धोखाधड़ी वाले लेनदेन के लिए मुआवजा व्यवस्था लाने का भी प्रस्ताव किया गया है, ताकि प्रभावित ग्राहकों को तेजी से राहत मिल सके। आरबीआई ने कहा कि यह मुआवजा व्यवस्था दिशानिर्देशों के प्रभावी होने की तारीख से एक वर्ष तक लागू रहेगी।

इसके अनुभव के आधार पर इसकी समीक्षा की जाएगी, जिसमें बैंकों की हिस्सेदारी बढ़ाने और केंद्रीय बैंक की भूमिका को धीरे-धीरे कम करने पर विचार किया जाएगा।

### पश्चिम एशिया संकट से भारत में महंगाई का जोखिम बढ़ाः मूडीज

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष से ऊर्जा की कीमतों में और उछाल आया तो भारत को रुपये पर दबाव, उच्च मुद्रास्फीति और चालू खाता घाटे (सीएडी) में बढ़ोतरी का सामना करना पड़ सकता है। यह जोखिम इस क्षेत्र से कच्चे तेल और एलएनजी आयात पर भारत की भारी निर्भरता के कारण है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि बड़ी एशियाई अर्थव्यवस्थाओं में भारत उन देशों में प्रमुख है, जो कच्चे तेल और एलएनजी के लिए पश्चिम एशिया पर निर्भर हैं। वहां बढ़ते संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य बंद हो गया है, जो इस क्षेत्र से कच्चे तेल और एलएनजी निर्यात के लिए एक प्रमुख मार्ग है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### नाइजीरिया में इस्लामी आतंकवादियों ने 300 लोगों का अपहरण किया

**अबूजा।** इस्लामी आतंकवादियों ने शुक्रवार को पूर्वोत्तर नाइजीरिया के एक कस्बे पर हमला किया और महिलाओं तथा बच्चों सहित 300 से अधिक लोगों का अपहरण कर लिया। ग्वाज़ा क्षेत्र के अधिकारी बुलामा सावा के अनुसार, यह हमला बोर्नो राज्य के न्गोशे कस्बे में हुआ। उन्होंने बताया कि यह हमला संभवत: सेना के उस अभियान के प्रतिशोध में किया गया जिसमें बोको हराम आतंकवादी समूह के तीन कमांडरों को मार गिराया गया था। सेना के एक प्रवक्ता उबा सानी ने कहा कि बुधवार और शुक्रवार की सुबह के बीच कोंडुगा, मार्ते, जकाना और मैनोक क्षेत्रों में भी अलग-अलग हमले हुए। हमलों को विफल करने में सफलता मिली, लेकिन कई बहादुर सैनिकों ने जान गंवाई, जिनमें एक वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे।

### अमेरिका में बेरोजगारी दर 4.4% पर पहुंची, 92 हजार नौकरी घटीं

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में पिछले महीने नियोक्ताओं ने अप्रत्याशित रूप से 92,000 नौकरियों में कटौती की, जिससे संकेत मिलता है कि श्रम बाजार अभी भी दबाव में है। इस दौरान बेरोजगारी दर बढ़कर 4.4 प्रतिशत हो गई। श्रम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि भर्ती की रफ्तार जनवरी की तुलना में कमजोर हुई है। जनवरी में कंपनियों, गैर-लाभकारी संस्थाओं और सरकारी एजेंसियों ने 1,26,000 नौकरियां जोड़ी थीं। अर्थशास्त्रियों ने फरवरी में 60,000 नई नौकरियों की उम्मीद की थी। उम्मीद की जा रही थी कि इस साल रोजगार बाज़ार में सुधार होगा, लेकिन ट्रंप की अनियमित टैरिफ नीतियों और ऊंची ब्याज दरों के लंबे असर से प्रभावित अर्थव्यवस्था में औसतन हर महीने केवल 15,000 नौकरियां ही पैदा हुई थीं।

### दिल्ली में दवा कंपनियों से 20 लाख रुपये का इंसुलिन स्टॉक जब्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली औषधि नियंत्रण विभाग ने भंडारण और नियामक मानदंडों के उल्लंघन के लिए राजधानी में थोक दवा कंपनियों से 20 लाख रुपये से अधिक कीमत का इंसुलिन भंडारण जब्त किया है। आधिकारिक बयान के अनुसार, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण दवाओं, विशेष रूप से इंसुलिन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री पंकज कुमार सिंह के निर्देशों पर एक थोक दवा बाजार में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया था। इंसुलिन जैसी दवाओं के लिए 'कोल्ड चेन' (सही ठंडे तापमान में लगातार सुरक्षित) बनाए रखना अनिवार्य होता है।

# खालिस्तानी चरमपंथियों ने नैन्सी ग्रेवाल की हत्या की जिम्मेदारी ली

**ओटावा, एजेंसी**



- कनाडा के लसेल शहर में चाकू से गोदकर कर दी गई थी हत्या

सिख चरमपंथी विचारों को बढ़ावा देने वाले एक सोशल मीडिया अकाउंट पर कनाडा के ओंटारियो प्रांत में भारतीय मूल की एक महिला की चाकू से गोद कर हत्या किए जाने की ज़िम्मेदारी ली गई है।

लसेल पुलिस सर्विस के अनुसार विंडसर की नैन्सी ग्रेवाल (45) की तीन मार्च को रात करीब 9:30 बजे एसेक्स काउंटी के लसेल शहर में चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। सीबीसी न्यूज़ ने बृहस्पतिवार देर रात बताया कि सोशल मीडिया पर एक अकाउंट है जिस पर पंजाबी में कहा गया है कि खालिस्तानी आंदोलन की आलोचना करने के कारण नैन्सी ग्रेवाल की हत्या कर दी गई। पोस्ट में नैन्सी की तस्वीर साझा की गई है और लिखा गया है, यह महिला धर्म और खालिस्तान के बारे में बुरी बातें कह रही थी और उसे इसका परिणाम मिल गया है। खबर में सोशल मीडिया के हवाले से कहा गया है, हमें किसी भी समुदाय या धर्म से कोई दुश्मनी नहीं है। अगर कोई हमारे समुदाय और खालिस्तान के खिलाफ इस तरह की कोई बात कहता है, तो उसका भी यही अंजाम होगा।

## पश्चिम एशिया में बढ़ रहा है दायरा

यह लगभग तय माना जा रहा है कि ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच युद्ध जल्द समाप्त नहीं होने जा रहा। जिस तरह से यह युद्ध लगातार अपना दायरा बढ़ा रहा है, उससे साफ दिख रहा है कि वह कई हफ्ते या कई महीने लंबा खिंच सकता है। चूंकि इस युद्ध के दायरे में दुनिया भर को ऊर्जा की आपूर्ति करने वाला इलाका भी घिरा हुआ है, इसलिए उसके परिणाम अभी से तमाम देशों को प्रभावित करने लगे हैं। युद्ध में शामिल अमेरिका जैसे दुनिया के सबसे मजबूत देश पर भी इसके गहरे आर्थिक प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है। ईरान का पूरा आर्थिक ढांचा दांव पर लगा हुआ है। लंबा खिंचने की स्थिति में इजराइल के लिए यह युद्ध बड़ी मुसीबत साबित होने का अनुमान लगाया जा रहा है। युद्ध का दायरा यहीं तक सीमित नहीं है। जिन खाड़ी देशों तक इसकी चिंगारी पहुंची है, उनका सुकून भी नष्ट होने लगा है।

# युद्धः किस पर कितना भारी



आईएमएफ का मानना है कि यदि यह संघर्ष क्षेत्रीय युद्ध में बदला तो वैश्विक आर्थिक विकास दर में 1-2% गिरावट आ सकती है।

### अमेरिका पर असर

- अमेरिकी विशेषज्ञों का अनुमान है कि यदि जंग लंबी चली तो अमेरिका का कुल खर्च 210 अरब डॉलर यानी लगभग 18.87 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है।
- युद्ध के पहले 100 घंटों में ही 3.7 अरब डॉलर खर्च होने की रिपोर्ट है। पेंटागन का अनुमान है कि अमेरिका को यह युद्ध प्रतिदिन 1 अरब डॉलर का पड़ सकता है।
- भारी सैन्य खर्च के कारण बजट घाटा बढ़ सकता है। यह एपिक फ्यूरी जैसे महंगे सैन्य अभियानों के कारण घरेलू अर्थव्यवस्था और तेल की कीमतों पर दबाव डालेगा।

### ईरान पर युद्ध का प्रभाव

- अनुमानों के अनुसार, ईरान को इस युद्ध के कारण प्रतिदिन 100 से 150 मिलियन डॉलर का नुकसान हो रहा है, जिसमें मुख्य रूप से तेल राजस्व की हानि शामिल है। हालांकि ये इजराइल-अमेरिका से कम है।
- अमेरिका-इजराइल के हवाई हमलों के कारण देश में बुनियादी सुविधाओं के ढांचे तेजी से नष्ट हो रहे हैं, ऐसे में ईरान फिर खड़ा होने में भारी निवेश की जरूरत पड़ेगी। सरकारी तंत्र भी छिन्न-भिन्न हो गया है।
- तेल निर्यात राजस्व प्राप्ति का मुख्य स्रोत है, जिस पर प्रतिबंधों से अर्थ व्यवस्था पूरी तरह चरमरा सकती है। ईरान की मुद्रा पहले ही अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंच चुकी है। गृहयुद्ध का खतरा भी जताया जा रहा है।

### ये देश भी युद्ध की चपेट में

- पड़ोसी देश लेबनान, जॉर्डन, सीरिया, यमन में शरणार्थियों का प्रवाह बढ़ सकता है, जिससे उनके बजट और सामाजिक ढांचे पर भारी दबाव पड़ेगा।
- भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा बड़ा खतरा, तेल जरूरत पूरी करने के साथ खाड़ी देशों में रहने वाले 90 लाख भारतीयों की सुरक्षा भी बड़ी चुनौती।
- लाल सागर और खाड़ी क्षेत्र में तनाव के कारण सप्लाई चेन बाधित हो गई है, इससे यूरोप में माल पहुंचने में देरी के साथ लागत में भी वृद्धि हो रही है।

### इजराइल पर और भारी

- इजराइली वित्त मंत्रालय के अनुसार वर्तमान आर्थिक प्रतिबंधों और युद्ध के कारण इजराइल को हर हफ्ते 3 अरब डॉलर यानी 25,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है।
- ईरान के खिलाफ युद्ध में फिलहाल इजराइल का प्रतिदिन का सैन्य खर्च औसतन 725 मिलियन डॉलर है। युद्ध लंबा खिंचने के साथ इसके और बढ़ने की संभावना है।
- विकास दर धीमी हो सकती है, बेरोजगारी और गरीबी में वृद्धि की चेतावनी दी गई है। रिजर्व सैनिकों की तैनाती से हाईटेक और औद्योगिक क्षेत्रों में श्रम की कमी हो गई है।

# बालेंद्र शाह का नेपाल का प्रधानमंत्री बनना तय, भारी जीत की ओर पार्टी

## अब तक की मतगणना में 70% से ज्यादा सीटों पर बढ़त, विरोधी दलों की हालत पतली

**काठमांडू, एजेंसी**

नेपाल में छह महीने पहले हुए जेन जी के विरोध प्रदर्शन और फिर सितंबर में केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सरकार के गिरने के बाद हुए पहले आम चुनाव में शुक्रवार को जारी मतगणना के रुझानों के अनुसार पूर्व रैपर बालेंद्र शाह के नेतृत्व वाली नवगठित राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) भारी जीत की ओर अग्रसर है। चुनाव आयोग के पास कुल 165 निर्वाचन क्षेत्रों में से 144 निर्वाचन क्षेत्रों से उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, आरएसपी ने तीन सीटें जीती हैं और 104 अन्य सीट पर आगे चल रही है। नेपाली कांग्रेस, सीपीएन-यूएमएल और नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी को सिर्फ छह सीटों पर बढ़त मिली है। बालेंद्र का प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है।

ताजा आंकड़ों के मुताबिक काठमांडू के महापौर रहे बालेंद्र शाह झापा-5 निर्वाचन क्षेत्र में चार बार के प्रधानमंत्री और सीपीएन-यूएमएल अध्यक्ष ओली के गढ़ में उनसे आगे चल रहे हैं। शाह को अब तक मतगणना में 6,551 वोट मिले, जबकि ओली को केवल 1,428 वोट मिले। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी, प्रगतिशील लोकतांत्रिक पार्टी, श्रम संस्कृति पार्टी और निर्दलीय उम्मीदवार एक-एक निर्वाचन क्षेत्र में आगे चल रहे थे। चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि अब तक आरएसपी और एनसी ने एक-एक सीट जीती है। आरएसपी के रंजू दर्शन ने काठमांडू-1 से 15,455 वोटों से जीत हासिल की, जबकि एनसी के योगेश गौचन ठकाली ने मुस्तांग से 3,307 वोटों से जीत दर्ज की। एक अधिकारी के अनुसार, पुष्प कमल दहाल प्रचंड को अब तक 5,924 वोट मिल चुके हैं और वह रुकुम पूर्व में अपने प्रतिद्वंद्वियों से आगे चल रहे हैं। रवि लामिछाने के नेतृत्व वाली आरएसपी काठमांडू के सभी 10 निर्वाचन क्षेत्रों में आगे चल रही है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, मतगणना बृहस्पतिवार देर रात शुरू हुई और इसके शुक्रवार रात तक पूरा होने की संभावना है।



काठमांडू में एक प्रत्याशी की जीत का जश्न मनाते आरएसपी के कार्यकर्ता।

### आरएसपी ने तीन सीटें जीतीं, 103 पर आगे

नेपाल चुनाव आयोग की वेबसाइट के अनुसार जिन 165 सीटों पर चुनाव हुए हैं उनमें से अब तक 150 संसदीय क्षेत्र के नतीजे और रुझान सामने आए हैं। इनमें से आरएसपी 103 सीटों पर आगे चल रही है और तीन सीटें जीत चुकी है। नेपाली कांग्रेस पार्टी नौ सीटों पर आगे चल रही है और दो सीट जीत चुकी है। नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी) 10 सीटों पर आगे चल रही है जबकि नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी 7 सीटों पर आगे चल रही है और एक सीट जीत चुकी है। वर्ष 2022 में गठित आरएसपी को चुनाव प्रचार के दौरान ही काफी समर्थन मिला था। बालेंद्र शाह का प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है।

### भारत ने कहा- नेपाल की नई सरकार के साथ काम करने को उत्सुक

भारत नेपाल के आम चुनाव पर करीब से नजर रख रहा है, और इसके साथ ही राजनीतिक रूप से अस्थिर पड़ोसी हिमालयी देश में एक स्थिर सरकार की उम्मीद कर रहा है ताकि दोनों पक्षों के बीच विकासात्मक साझेदारी को आगे बढ़ाया जा सके। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में कहा, हम पारस्परिक लाभ के लिए अपने दोनों देशों और लोगों के बीच मजबूत बहुआयामी संबंधों को और आगे बढ़ाने के लिए नेपाल की नई सरकार के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि भारत की ओर से नेपाल में शांति, प्रगति और स्थिरता का लगातार समर्थन किया गया है और अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, इन चुनावों के लिए नेपाल सरकार के अनुरोध के अनुसार उसे साजोसामान संबंधी आपूर्ति भी प्रदान की है।

# अमेरिका से 30 दिन की छूट प्रधानमंत्री की रणनीतिक कूटनीति की सफलता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय तेलशोधक कंपनियों को रूसी तेल खरीदने के लिए अमेरिका की ओर से 30 दिन की अस्थाई छूट की घोषणा किए जाने के बाद भाजपा ने शुक्रवार को इस घटनाक्रम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रणनीतिक तेल कूटनीति की सफलता बताया, साथ ही कहा कि यह भारत विरोधी राहुल गांधी और कांग्रेस के मुंह पर एक बड़ा तमाचा है।

भाजपा ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तेल की कमी को लेकर फर्जी खबरें फैलाकर दहशत पैदा करने का आरोप लगाया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, राहुल गांधी और कांग्रेस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को रणनीतिक संयम और रणनीतिक स्पष्टता के साथ काम करते देखना पसंद नहीं है। ईरान के साथ बढ़ते संघर्ष के बीच अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने बृहस्पतिवार को कहा, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ऊर्जा एजेंडे के परिणामस्वरूप तेल और गैस उत्पादन अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। वैश्विक बाजार में तेल की आपूर्ति जारी रखने के लिए अमेरिकी वित्त विभाग भारतीय तेलशोधक कंपनियों को रूसी तेल खरीदने की अनुमति देने के लिए 30 दिन की अस्थाई छूट जारी कर रहा है।

भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने इस घटनाक्रम पर कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की रणनीतिक तेल कूटनीति एक बार फिर सफल रही।



- भाजपा ने रूस से तेल खरीदने की अमेरिकी अनुमति को कांग्रेस के मुंह पर तमाचा बताया

### संप्रभुता बेचने का कांग्रेस का रहा है पुराना इतिहास

भाजपा प्रवक्ता ने 'एक्स' पर एक अलग पोस्ट में कहा, आपका संप्रभुता बेचने का इतिहास रहा है। गांधी-वाद्रा और समझौतावादी कांग्रेस ने 70 वर्षों तक यही किया। भंडारी ने अमेरिकी छूट पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश की टिप्पणियों की पर कहा कि भारत को गलती करने के लिए उकसाने की साजिश सफल नहीं होगी।

### भारत सरकार को ब्लैकमेल कर रहा अमेरिका खतरे में है देश की सामरिक स्वायत्तता: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अमेरिकी वित्त विभाग की भारतीय रिफाइनरियों को रूस से फौरी तौर पर तेल खरीदने की अस्थाई छूट दिए जाने की घोषणा को लेकर शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारत की सामरिक स्वायत्तता और संप्रभुता खतरे हैं क्योंकि अमेरिका भारत सरकार को खुलकर ब्लैकमेल कर रहा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, भारत की विदेश नीति हमारे लोगों की सामूहिक इच्छा से आकार लेती है। इसकी जड़ें हमारे इतिहास, हमारे भूगोल और सत्य और अहिंसा पर आधारित हमारे आध्यात्मिक लोकाचार में होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया, आज हम जो देख रहे हैं वह नीति नहीं है। यह एक समझौतावादी व्यक्ति के शोषण का परिणाम है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट कर आरोप लगाया कि भारत की सामरिक स्वायत्तता और राष्ट्रीय संप्रभुता गंभीर खतरे में है क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी को एप्स्टीन फाइल और अदाणी मामले पर ब्लैकमेल किया जा रहा है। इसकी कीमत देश को चुकानी पड़ रही है।



- राहुल ने कहा- यह एक समझौतावादी व्यक्ति के शोषण का परिणाम

# फारूक अब्दुल्ला के खिलाफ आरोप तय करने के निर्देश

**श्रीनगर, एजेंसी**

- क्रिकेट घोटाले में अदालत का आदेश, अतिरिक्त आरोप जोड़ने की ईडी की अर्जी खारिज

जम्मू कश्मीर में श्रीनगर की एक अदालत ने कथित जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन (जेकेसीए) घोटाले में नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का निर्देश दिया है। हालांकि अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से संबंधित मामले में अतिरिक्त आरोप जोड़ने के आवेदन को खारिज कर दिया है।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तबसुम ने अपने आदेश में कहा है कि रणबीर दंड संहिता की धारा 120बी (आपराधिक षड्यंत्र), 406 (आपराधिक विश्वासघात) और 409 (लोक सेवक द्वारा आपराधिक विश्वासघात) के तहत अपराध के आवश्यक तत्व सभी आरोपियों के खिलाफ सिद्ध होते हैं। अदालत ने कहा कि अब्दुल्ला समेत सभी आरोपियों पर उक्त अपराधों के लिए आरोप तय किए जाएंगे। अदालत ने आरोप तय करने के लिए मामले की अगली सुनवाई 12 मार्च निर्धारित की है। अदालत ने इसके साथ ही ईडी की ओर से मामले में अतिरिक्त अपराध जोड़ने की मांग संबंधी याचिका को भी खारिज कर दिया।ईडी ने अदालत से अनुरोध किया था कि मामले में धारा 411 और 414/424 को अतिरिक्त आरोपों के रूप में शामिल किया जाए।

अदालत ने याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि ईडी इस मामले में जांच एजेंसी नहीं है। जम्मू-कश्मीर के जेकेसीए घोटाले की जांच सीबीआई ने की थी जिसने पहले ही अपना आरोप पत्र दाखिल कर दिया था।

## ब्रिटनी स्पीयर्स नशे में गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार

**लॉस एंजिलिस।** मशहूर अमेरिकी गायिका ब्रिटनी स्पीयर्स को दक्षिणी कैलिफोर्निया स्थित उनके घर के पास शराब और नशीले पदार्थ के प्रभाव में गाड़ी चलाने के संदेह में गिरफ्तार किया गया। हालांकि, बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया। स्पीयर्स के प्रतिनिधि ने इस घटना पर खेद जताया है।



कैलिफोर्निया राजमार्ग गश्त दल (सीएचपी) के अनुसार, बुधवार रात करीब नौ बजे सूचना मिली कि कैलिफोर्निया के न्यूबरी पार्क में राजमार्ग पर काले रंग की एक बीएमडब्ल्यू 430आई कार तेज और अनियंत्रित तरीके से चलाई जा रही है। सीएचपी के अनुसार, कार में अकेले सवार 44 वर्षीय पॉप स्टार राजमार्ग पर बाहर निकलीं और वह नशे की हालत में लग रही थीं। उनकी मौके पर कई जांच की गईं। इसके बाद शराब और नशीले पदार्थ के प्रभाव में वाहन चलाने के संदेह में उन्हें गिरफ्तार कर वेंचुरा काउंटी जेल ले जाया गया। उनके रासायनिक परीक्षण के परिणाम अभी लंबित हैं और मामले की जांच की जा रही है। जेल रिकॉर्ड के अनुसार, स्पीयर्स को बृहस्पतिवार तड़के हिरासत में लिया गया और सुबह करीब छह बजे रिहा कर दिया गया।

### दिल्ली में 6 साल के बच्चे की गला रेत कर हत्या

**नई दिल्ली।** रणहौला इलाके में एक निर्माणाधीन इमारत के अंदर छह वर्षीय बच्चे की गला रेतकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि परिवार ने इस हत्या के पीछे मां की भूमिका होने का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार, बच्चे की मां मंगलवार से घर से लापता है और वह अपने साथ लड़के को भी ले गई थी। परिवार का दावा है कि महिला का एक शख्स के साथ विवाहेत्तर संबंध है। पुलिस ने बताया कि बच्चा रणहौला में एक किराए के मकान में अपने माता-पिता और भाई-बहनों के साथ रहता था।

## कर्नाटक में अर्दली व्यवस्था खत्म पुलिसकर्मियों को मिलेगी राहत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक पुलिस ने विभाग में लंबे समय से चली आ रही अर्दली व्यवस्था को समाप्त करने का आदेश जारी किया है। अर्दली व्यवस्था एक औपनिवेशिक विरासत है जिसमें पुलिस या सशस्त्र बलों के निचले स्तर के कर्मियों को वरिष्ठ अधिकारियों के निजी घरेलू कार्यों के लिए उनके आवास पर तैनात किया जाता है।

डीजीपी की ओर से यह आदेश सरकार के उस निर्देश के बाद जारी किया गया है जिसमें इस प्रणाली को संशोधित करने के लिए कहा गया था। अधिकारियों ने कहा कि इन गैर पुलिसिंग कार्यों में अक्सर खाना पकाना, सफाई करना, अन्य घरेलू काम और यहां तक कि अधिकारियों के बच्चों को घर छोड़ना भी शामिल होता था।

## ईंधन आपूर्ति ठप होने से गुजरात के मोरबी में लगभग 100 सिरेमिक इकाइयां बंद

**मोरबी।** पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजराइल तथा ईरान के बीच युद्ध के कारण ईंधन आपूर्ति में आए व्यवधान के चलते गुजरात के मोरबी जिले में लगभग 100 सिरेमिक विनिर्माण इकाइयां बंद हो गई हैं। उद्योग प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि आपूर्ति सामान्य नहीं हुई, तो अगले कुछ दिनों में 400 और कारखाने भी बंद हो सकते हैं।

- बाकी सभी कारखाने भी जल्द बंद होने के आसार

मोरबी सिरेमिक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (विट्रीफाइड टाइल्स खंड) के अध्यक्ष मनोज अरवड़िया ने कहा कि यदि प्रोपेन गैस की आपूर्ति बहाल नहीं होती है और आपूर्तिकर्ता स्पष्ट दिशानिर्देश जारी करने में विफल रहते हैं, तो आने वाले दिनों में स्थिति और खराब हो सकती है। अरवड़िया ने कहा, युद्ध जैसी मौजूदा स्थिति के कारण पिछले दो दिनों से प्रोपेन गैस उपलब्ध नहीं है और ईंधन पर निर्भर लगभग 100 इकाइयां पहले ही बंद हो चुकी हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आपूर्ति की स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो प्रोपेन का उपयोग करने वाली लगभग 400 और इकाइयां एक सप्ताह के भीतर परिचालन बंद करने के लिए मजबूर हो सकती हैं।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज रिश्तेदारों से शुभ सूचना मिल सकती है। व्यवसाय में अपने लक्ष्यों को समय से निपटा लेंगे। आपको उच्चपद सौंपा जा सकता है।

**तुला** – आज कारोबार में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा। परिजनों के साथ बेहतरीन समय बिताएंगे। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

**वृष** – आज का दिन शुभ रहेगा। अपने लक्ष्य के प्रति एकाग्र रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों को सहकर्मियों के व्यवहार से परेशानी होगी।

**वृश्चिक** – आज कारोबार से धन लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। अति उत्साह के कारण काम बिगड़ने की आशंका है। पुराने रोग पुन: उभर सकते हैं।

**मिथुन** – आज का दिन राजनीति से जुड़े लोगों के लिए अच्छा है। विवादित मामलों पर समझौता हो सकता है। लोगों के बीच लोकप्रिय रहेंगे।

**धनु** – आज आपके द्वारा बनाई हुई योजना सफल होगी। घर में किसी उत्सव का आयोजन कर सकते हैं। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

**कर्क** – आज अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। पुरानी उलझनों को लेकर आप थोड़े परेशान रहेंगे।

**मकर** – आज का दिन नई कार्य की योजना बनाने के लिए शुभ है। कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल सकती है। व्यापार में पार्टनरशिप करने के मौके मिलेंगे।

**सिंह** – आज का दिन कार्यक्षेत्र में आपका अच्छा रहेगा। परिजनों की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। आपके सामाजिक दायरे में वृद्धि होगी।

**कुंभ** – आज आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी। नई तकनीक के प्रति रूझान बढ़ेगा। दूसरों की सहायता करने के कारण लोकप्रिय रहेंगे।

**कन्या** – आज बेवजह के मुद्दों पर आप घिर सकते हैं। फाइनेंस से जुड़े कार्यों में देरी हो सकती है। कब्ज के रोगियों को परेशानी होगी।

**मीन** – आज व्यवसाय में बड़ी साझेदारी हो सकती है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। प्रेम संबंधों को लेकर सावधान रहें।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 7 मार्च, शनिवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्थी 19.17 तक तत्पश्चात पंचमी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
**ताराबल**- भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-चित्रा 23.15 तक तत्पश्चात स्वाती।

### सुडोकू - 80 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 1 | 2 |
| 7 | 3 | 2 | 5 | 1 | 8 | 9 | 6 | 4 |
| 5 | 7 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 | 7 |
| 3 | 1 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 9 |
| 1 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 4 | 8 |
| 4 | 9 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 6 | 8 | 1 | 7 | 4 | 3 | 9 | 5 |

### सुडोकू -81

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | | | 4 | | 5 |
| | | 8 | | 7 | | | 6 | |
| | 1 | | 2 | | | 3 | | |
| 3 | 9 | | 1 | | | 6 | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | 6 | | | 5 | | 2 | |
| | 8 | | | | 4 | | 5 | |
| | 5 | | | 6 | | 7 | | |
| 7 | | 9 | | | 3 | | | |

**बड़ा कदम**

**दोनों यह प्रतिबंध लगाने वाले देश के पहले राज्य बने, कर्नाटक में आयुसीमा 16 साल और आंध्र में 13 साल तय की गई**

# कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध

**बेंगलुरु/अमरावती, एजेंसी**

कर्नाटक और आंध्र प्रदेश शुक्रवार को अलग-अलग आयु समूहों में बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने वाले देश के पहले दो राज्य बन गए। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने प्रतिबंध के दायरे में 16 साल की उम्र तक के बच्चों को लिया है तो आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम पार्टी के नेतृत्व वाली राजग सरकार ने 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए इस प्रतिबंध की घोषणा की है। हालांकि, इसे 16 साल तक की उम्र के लिए बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है।



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने 16 वर्ष से कम आयु के लोगों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। सिद्धरमैया ने 2026-27 के लिए राज्य का बजट पेश करते हुए कहा, बच्चों पर मोबाइल फोन के बढ़ते उपयोग के प्रतिकूल प्रभावों को रोकने के उद्देश्य से 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। बाद में एक संवाददाता सम्मलेन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 16 वर्ष से कम आयु के बच्चे मोबाइल फोन रख सकते हैं, लेकिन वे सोशल मीडिया का उपयोग नहीं कर सकते। स्कूलों, कॉलेजों या घरों में इसे कैसे नियंत्रित किया जाएगा, इस सवाल का जवाब देते हुए सिद्धरमैया ने कहा, हम इसके लिए एक कार्यक्रम तैयार करेंगे।

आंध्र प्रदेश विधानसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि वह इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या इस प्रतिबंध को 13 से 16 वर्ष की आयु के बच्चों तक बढ़ाया जाए। नायडू ने कहा, हम निश्चित रूप से यह सुनिश्चित करेंगे कि 90 दिनों के भीतर 13 वर्ष से कम के बच्चे सोशल मीडिया का उपयोग न कर सकें।

### बच्चों में खत्म हो जाएगा खराब मानसिक स्थिति का खतरा

बेंगलुरु के मदरहुड हॉस्पिटल में मनोविज्ञान और बाल विकास सलाहकार डॉ. सरिता नागराज ने कहा कि इस प्रतिबंध से बच्चों और किशोरों में खराब मानसिक स्वास्थ्य का खतरा कम हो जाएगा जिसमें अवसाद, चिंता, नींद की कमी और अस्वस्थ तुलनाओं से उत्पन्न होने वाली शारीरिक छवि संबंधी समस्याएं शामिल हैं, जो आगे चलकर खाने संबंधी विकारों का कारण बन सकती हैं। उनकी संज्ञानात्मक क्षमता और भावनात्मक नियंत्रण में भी सुधार होने की संभावना है। खतरनाक सामग्री के संपर्क में आने की आशंका कम हो जाएगी, जिससे ध्यान केंद्रित करने की क्षमता के साथ-साथ शैक्षणिक प्रदर्शन में भी सुधार हो सकता है।

### ऑस्ट्रेलिया बना था पहला देश, अब इंडोनेशिया में भी लगाया प्रतिबंध

- ऑस्ट्रेलिया 2025 में 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए प्रतिबंध लगाने वाला पहला देश बना था जिसने टिकटॉक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक जैसे मंचों तक पहुंच बंद की।
- इंडोनेशिया ने भी शुक्रवार को 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया है।



भारत जैसी क्रिकेट महाशक्ति के साथ मुकाबला करना ही उनके देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उनके देश की आबादी 50 लाख से थोड़ी ज्यादा है जबकि भारत की जनसंख्या 1.4 अरब से अधिक है। भारत के पास प्रतिभा का विशाल भंडार है।
–ग्लेन फिलिप्स, न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर


# स्टेडियम

बरेली, शनिवार, 7 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट



इंग्लैंड के बर्मिंघम में ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के तीसरे दिन ताइवान की हसेह पेई-शान और हंग एन-त्जु के खिलाफ अपने महिला डबल्स मैच के दौरान खेलती जापान की रुई हिरोकामी (पीछे) और सयाका होबारा। एजेंसी

### वीनस विलियम्स पहले ही दौर में बाहर

**इंडियन वेल्स (अमेरिका)।** सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स का वापसी के बाद खराब प्रदर्शन जारी है और उन्हें यहां बीएनपी पारिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली 45 वर्षीय वीनस को पहले दौर में फ्रांस की डायने पैरी ने 6-3 6-7(4) 6-1 से हराया। इस तरह से वीनस अपने पिछले आठ डब्ल्यूटीए मैच हार चुकी हैं। वीनस ने दूसरे सेट में अच्छा खेल दिखाया लेकिन विश्व रैंकिंग में 111वें स्थान पर काबिज 23 वर्षीय पैरी ने तीसरे सेट में फिर से नियंत्रण बना दिया और आसानी से जीत दर्ज की। वीनस ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लिया था लेकिन एकल और युगल दोनों में पहले दौर में ही हार गईं थी।

### पहले दिन महिला टीम 198 रनों पर सिमटी

**पर्थ।** जेमिमा रौड्रिग्स ने जुझारू अर्धशतक जमाया, लेकिन भारत की बाकी बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज अनाबेल सदरलैंड और लूसी हैमिल्टन की स्विंग का सामना नहीं कर सकीं और दिन रात के एकमात्र टेस्ट के पहले दिन भारतीय टीम 198 रन पर आउट हो गई। रौड्रिग्स ने 84 गेंद में 52 रन बनाए लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला। ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन का खेल समाप्त होने पर तीन विकेट पर 96 रन बना लिए थे। मेजबान टीम अभी भी 102 रन पीछे है। आस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया जिसे उसके गेंदबाजों ने सही साबित कर दिखाया। सदरलैंड ने 46 रन देकर चार और हैमिल्टन ने 31 रन देकर तीन विकेट लिए।

### एशियाई कप में भारत का सामना जापान से

**पर्थ।** वियतनाम के खिलाफ पिछले ग्रुप मैच में दमदार प्रदर्शन से भारतीय महिला फुटबॉल टीम का आत्मविश्वास जरूर बढ़ा होगा लेकिन शनिवार को यहां एएफसी महिला एशियाई कप के दूसरे मैच में जापान की मजबूत टीम से होने वाला मुकाबला उसके लिए चुनौतीपूर्ण होगा। भारत ने ग्रुप सी के शुरुआती मैच में बुधवार को वियतनाम के खिलाफ हूटर से ठीक तीन मिनट पहले में गोल गंवा दिया जिससे उसे 1-2 से हार का सामना करना पड़ा और अहम अंक गंवा दिया। वियतनाम 2023 फीफा विश्व कप में खेला था और उनके खिलाफ मैच में पदार्पण कर रही सैनफिडा नोंग्रम के बराबरी गोल से टीम का मनोबल बढ़ा होगा।

# भारत की हुंकार के सामने क्या कीवी कर पाएंगे पलटवार

## टी-20 विश्व कप की खिताबी टक्कर कल : दोनों टीमें धमाकेदार बल्लेबाजी से पहुंची हैं फाइनल में

मनीष श्रीवास्तव, खेल डेस्क

**अमृत विचार।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को टी-20 विश्व कप-2026 का महामुकाबला खेला जाएगा। भारत ने इंग्लैंड और न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर फाइनल में जगह बनाई है। भारतीय टीम पर जहां खिताब का बचाव करने का दबाव है, वहीं कीवी टीम पहली बार टी-20 विश्व कप जीतने के लिए पूरा जोर लगाएगी।

ऐसे में जीत उसी की होगी जिसकी रणनीति अचूक होगी। दोनों टीमों के पास बल्लेबाजी और गेंदबाजी में 'ब्रह्मास्त्र' के साथ कुछ चुनौतियां भी हैं, लेकिन जहां तक मैच का पासा पलटने वाले जज्बे और प्रदर्शन की बात है, तो भारतीय टीम को फेवरेट माना जा रहा है।

सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने एकतरफा मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को धूल चटाई थी, जबकि भारत को इंग्लैंड पर जीत हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा था। इंग्लैंड को आखिरी तीन ओवर में जीत के लिए 45 रनों की जरूरत थी। जैकब बेथेल 42 गेंद में 94 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे और सैम करन उनका साथ दे रहे थे। तब ऐसा लग रहा था मानो बेथेल भारत को फाइनल में नहीं पहुंचने देंगे, लेकिन जसप्रीत बुमराह ने वह कर दिखाया जिसके लिए उन्हें जाना जाता है। उन्होंने 18वें ओवर में महज 6 रन दिए।

इससे इंग्लैंड के लिए आखिरी दो ओवर में 39 रन बनाना आसान नहीं रह गया, वह भी तब जब उसके पांच बल्लेबाज आउट हो चुके थे। इसके बाद रही सही कसर हार्दिक पंड्या ने अगले ओवर में महज 9 रन देकर पूरी कर दी। इस तरह भारत की जीत के असली हकदार बुमराह ही रहे, जिन्होंने चार ओवर में महज 33 रन देकर कप्तान हैरी ब्रूक का विकेट भी लिया।

**बल्लेबाजी चमकी, गेदबाजी कमजोर कड़ी :** भारतीय टीम की सबसे बड़ी मजबूती उसकी निडर बैटिंग अप्रोच है। अक्षर पटेल तक लंबी हिट लगा सकते हैं। लेकिन बुमराह को छोड़कर अन्य गेंदबाज घातक नहीं नजर आ रहे हैं। ऐसे में फाइनल में टीम इंडिया को कीवी टीम की सलामी जोड़ी फिन एलन, टिम सेफर्ट के अलावा मिचेल से सावधान रहने के साथ स्पिन चक्रव्यूह भी तोड़ना होगा, जो कप्तान सैंटनर, सचिन रवींद्र, फिलिप्स, ईश सोढ़ी की अगुवाई में बढ़िया प्रदर्शन कर रहा है।

### इतिहास बदलने का मौका

भारत ने आखिरी बार किसी आईसीसी फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को साल 2000 में चैंपियंस ट्रॉफी में हराया था। इसके बाद से 2021 की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल समेत हर बड़े खिताबी मौके पर कीवी टीम भारी पड़ी है। टी-20 वर्ल्ड कप में भारत आज तक न्यूजीलैंड को एक बार भी नहीं हरा पाया है। 2007, 2016 और 2021 की हार के बाद इस बार भारत के पास इतिहास बदलने का सुनहरा मौका है।





अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल मुकाबले से पहले अभ्यास करते न्यूजीलैंड के खिलाड़ी कोल मकौंकी (दाएं से दूसरे), लॉकी फर्ग्यूसन (दाएं से दूसरे), जैकब डफी (बाएं से दूसरे)। एजेंसी

### छठे गेंदबाज को लेकर चिंता

सेमीफाइनल में 20वें ओवर में जब इंग्लैंड को जीत के लिए 30 रन चाहिए थे तब कप्तान सूर्यकुमार के सामने सबसे बड़ी चुनौती थी कि गेंद किससे कराई जाए। अर्शदीप, बुमराह और हार्दिक का कोटा पूरा हो चुका था। अक्षर पटेल या शिवम दुबे का ही विकल्प बचा था। शिवम दुबे ने आखिरी ओवर की पहली गेंद पर बेथेल को आउट तो किया, पर आर्चर ने आखिर तीन गेंदों पर तीन छक्के जड़कर जीत का अंतर महज 7 रन कर दिया। शिवम दुबे ने इस ओवर में 22 रन दिए। इससे पहले जिम्बाब्वे के खिलाफ उन्होंने दो ओवर में 46 रन खर्च कर दिए थे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनके दो ओवर में 32 रन बने थे।

### वरुण और अभिषेक पर रहेगा दबाव

फाइनल से पहले भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता वरुण चक्रवर्ती हैं, जिन्होंने इंग्लैंड के सामने चार ओवर में 64 रन दे दिए। बेथेल ने उनके पहले ओवर में ही तीन छक्के जड़ दिए थे। सेमीफाइनल से पहले पिछले दो मैचों में भी वरुण ने 8 ओवर में 87 रन खर्च किए हैं। उनके अलावा टीम इंडिया के लिए दूसरी बड़ी चिंता अभिषेक शर्मा का खराब फॉर्म है। सेमीफाइनल में उनके बल्ले से सिर्फ 9 रन ही निकले। उन्होंने अब तक 7 पारियों में 89 रन ही बनाए हैं, जिसमें जिम्बाब्वे के खिलाफ 55 रन की पारी शामिल है। अभिषेक के आउट ऑफ फॉर्म होने से एक बार भी भारत टूर्नामेंट में 50 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप नहीं कर पाया है।



कप्तान सूर्यकुमार यादव फाइनल मैच से पहले टीम के साथ शुक्रवार को अहमदाबाद में सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचे। एजेंसी

### फाइनल में भी मैच विजेता पारी खेलना चाहते हैं सैमसन

**मुंबई।** पिछले दो मैच में शानदार पारियां खेलकर भारत को टी-20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले संजू सैमसन न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले खिताबी मुकाबले में भी मैच विजेता पारी खेलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 97 रन बनाकर भारत को सेमीफाइनल में पहुंचाया और इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम चार के मुकाबले में 89 रन की शानदार पारी खेली। सैमसन ने कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्होंने भारत को अहमदाबाद में होने वाले फाइनल में जगह दिलाने में अपना योगदान दिया। सैमसन ने इंग्लैंड के खिलाफ सात रन से जीत के बाद पत्रकारों से कहा बहुत अच्छा लग रहा है और यह राहत भरा अहसास है। मैं वास्तव में कुछ वर्षों से अपने देश के लिए ऐसा कुछ करने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने कहा मैं पूरे धैर्य, कड़े अभ्यास और मानसिक रूप से मजबूत बनकर इंतजार कर रहा था। निश्चित रूप से मुझे खुशी है लेकिन मुझे लगता है कि अभी हमारा काम खत्म नहीं हुआ है। हमें अभी एक कदम और आगे बढ़ाना है और अगर हम उसमें सफल रहे तो सब कुछ सार्थक हो जाएगा। एक और मैच विजेता पारी वाकई बहुत अच्छी रहेगी। सैमसन ने सात छक्के और आठ चौके लगाकर केवल 42 गेंदों में 89 रन बनाए जिससे भारत ने सात विकेट पर 253 रन बनाए। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपनी लय बनाए रखने के लिए कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली गई अपनी 97 रन की नाबाद पारी को श्रेय दिया। उन्होंने कहा पिछली पारी ने निश्चित रूप से इस पारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मैं गेंद को बहुत अच्छी टाइमिंग से हिट कर रहा था और अच्छे निर्णय ले रहा था। मैंने सोचा कि अगर आप फॉर्म में हैं, तो आपको इस मैच में भी अपनी टीम के लिए योगदान देना चाहिए। यह वास्तव में मेरे जीवन के सबसे अच्छे पलों में से एक है। सैमसन ने कहा कि आईपीएल सहित कई टी20 मैच खेलने के अनुभव से वह परिपक्त बन गए हैं।

# संजू की चमकी किस्मत और अभिषेक का डूबा सितारा

अहमदाबाद, एजेंसी





- टूर्नामेंट शुरू होने से पहले अभिषेक की हो रही वाहवाही बदली आलोचना में
- संजू सैमसन के करियर पर उठ रहे थे सवाल, अब सभी कर रहे गुणगान

अभिषेक शर्मा की खराब फार्म को लेकर जताई जा रही चिंता अब खुलकर आलोचना में बदल गई है, लेकिन इसके बावजूद पूरी संभावना है कि वह टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले फाइनल में अंतिम एकादश बने रहेंगे क्योंकि भारत जीत हासिल करने वाली अपनी टीम में बदलाव नहीं करना चाहता है। इस टूर्नामेंट में भारत के दो सलामी बल्लेबाजों की किस्मत एकदम से विपरीत रही।

जब प्रतियोगिता शुरू हुई तो अभिषेक को शीर्ष क्रम में मजबूत आधार माना जा रहा था जबकि संजू सैमसन के स्थान को लेकर सवाल बने हुए थे और कहा जा रहा था कि यह प्रतियोगिता उनके करियर के लिए निर्णायक साबित हो सकती है। लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाफ सुपर आठ के करो या मरो वाले मुकाबले ने परिस्थितियों में काफी बदलाव कर दिया है। सैमसन ने पिछले दो मैच में शानदार प्रदर्शन किया जिससे अब सभी का ध्यान अभिषेक की फॉर्म पर केंद्रित हो गया है। इस बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज को पूरे टूर्नामेंट में लय हासिल करने में काफी संघर्ष करना पड़ा है। अपने पिछले छह मैचों में उन्होंने क्रमशः 0, 0, 0, 15, 10 और 9 रन बनाए हैं। जिम्बाब्वे के खिलाफ अर्धशतक को छोड़कर उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। इंग्लैंड के खिलाफ मैच के बाद सैमसन ने कहा हम अपने सभी खिलाड़ियों का ध्यान रख रहे हैं। जीजी (मुख्य कोच गौतम गंभीर) भाई और सूर्या (कप्तान सूर्यकुमार) को अभिषेक पर पूरा भरोसा है।

### सैमसन 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' की दौड़ में

**दुबई।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शानदार फॉर्म में चल रहे भारतीय सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन का नाम उन आठ खिलाड़ियों में शामिल किया है जिन्हें टी20 विश्व कप के ''प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट'' के लिए नामित किया गया है। जिन अन्य खिलाड़ियों को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है उनमें इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स, पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान, दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी और कप्तान एडन मार्क्रम, न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रविंद्र और बल्लेबाज टिम सीफर्ट और अमेरिकी गेंदबाज शैडली वैन शाल्कविक शामिल हैं।

सैमसन को टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में खेलने का मौका नहीं मिला था लेकिन पिछले दो मैच में उन्होंने शानदार पारियां खेली हैं।

# मानसिक रूप से मजबूत सैमसन अब हो चुका परिपक्व : शास्त्री

मुंबई, एजेंसी



भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने संजू सैमसन के मानसिक दृढ़ता की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस अनुभवी बल्लेबाज ने मौजूदा टी-20 विश्व कप में प्रदर्शन में निरंतरता और बेहतर शॉट चयन की जरूरत को समझते हुए अपनी परिपक्वता साबित कर दी है।

सलामी बल्लेबाज सैमसन ने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 42 गेंदों में 89 रन बनाकर भारत को गुरुवार को सात रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इससे पहले उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 97 रन बनाकर भारत को जीत दिलाई थी।

शास्त्री ने 'द आईसीसी रिव्यू' में कहा मुझे लगता है कि आखिरकार उन्हें यह अहसास हो रहा है और वह इस बात को स्वीकार कर रहे हैं कि उन्हें अपने प्रदर्शन में अधिक निरंतरता की जरूरत है। उन्हें अपने शॉट चयन में अधिक समझदारी दिखानी होगी और अपने मजबूत पक्षों पर भरोसा करना होगा। संजू के साथ दिक्कत यह है कि उनके पास हर तरह के शॉट हैं, लेकिन एकाग्रता में कमी है। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि वह मानसिक रूप से मजबूत हो गया है। जब से वह टीम में आया है तब से किसी ने भी उसकी काबिलियत या प्रतिभा पर शक नहीं किया। लोग इस बात से निराश हैं कि उनके प्रदर्शन में अब तक जो निरंतरता दिखनी चाहिए थी वह नहीं दिख रही है। लेकिन अब वह परिपक्व हो गया है। फाइनल भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को अहमदाबाद में खेला जाएगा। सैमसन के सलामी जोड़ीदार अभिषेक शर्मा की फॉर्म फाइनल से पहले भारत के लिए चिंता का विषय है। अभिषेक टी20 विश्व कप में सात पारियों में केवल 89 रन ही बना पाए हैं, लेकिन शास्त्री का मानना है कि भारत को टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज को ही मौका देना चाहिए।

शास्त्री ने कहा मुझे लगता है कि उन्हें टीम में बनाए रखना चाहिए। टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है और उसमें किसी तरह के बदलाव की जरूरत नहीं है। टीम को अपनी क्षमता, अपने मजबूत पक्षों पर भरोसा करना चाहिए। उसे बेखौफ होकर खेलना चाहिए।

# मेसी ने ट्रंप को भेंट की रत्नजड़ित फुटबॉल

वाशिंगटन, एजेंसी



दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने पिछले साल मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप जीतने पर इंटर मियामी को सम्मानित करने के लिए व्हाइट हाउस में आयोजित एक समारोह के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रत्नजड़ित गुलाबी फुटबॉल भेंट की।

इंटर मियामी ने दिसंबर में वैंकूवर व्हाइटकैप्स को हराकर मेजर लीग सॉकर का खिताब जीता था। अर्जेंटीना के सुपरस्टार मेसी को लगातार दूसरे सत्र में सबसे मूल्यवान खिलाड़ी (एमवीपी) चुना गया था। ट्रंप ने कहा लियो (मेसी) आप टीम से जुड़े और आपकी टीम ने जीत हासिल की। आपके लिए अच्छा प्रदर्शन करना आसान नहीं था। सच कहूं तो आप पर जितना दबाव था, उतना किसी को पता भी नहीं होगा, क्योंकि उम्मीद की जा रही थी कि आप जीत दिलाने में सफल रहेंगे और आपने ऐसा किया। मेसी ने ट्रंप के साथ समारोह में प्रवेश किया। वर्ष 2023 में मियामी से जुड़ने वाले मेसी ने कार्यक्रम के दौरान भाषण नहीं दिया। ट्रंप ने मेसी को संबोधित करते हुए कहा आप दुनिया में कहीं भी जा सकते थे। आप दुनिया की कोई भी टीम चुन सकते थे, लेकिन आपने मियामी को चुना। मैं आपका आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि आपने हम सभी को इस सफर में शामिल किया। आप प्रतिभाशाली और एक बेहतरीन इंसान हैं।

### भारत के पास हर नंबर पर बेहतरीन बल्लेबाज : ब्रूक



**मुंबई।** इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रुक ने जसप्रीत बुमराह की जमकर तारीफ करते हुए भारत के इस तेज गेंदबाज को वर्तमान समय का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज करार दिया। बुमराह ने टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल के आखिरी ओवरों में सटीक यॉर्करों की बौछार से इंग्लैंड के बल्लेबाजों को हतप्रभ कर दिया। ब्रूक ने कहा उनको हराना आसान नहीं है। उनके पास हर नंबर पर बहुत अच्छे बल्लेबाज हैं। उनके पास कुछ बेहद अच्छे बल्लेबाज हैं और वे सटीक शॉट लगाते हैं। अगर आप थोड़ा सा भी चूक जाते हैं, तो छक्का या चौका लग जाता है। दुर्भाग्य से हमने उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं किया जितना हम कर सकते थे।

खुशी के पल

बोले– मुझे लगा कि पूरे मैच के दौरान गेंद कर रही थी मेरा पीछा

# ब्रूक का कैच लेकर आनंद आया : अक्षर पटेल

मुंबई, एजेंसी



भारतीय उप कप्तान अक्षर पटेल ने टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड की सात रन की रोमांचक जीत में बेहतरीन क्षेत्ररक्षण का शानदार नमूना पेश किया और उन्होंने कहा कि इस पूरे मैच के दौरान ऐसा लग रहा था मानो गेंद उनका पीछा कर रही हो।

भारत में सेमीफाइनल में पहुंचने से पहले 13 कैच छोड़े थे लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ उसके क्षेत्ररक्षकों ने अच्छा प्रदर्शन किया।

अक्षर पटेल ने खेल के दो अलग-अलग लेकिन महत्वपूर्ण चरणों में खतरनाक हैरी ब्रुक और विल जैक्स को आउट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अक्षर ने कवर पोजीशन से 24 मीटर पीछे दौड़कर शानदार कैच लेकर ब्रूक को पवेलियन भेजा। इसके बाद अर्शदीप सिंह की वाइड फुल टॉस गेंद को जैक्स ने डीप पॉइंट की ओर खेला। अक्षर ने अपनी बाईं ओर दौड़कर गेंद को लपका लेकिन सीमा रेखा पर संतुलन नहीं बना पाने के कारण उन्होंने उसे शिवम दुबे की तरफ उछाल दिया। अक्षर ने कहा, ''''जब मैंने हैरी ब्रूक का कैच लिया तो वह बहुत अच्छा कैच था। वह मुश्किल कैच था। लेकिन अगर आप मैच की स्थिति और इंग्लैंड के बल्लेबाजों की बल्लेबाजी को देखें तो विल जैक्स का कैच बहुत महत्वपूर्ण था जिससे उनकी साझेदारी टूट गई। उन्होंने कहा, अगर आप मुझसे फील्डिंग के लिहाज से पूछें तो हैरी ब्रूक का कैच ज्यादा मुश्किल था। (हंसते हुए) आज मुझे लगा कि गेंद मेरा पीछा कर रही है। अक्षर ने तब जैक्स को आउट करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया जब वह जैकब बेथेल के साथ मिलकर साझेदारी निभा रहे थे। अक्षर को बीच में दो मैच में बाहर रखा गया लेकिन इस ऑलराउंडर को पूरा भरोसा है कि वह फाइनल में खेलेंगे।

उन्होंने कहा मुझे लगता है इसीलिए मैंने वे दो मैच नहीं खेले (क्योंकि मुझे फाइनल खेलना था)। यह मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जिसका मैं इतने वर्षों से इंतजार कर रहा था कि आप अपने परिवार के सामने घरेलू मैदान पर मैच खेलें। यह बहुत गर्व का क्षण होता है। मेरा बेटा पहली बार मुझे मैदान पर खेलते हुए देखेगा और यह कुछ ऐसा है जिस पर मुझे बहुत गर्व है।

### अक्षर भारत के महानतम खिलाड़ियों में शामिल होने की राह पर : गावस्कर

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि अक्षर पटेल क्रिकेट के हर विभाग में अपने शानदार कौशल और क्रिकेट की बहुत अच्छी समझ रखने के कारण भारत के महानतम खिलाड़ियों में से एक बनने की राह पर हैं जिसकी एक बानगी इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में देखने को मिली जिसमें उन्होंने अपनी शानदार फील्डिंग से प्रभावित किया। अक्षर ने खेल के दो अलग-अलग पर महत्वपूर्ण चरणों में खतरनाक हैरी ब्रूक और विल जैक्स को आउट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अक्षर ने कवर पोजीशन से 24 मीटर पीछे दौड़कर शानदार कैच लेकर ब्रूक को पवेलियन भेजा। इसके बाद अर्शदीप सिंह की वाइड फुल टॉस गेंद को जैक्स ने डीप पॉइंट की ओर खेला। अक्षर ने अपनी बाईं ओर दौड़कर गेंद को लपका लेकिन सीमा रेखा पर संतुलन नहीं बना पाने के कारण उन्होंने उसे शिवम दुबे की तरफ उछाल दिया। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा अक्षर ने ब्रूक का जो कैच लिया वह अविश्वसनीय था। ब्रूक मैच का रुख बदल सकते हैं और उनका विकेट हासिल करने का हर मौका भुनाना चाहिए। अक्षर ने वही किया। वह 24 मीटर दौड़े, गेंद पर नजर रखी, खुद पर नियंत्रण बनाए रखा और कैच लपक लिया। अविश्वसनीय। उन्होंने कहा विल जैक्स को आउट करने में भी उन्होंने अहम भूमिका निभाई। बेथेल और जैक्स की साझेदारी मैच को इंग्लैंड के पक्ष में कर रही थी। पर अक्षर ने गेंद पकड़ी और चतुराई दिखाकर उसे शिवम दुबे के पास पहुंचा दिया। इससे उनकी क्रिकेट की समझ और अच्छी सूझबूझ का पता चलता है। आपकी सूझबूझ और जज्बा ही महान खिलाड़ियों को अन्य खिलाड़ियों से अलग करता है।